वर्ष-31, अंक- 329, पृष्ठ-12 | आश्विन कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार
15 सितंबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ कल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी बुधवार (17 सितंबर) को 8वें पोषण माह के साथ-साथ 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह पूरे देश में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवा और पोषण सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। इस पहल का नेतृत्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय संयुक्त रूप से कर रहे हैं। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य, पोषण, तंदुरुस्ती और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है।

### असम समेत उत्तर-पूर्व के राज्यों में लगे भूकंप के तेज झटके

**दिसपुर (आईएएनएस)।** असम समेत उत्तर-पूर्व भारत में रविवार की शाम को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.6 आंकी गई और इसका केंद्र असम के उदलपुरी के पास था। असम के साथ-साथ उत्तर-पूर्व के राज्यों जैसे मेघालय, नागालैंड और मणिपुर के कुछ हिस्सों में भी झटके महसूस हुए। भूकंप के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। उत्तर-पूर्व भारत के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस करते ही लोगों में हड़कंप मच गया, लेकिन थोड़ी देर में स्थिति सामान्य हो गई। धरती हिलते ही लोग अपने घरों से निकलकर खुले आसमान के नीचे आ गए।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




### सुरक्षाबलों और टीएसपीसी के उग्रवादियों के बीच पलामू के सिलदिलिया जंगल में घंटों चली मुठभेड़

# पलामू में पांच लाख का इनामी उग्रवादी मुखदेव यादव ढेर

- सब-जोनल कमांडर मुखदेव की मौके पर ही मौत
- इंसास रायफल, पिस्तौल समेत कई सामान बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों को पलामू जिले में बड़ी सफलता मिली है। शनिवार की रात मनातू थाना क्षेत्र के सिलदिलिया खुर्द, पंचरुखिया और गौरवाटांड़ के जंगलों में कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और जिला बल की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) का सब-जोनल कमांडर मुखदेव यादव उर्फ तूफान जी मारा गया। मुखदेव यादव पर सरकार ने पांच लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

इस संबंध में पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि टीएसपीसी के शीर्ष उग्रवादी शशिकांत गंझू उर्फ आरिफ (जोनल कमांडर), मुखेदव यादव उर्फ तूफान जी (सब-जोनल कमांडर) और डॉ नगीना सिंह (सब-जोनल कमांडर) अपने 5-6 हथियारबंद साथियों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही कोबरा की ए/सी 209 इकाई, झारखंड जगुआर के असाल्ट ग्रुप 36 व 17, तथा पलामू जिला बल के साथ एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार और निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी के नेतृत्व में अभियान शुरू हुआ। जब सुरक्षाबल मनातू थाना क्षेत्र के घने जंगलों में पहुंचे, तो छिपे उग्रवादियों ने पुलिस दल को लक्ष्य कर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने पहले चेतावनी दी, लेकिन गोलीबारी जारी रहने पर आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की गई। कुछ देर की भीषण मुठभेड़ के बाद गोलीबारी थमी। इसके बाद जब जंगल में तलाशी ली गई, तो एक उग्रवादी का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान मुखदेव यादव उर्फ तूफान जी के रूप में हुई। मृत उग्रवादी के पास से भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

सुरक्षाबलों ने इस कार्रवाई में साहस, संयम और रणनीतिक चतुराई का परिचय दिया। अब अभियान और तेज किया जाएगा, ताकि बचे हुए नक्सली एवं उग्रवादी गुटों का भी समूल नाश किया जा सके।



### अपने गढ़ में ही मारा गया मुखदेव यादव

पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के मिटार गांव निवासी मुखदेव यादव एक कुख्यात उग्रवादी था। जानकारी के अनुसार, मुखदेव को हाल के दिनों में टीएसपीसी में बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी। मुखदेव शशिकांत के लिए लेवी वसूलता था एवं हथियार की डील करता था। विगत तीन सितंबर को मनातू थाना क्षेत्र के केदल जंगल में हुए मुठभेड़ में मुखदेव यादव भी शामिल था, जिसमें दो जवान शहीद हुए थे। वहीं, मुखदेव यादव अपने घर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही मारा गया है। जिस इलाके में मुठभेड़ हुई है, वह मुखदेव यादव का गढ़ माना जाता है और उसी इलाके में वह सक्रिय था। मुखदेव के खिलाफ पलामू और चतरा जिले के विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास, पुलिस पर हमला, फिरौती, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस, वन अधिनियम, और यूएपीए जैसी धाराएं शामिल हैं। वह चतरा जिले के कुंदा एवं प्रतापपुर और पलामू के मनातू, तरहसी, छतरपुर, पड़वा सहित कई थाना क्षेत्रों में सक्रिय था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस कई बार छापेमारी कर चुकी थी, लेकिन हर बार वह बच निकलता था। इस मुठभेड़ में उसका अंत हो गया।

### नक्सली-उग्रवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें : एसपी



पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि यह कार्रवाई झारखंड पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे क्षेत्र में नक्सल और उग्रवादी गतिविधियों पर लगाम लगेगी। साथ ही, उन्होंने शेष नक्सलियों एवं उग्रवादियों को मुख्यधारा में लौटने और आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेने की अपील की।

### बरामद सामान

1. 5.56 इंसास रायफल : 01
2. पिस्तौल : 01
3. इंसास का मैगजीन : 03
4. कारतूस : 146
5. पोच : 02
6. खोखा : 03
7. वॉकी टॉकी : 01
8. दैनिक खाने-पीने एवं उपयोग की वस्तुएं।

## उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के सचिव नियुक्त किए गए अमित खरे

- झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 1985 बैच के आईएएस व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अमित खरे (सेवानिवृत्त) को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का सचिव नियुक्त किया है। अमित खरे झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं। वे बिहार के कुख्यात चारा घोटाले का पदार्फाश करने में अपनी भूमिका के लिए भी विशेष रूप से जाने जाते हैं। रविवार को अमित खरे की नियुक्ति को मंजूरी दी गई है। ज्ञात हो कि सीपी राधाकृष्णन ने विगत शुक्रवार (12 सितंबर) को भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। उपराष्ट्रपति होने के नाते सीपी राधाकृष्णन राज्यसभा के सभापति भी हैं। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के सचिव अमित खरे की नियुक्ति, सचिव स्तर के पद और वेतनमान पर अनुबंध के आधार पर तीन वर्षों के लिए होगी। नियुक्ति की गणना कार्यभार संभालने की तिथि से होगी। अमित खरे 12 अक्टूबर 2021 से प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में कार्यरत थे, जहां वे सामाजिक क्षेत्र से जुड़े मामलों को देखते थे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। वे केंद्र में शिक्षा मंत्रालय में रहे हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस दौरान उन्होंने यूनेस्को, शिक्षा नीति, पुस्तक प्रोत्साहन और कॉपीराइट जैसे विषयों को संभाला। वहीं, वे झारखंड सरकार में भी रहे हैं। वे सचिव, एचआरडी, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय, विकास आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, वित्त-परियोजना विभाग के पद पर रह चुके हैं।

### एनईपी 2020 की कोर टीम के सदस्य रहे हैं

अमित खरे ने विभिन्न विभागों में रहते हुए प्री-बजट परामर्श, परफॉर्मेंस बजटिंग, जेंडर बजटिंग, सेक्टोरल बजटिंग, वित्तीय समावेशन, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और विभिन्न केंद्रीय व राज्य योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे कई सुधार लागू किए। उन्होंने भारत सरकार में सचिव स्तर की भूमिकाएं निभाई हैं। वह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में रहे। इसके अलावा, उन्होंने स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और उच्च शिक्षा विभाग को संभाला। वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के निर्माण और क्रियान्वयन में कोर टीम के सदस्य भी रहे। अमित खरे सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली से स्नातक हैं। इसके बाद उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद से पोस्ट ग्रेजुएशन (एमबीए) किया।

## हार्ट सेंटर सेवा सदन में 16 वर्षीय युवक के जटिल हृदय रोग का हुआ सफल शल्य चिकित्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अत्यन्त विलक्षण शल्य कौशल एवं चिकित्सकीय प्रगति का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, 16 वर्ष के धीरज कुमार [पिताः दुर्गा प्रजापति, बोकारो] की सेवा सदन के हार्ट सेंटर में टेट्रालोजी आफ फैलोट – एक कठिन और जन्मजात हृदय दोष – की सफल शल्य क्रिया की गई। रोगी जन्म से ही इस रोग के साथ जी रहा था। यद्यपि टीओएफ सुधार के लिए उचित समय शैशवावस्था या प्रारम्भिक बाल्यकाल होता है, किन्तु देर से पहचान तथा विशेष देखभाल की सीमित सुविधा उपलब्ध होने के कारण रोगी वर्षों तक बिना उपचार के रहा। टेट्रालोजी ऑफ फैलोट चार हृदय दोषों का समूह है, जो हृदय की संरचना को प्रभावित कर शरीर में आक्सीजन की कमी उत्पन्न करता है। सामान्य लक्षणों में नीलापन, श्वास में कठिनाई और विकास में अवरोध सम्मिलित हैं। समय पर उपचार न होने पर यह स्थिति जीवन की गुणवत्ता को अत्यन्त घटा सकती है और आयु को कम कर सकती है। प्रसिद्ध हृदय-छाती शल्य चिकित्सक डॉक्टर प्रशांत दास के नेतृत्व में चिकित्सक दल एवं एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉ विक्रांत जयसवाल ने लगभग चार घंटे तक चली जटिल हृदय शल्य क्रिया सम्पन्न की। इस प्रक्रिया में बड़े असामान्य छिद्र (हृदय के निचले कक्षों के बीच) को बन्द करना, दाहिने भाग की मार्ग रुकावट को दूर करना तथा फुफ्फुस धमनी और फुफ्फुस वाल्व का आकार बढ़ाना सम्मिलित था। डॉक्टर प्रशांत दास ने कहा – "यह मामला फेफड़े के संक्रमण के कारण विशेष रूप से कठिन था। किन्तु सूक्ष्म योजना और दल-कार्य के साथ शल्य क्रिया सफल रही। रोगी उत्तम प्रकार से स्वस्थ हो रहा है और निकट भविष्य में सामान्य जीवन जीने की सम्भावना है।" इस शल्य क्रिया की सफलता केवल चिकित्सकीय उपलब्धि नहीं है, अपितु शीघ्र पहचान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा तक पहुँच के महत्व का एक उदाहरण है,विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ जन्मजात हृदय रोग प्रायः बिना पहचाने रह जाते हैं।

## टीम तुलसी पटेल ने व्यवसायियों से मांगा समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल ने रामगढ़, गुमला एवं लोहरदगा के व्यवसायियों से संपर्क साधा। टीम के सदस्यों ने रामगढ़ चैंबर के सदस्यों के संग बैठक की और चैंबर के हित में उठाए जाने वाले कदम की जानकारी दी। अपनी चुनावी एजेंडा का साझा करते हुए रामगढ़ चैंबर के सदस्यों से समर्थन मांगा। वहीं, टीम ने गुमला एवं लोहरदगा जिले का दौरा कर सदस्यों से मुलाकात की और अपने पक्ष में मतदान करने आग्रह किया। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तुलसी पटेल ने कहा कि झारखंड के व्यापारी और उद्योगपति राज्य की आर्थिक प्रगति की रीढ़ हैं। हमारी टीम का दायित्व है कि वह उनकी समस्याओं के समाधान और व्यापारिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए ठोस पहल करे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि टीम तुलसी पटेल व्यापारी समाज की आवाज को न केवल मजबूती से उठाएगी बल्कि उसे परिणाम तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स सिर्फ एक संस्था नहीं है, बल्कि यह राज्य के लाखों व्यापारियों और उद्योगपतियों की आवाज़ और शक्ति है। आज हम सब यहां एक संकल्प लेकर खड़े हैं कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान सिर्फ चर्चा तक सीमित न रहे, बल्कि उसका ठोस हल निकले। रामगढ़ चैंबर से विनय कुमार अग्रवाल, अमित कुमार सिन्हा, गोविंद लाल अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, मुकेश प्रसाद, जोगेंद्र सिंह, कमल किशोर अग्रवाल, कपिल कपूर, राजेश कुमार अग्रवाल, गुमला जिला में महेश साहू, शुभांशु काचेला, राजेश सिंह, हिमांशु काचेला, विनय लाल, संजय पटेल, हरजीत सिंह स्विंकी, सोनू मक्कड़, मनप्रीत सिंह, सत्यनारायण पटेल, लोहरदगा से प्रवीण सिंह, रितेश साहू, राजेश कुमार महतो, कुमार सौरभ, गुप्तेश्वर गुप्ता, गुड्डन सिंह, उपेंद्र प्रसाद, प्रवीण पटेल समेत अन्य सदस्यों ने तुलसी पटेल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया।

### साहित्य संस्कृति मंच की गोष्ठी 5 अक्टूबर को

**रांची।** झारखंड हिन्दी साहित्य संस्कृति मंच की कार्यकारिणी की बैठक में शारदीय नवरात्र को देखते हुए 25 सितम्बर को हनुमान सरावगी के जन्मदिवस पर होनेवाली काव्यगोष्ठी को स्थगित 5 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक विनय सरावगी, सचिव बिनोद सिंह गहरवार, कोषाध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा 'बादल', कार्यकारिणी सदस्य असित कुमार, डॉ सुरिन्दर कौर 'नीलम', डॉ गीता सिन्हा 'गीतांजलि', कामेश्वर कुमार सिंह 'कामेश', मुक्ति शाहदेव संयोजिका ममता मनीष सिन्हा शामिल उपस्थित थे।

## आज से 17 सितंबर तक भारी बारिश व वज्रपात की चेतावनी

- मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मौसम विभाग ने 15 से 17 सितंबर 2025 तक झारखंड के कई हिस्सों में वज्रपात के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस संबंध में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, रविवार को रांची में भारी बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र और सक्रिय मानसून ट्रफ लाइन के कारण बारिश की तीव्रता बढ़ सकती है। विश्वकर्मा पूजा के दिन (17 सितंबर) भी भारी बारिश की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 सितंबर को सिमडेगा, खूंटी, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, देवघर, साहिबगंज, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और धनबाद जिलों में भारी बारिश और वज्रपात हो सकता है। 16 सितंबर को हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज बारिश की संभावना है। वहीं, 17 सितंबर को चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में भारी वर्षा की संभावना है।

**क्या है ट्रफ लाइन :** ट्रफ लाइन एक निम्न दबाव का क्षेत्र होता है, जो हवाओं के मिलने से बनता है और मौसम में बदलाव लाता है। हिंदी में इसे द्रोणिका कहते हैं। यह रेखा अक्सर हवाओं को खींचती है और बादलों व बारिश को जन्म देती है। मानसून के मौसम में यह पाकिस्तान से बंगाल की खाड़ी तक फैली एक लंबी रेखा के रूप में दिखती है। यह नमी को खींचकर भारत में बारिश कराती है।



### बुढ़मू में वज्रपात से दो लोगों की मौत

**बुढ़मू।** रांची जिले के बुढ़मू प्रखंड क्षेत्र में रविवार को जोरदार बारिश हुई। बारिश के दौरान वज्रपात भी हुआ, जिसकी चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। मृतक 52 वर्षीय बालगोविंद महतो (पिता समल महतो) और 60 वर्षीय उदय नाथ महतो (पिता राम लाल महतो) बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार, शाम को लगभग 5 बजे हेसलपीरी निवासी बालगोविंद महतो और उदय नाथ महतो बैल-बकरी की चरवाही कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जोरदार वर्षा होने लगी। इसी बीच, दोनों वज्रपात की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

## इंडिया

## विदेशी भाषाओं में पढ़े डॉक्टर स्वीकार्य तो हिंदी में क्यों नहीं?



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

अंग्रेजी व चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिंदी विश्व में एक सौ करोड़ से अधिक लोगों की सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान, फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद में लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। चीन, फ्रांस, रूस,ईरान, यूक्रेन, नेपाल जैसे देशों में वहां की भाषा में मेडिकल की पढ़ाई करने वाले भारत में हैं पर हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई का विरोध भारतीय ही क्यों करते हैं ? 2022 में मध्य प्रदेश में हिंदी में चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई को बढ़ावा और छूट देकर पहल की है पर देश में हिंदी एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने से हम कोसों दूर हैं। इसके पीछे विदेशी को श्रेष्ठ और देशी को हेय समझनेवाली गुलाम मानसिकता है। मेडिकल की पढ़ाई के बाद चिकित्सक का पूरा जीवन मरीजों की देखरेख में बीतता है उसमें अपना संवाद स्थानीय या मातृभाषा में ही करते हैं। देश के बहुत बड़े अस्पतालों में भी अंग्रेजी में बातचीत करने वाले रोगी बहुत ही कम हैं पर ब्रिटिश औपनिवेशक साम्राज्य का दंभ अब भी चिकित्सा शिक्षा में अपना प्रभुत्व बनाए हुए है। दक्षिणी राज्यों में हिंदी का विरोध है पर अंग्रेजी के आधिपत्य को कम से कम चिकित्सा शिक्षा से कम करने के लिए कुछ नहीं किया जाता जबकि उनकी भी ग्रामीण आबादी अंग्रेजी नहीं जानती । भारत में चिकित्सा शिक्षा को अंग्रेजी में देना ही क्यों आवश्यक है जबकि तकनीकी शब्दावली आसानी से उपलब्ध है ? राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं वर्तमान सरकार की मंशा स्थानीय भाषाओं को प्रोन्नत करने की है। ग्रामीण अंचल से आने वाले और 12 वीं तक की शिक्षा हिंदी या स्थानीय भाषा में लेने वाले छात्र यकायक अंग्रेजी आच्छादित वातावरण में खुद को असहज पाते हैं और कई तो भाषा की विवशता के कारण प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाते हैं। उन में हीन भावना भी पैदा हो जाती है। कई बार छात्रों को शिक्षक महत्व नहीं देते साथी उपहास तक उड़ा देते हैं।एआई के युग में अंग्रेजी में ही चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के पीछे शासन की मजबूरियां समझ से परे हैं। मध्य प्रदेश में शासन की पहल पर लगभग सभी किताबों का हिंदी में अनुवाद कर दिया गया है और हिंदी माध्यम से चिकित्सा शिक्षा हासिल करने पर शुल्क में भी छूट दी जा रही है। इसके लिए न तो अतिरिक्त अधोसंरचना और न ही उत्तर पुस्तिका जांचने वाले शिक्षकों को अतिरिक्त ज्ञान देने की जरूरत है। यूनिसेफ के एक अध्ययन के अनुसार लगभग तीन चौथाई छात्र अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त अन्य भाषा में प्रदत्त ज्ञान को पूर्णता के साथ नहीं समझ पाते। चिकित्सा शिक्षा में तो यह इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि विषय के मूल को स्पष्टता से समझना, प्रचलित एवं विद्यमान बीमारियों के विकल्प में से सही कारण को ढूंढ पाना आवश्यक होता है। यह तब ही संभव हो पाता है, जब मरीज व चिकित्सक के मध्य संवाद प्रभावी एवं स्पष्ट हो। इसके लिए भी माध्यम मातृभाषा ही होता है। जैसे मरीज चिकित्सक संवाद में बीमारी एवं उसके लक्षण पर चर्चा किताबी ज्ञान के अनुरूप न होकर स्थानीय संदर्भ में ही की जाती है, ताकि मरीज एवं चिकित्सा एक स्तर पर रहकर निदान की सही दिशा में अग्रसर हो सकें। उसके साथ ही दोनों के मध्य भावनात्मक जुड़ाव भी समान भाषा से ही बन पाता है। मातृभाषा के विकल्प से अंग्रेजी के आतंक से भयभीत गरीब और वंचित वर्ग के युवाओं को भी चिकित्सक बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है जो झोला छाप डॉक्टर बन जाते हैं जबकि देश में डॉक्टर-मरीज अनुपात 1:1,500 बना हुआ है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित मानक 1:1,000 से काफ़ी कम है।



## डीएसपीएमयू के एमबीए प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम जारी



- आदित्य भास्कर बने टॉपर, फ्रांसिस मरांडी ने दूसरा व सोनम सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने एमबीए प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम रविवार को घोषित कर दिया। यह परीक्षा रविवार को ही तीन चरणों — लिखित परीक्षा, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार — के माध्यम से संपन्न हुई। पारदर्शी और सुसंगठित प्रक्रिया के चलते परिणाम उसी दिन जारी कर दिए गए। इस वर्ष की प्रवेश परीक्षा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आदित्य भास्कर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शीर्ष पर अपना स्थान सुरक्षित किया। फ्रांसिस मरांडी ने दूसरा तथा सोनम सिंह ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी मेहनत और प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन किया। परीक्षा आयोजन और मूल्यांकन का कार्य स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के निदेशक डॉ जीसी बास्की, एमबीए समन्वयक डॉ शालिनी लाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुची संतोष बरवार तथा आईटी प्रभारी डॉ इंदर नाथ साहू के पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में आईटी प्रभारी डॉ इंदर नाथ साहू का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा, विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए पांच विशेषज्ञों तथा डीएसपीएमयू के कुछ आंतरिक शिक्षकों ने भी चयन प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई।

## हैदरनगर में चौक बाजार का हाई मास्ट लाइट खराब

**हैदरनगर।** जपला मुख्य पथ पर स्थानीय देवीधाम मोड़ और चौक बाजार स्थित लगे हाई मास्ट लाइट करीब एक साल से खराब पड़ा हैं। हालात यह है कि इन लाइटों की मरम्मत को लेकर अब तक किसी स्तर पर कोई पहल नहीं हुई है। जिससे शाम ढलते ही पूरा बाजार और देवीधाम पथ सड़क घने अंधेरे में डूब जाता है। चौक बाजार हैदरनगर क्षेत्र में बड़े-बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठान और दुकानें होने के बावजूद शाम को अंधेरा छाते ही दुकानदार असुरक्षित समझ प्रतिष्ठानों को बंद कर आरामगाह में चले जाते हैं। इससे देर शाम ग्राहक की संख्या भी नगण्य हो जाती है। साथ ही रोशनी नहीं रहने से पूरे बाजार में चहल-पहल और रौनक छीन गई है। वहीं देवीधाम मोड़ पर हाई मास्ट लाइट बंद रहने से निकटवर्ती रेलवे स्टेशन तक यात्रियों का आवागमन असुरक्षित और स्थानीय लोगों को रात में आवाजाही में भय मांहौल कायम है। खासकर रेलवे स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों को इस अंधेरे में गुजरना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है। उधर शारदीय नवरात्र की शुरूआत होने वाली है। ऐसे में हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर में लगने वाले पारंपरिक मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी। लेकिन देवीधाम तक पहुंचने वाला मार्ग अंधेरे के आगोश में रहेगा, जिससे श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ना तय है। खंभों पर लगी सोलर लाइटें भी महज टिमटमाकर रह जाती हैं। अंधेरे में अगर किसी श्रद्धालु का सामान गिर जाए तो ढूंढने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है।

## हरिनगर देवीधाम में विहिप व बजरंग दल का वर्ग प्रशिक्षण संपन्न

**हैदरनगर।** पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड इकाई की विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से रविवार को देवीधाम परिसर हैदरनगर (हरिनगर) में एक दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों से 300 से भी अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में गौरक्षा क्षेत्र प्रमुख त्रिलोकीनाथ बागी, जिला पालक दामोदर मिश्रा, जिला मंत्री अमित तिवारी, विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, संगठन मंत्री विजय यादव, जिला संगठन मंत्री संतोष यादव, उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, संयोजक संदीप गुप्ता, जिला प्रमुख सोनल सिंह, मिलन प्रमुख अभिराज गुप्ता सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने भाग लिया। साथ ही जपला, चैनपुर, तरहसी के अध्यक्ष लोकनाथ केशरी, देवराज शर्मा, प्रवीण पांडेय, आरएसएस खंड कार्यवाहक देवदत्त जी व संजय सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भी बड़ी संख्या में सक्रिय भागीदारी निभाई है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे अल्पाहार के बाद वर्ग प्रशिक्षण से की गई। इसके बाद उद्घाटन सत्र, शारीरिक अभ्यास, अभ्यास सत्र और वैदिक सत्र संपन्न हुए। शाम 4. 30 बजे जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## भीमचूल्हा पर्यटक स्थल पर होटल निर्माण की दिशा में पहल तेज

**मोहम्मदगंज।** जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक में तय योजना के तहत स्थानीय ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में होटल निर्माण की दिशा में पहल तेज हो गई है। बताया जाता है कि इस पर्यटक स्थल को पर्यटकीय दृष्टिकोण से और विकसित करने को लेकर सैलानियों के प्रवासन के लिए होटल निर्माण की योजना प्रस्तावित है। जिसके निर्माण के लिए भूमि विवरणी तैयार करने को लेकर अंचल अधिकारी रणवीर कुमार और अंचल निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्र ने स्थलीय जांचोपरांत ग्रामीणों की सहमति प्राप्त करने की प्रक्रियागत कार्रवाई पूरी की है। जिसे उन्होंने उपायुक्त को भेजने की बात कही है। इस दौरान पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी और सेवक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी ने इस प्रक्रियागत कार्रवाई सुनिश्चित करने में उनको अपेक्षित सहयोग प्रदान किए हैं। उन्होंने बताया इन अधिकारियों ने इस पर्यटक स्थल के सामने स्थित बोगदा पहाड़ के दक्षिण के बड़े तालाब के बीच होटल निर्माण को लेकर भूमि विवरणी तैयार किया है। जिसमें होटल का निर्माण आकर्षण व प्रवासन का केंद्र बनेगा।

## नदीपर गांव में दुर्गा पूजा समिति का गठन

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत नदीपर गांव में मनोज यादव की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में दुर्गापूजा समिति का गठन किया गया है। जिसके ओम प्रकाश कुमार अध्यक्ष,राजेश्वर मेहता उपाध्यक्ष, डॉ. पंचू राजवंशी महासचिव, राजेश कुमार सचिव और अशोक यादव कोषाध्यक्ष बनाए गए है। इनके अलावा इसमें नागदेव राजवंशी,अखिलेश राजवंशी,कन्हाई यादव व मनोज कुमार (गुरुजी) सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। जबकि प्रसाद वितरण की जिम्मेवारी राजेंद्र मेहता और रामाशीष राम की तय की गई है।

## शहीद जवान के परिजनों से मिले विनोद सिंह

**हैदरनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के केदल जंगल में गत सप्ताह नक्सली हमले में शहीद हुए हैदर नगर प्रखंड के दो वीर सपूतों परता गांव निवासी सुनील राम और बरेवा गांव निवासी संतन कुमार मेहता के परिजनों से शनिवार को हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के चर्चित नेता बिनोद कुमार सिंह ने मिलकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शहीदों को नमन कर कहा कि उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी। वे हमेशा शहीद परिवारों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे और हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पूरे क्षेत्र को अपने इन जांबाज सपूतों पर गर्व है। इस दौरान उनके साथ उपस्थित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने भी शहीद परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। साथ ही राज्य सरकार से शहीदों के परिजनों को उचित सम्मान और सहयोग देने की मांग की है।

# खबर पुष्टि के बाद भी अभी तक डीलर पर नहीं हुई कार्रवाई

## डीएसओ ने खुद आकर की थी जांच, दिया था कार्रवाई का आदेश

- अपने दिए आदेश से मुक्कर गयीं डीएसओ प्रीति किस्कू

नवीन मेल संवाददाता



**ऊंटारी रोड़।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत के पीडीएस डीलर जगू चौधरी पर कार्ड धारी ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि बीते जून माह में ईपॉस मशीन में तीन महीने का अंगूठा लगवाकर दो माह का ही खाद्यान्न वितरण किया है। उक्त खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद राज्य खाद्य आयोग की टीम के साथ पलामू जिला अपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू आरोपी डीलर की जांच करने पहुंचीं थी। जांच में आरोप साबित भी हुआ है। 21 अगस्त को जांच पड़ताल के दौरान मौके पर उपस्थित कार्डधारियों ने अपूर्ति पदाधिकारी व आयोग टीम के समक्ष चीख-चीख कर कहा था कि पीडीएस संचालक हमेसा अपनी मनमानी करता है। सरकार के सख्त निर्देश के बाद भी जून माह में तीन महीने की जगह दो महीने का खाद्यान्न वितरण किया है और एक महीने का खाद्यान्न घोटाला कर दिया गया है। लेकिन जांच में डीलर पर आरोप पुष्टि के बाद भी अभी तक किसी प्रकार का कोई कारार्वाई नहीं हुई। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## माताओं ने संतानों की सुख समृद्धि के लिए रखा जितिया व्रत



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** सनातन धर्म में माताओं द्वारा अपनी संतान की लंबी उम्र और सुख समृद्धि के लिए जितिया व्रत रखा जाता है। जिसे जीवित्पुत्रिका व्रत की भी संज्ञा दी गई है। यह व्रत बहुत कठिन ही नहीं निर्जला उपवास के साथ महिलाएं |करती है। व्रत के दौरान पूजा अर्चना में शामिल प्रमिला देवी, सुषमा देवी, रुबी देवी, बिमला देवी, बेली देवी आदि जितिया व्रत का कथा श्रवण पुरोहित पंडित अरुण कुमार द्विवेदी से किया। कथा श्रवण में इस व्रत पर पुरोहित पंडित अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा कि जितिया (जिउतिया) व्रत निर्जला उपवास के साथ पूरे दिन किया जाता है। माताओं द्वारा अपने बच्चों की लंबी उम्र, कल्याण के लिए इस व्रत को मनाने की मान्यता रही है। वहीं वयोवृद्ध पंडित कुंडल तिवारी ने कहा कि इस व्रत को प्रतिवाद आश्विन माह में कृष्ण पक्ष के सातवें से नौवें चंद्र दिवस तक तीन दिवसीय त्योहार मनाया जाता है।

## पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के बरडंडा गांव के नावाडीह टोला में रविवार को मिथिलेश पाल की पत्नी इंदु देवी (40) की मौत मामले में पुलिस पति को हिरासत में लेकर छानबीन में जुट गई है। इस मामले की सूचना के आधार पर थाना प्रभारी नारायण सोरेन के निर्देश पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल से शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि बिहार राज्य के रोहतास जिला अंतर्गत दरीहट निवासी मृतक के भाई पिंटू पाल के आवेदन के आधार पर पति को पत्नी की हत्या के आरोप में हिरासत में लिया गया है। प्रथमदृश्टया गला दबाकर हत्या का पता चला है। मगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के असली कारणों को पता चल सकेगा। मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।

## जाम की समस्या को लेकर चैम्बर ऑफ कॉमर्स की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड के शहीद भगत सिंह चौक स्थित के डी मार्केट काम्प्लेक्स के सभागार में चेंबर ऑफ कॉमर्स पांकी इकाई की बैठक हुई जिसमें चेंबर के सभी सदस्यों के साथ बाजार सुरक्षा समिति के सभी सदस्य शामिल हुए। बैठक में पांकी बाजार सहित मुख्य चौक चौराहे में गंदगी के अंबार व पांकी शहीद चौक पर जाम की मुख्य समस्या को लेकर विशेष चर्चा किया गया एवं इस समस्या से निजात हेतु विशेष प्रयास करने का निर्णय लिया गया। जिसमें जाम से छुटकारा पाने को लेकर चैम्बर के प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन से मिलकर इस समस्या को हल करने निर्णय लिया वहीं कर्पूरी चौक से शहीद चौक एवं सब्जी बाजार से अम्बेडकर चौक तक साफ सफाई के लिये सफाईकर्मी की व्यवस्था करने एवं सब्जी व फल व्यवसायी सहित अन्य व्यवसाययों को उचित स्थान पर कचरे का निपटारा करने पर सहमति बनी, बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने की।

वहीं मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के इनामुल आजाद, संजीव प्रसाद, पप्पू गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, उमेश गुप्ता, लखन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भीमचूल्हा टनल बना आकर्षण का केंद्र

**मोहम्मदगंज।** सोननगर-पतरातू थर्ड लाइन कोरिडोर अंतर्गत मोहम्मदगंज-सतबहिनी के मध्य स्थित भीमचूल्हा टनल राष्ट्रीय धरोहर के साथ ही पर्यटकीय दृष्टिकोण से भी आकर्षण का केंद्र बन गया है। वजह है कि इसके दोनों मुहाने पर पेटिंग कला से कई आकर्षक व मनमोहक दृश्य उकेर दिए गए हैं। जिनमें रेल व झारखंडी संस्कृति की छाप छोड़ी गई हैं। इनमें उत्तरी मुहाने पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की भी आकृति बनाई गई है। इस प्रकार इससे ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के साथ पर्यटकीय दृष्टिकोण से एक अलग से विशेष पहचान कायम हो गया है। जो बरबस आने-जाने वालों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।

## शहर में ज्यादा स्ट्रीट लाइटें खराब लोग अंधेरे में रहने को विवश

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के 16 वार्डों में करीब 800 स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं। इसमें 500 से अधिक लाइट खराब होने से लोग परेशान व अंधेरे में रहने को विवश हैं। शहर के कॉलोनियों में तो कई महिनों से स्ट्रीट लाइट नहीं सुधारी गई। लोगों की शिकायत है कि नगर पंचायत कार्यालय में कई बार सूचना देने के बाद भी लाइट नहीं सुधारी जा रही है। वहीं बीते कई दिनों में शहर के कुछ कॉलोनियों में चोरी की वारदातें भी बढ़ी है, जिसे लेकर लोगों में भय है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर रहे हैं। शहर अंबेडकर चौक के समीप का हाईमास्ट लाइट भी खराब है। जिससे बाजार के चौक पर अंधेरा छाया हुआ रहता है। राम विगहा, मोहम्मदाबाद, मिर्जापुर, बगीचा, लंबी गली, रविदास नगर, पुराना बाजार, सैदाबाद, अनुमंडल रोड, नहर मोड़, आईटीआई रोड सहित कई कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है। इस कारण सड़क पर अंधेरा पसरा रहता है। लाइट लगाने के बाद कंपनी के द्वारा एक बार भी मरम्मत नहीं कराया गया। ऐसे में लाइट नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही हैं। सिटी के गणेशपुरी कॉलोनी, जपला हैदरनगर रोड, मधुशाला रोड में भी अंधेरा रहता हैं। शिवपुरी कालोनी निवासी केदार सिंह ने बताया उनके मोहल्ले में भी कई स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद है। लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अबतक समाधान नहीं हुआ है। जपला अंबेडकर चौक के निवासियों ने भी हाई मास्ट लाइट खराब होने की समस्या के बारे में बताया। वार्ड नंबर तीन के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र पाल ने कहा है कि दुर्गा पूजा के पहले सभी लाइटें को दुरूस्त करने की आवश्यकता है। उनके कार्यकाल में वार्ड मे लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन उनके कार्य अवधि समाप्त होने के बाद स्थिति काफी खराब हो गई हैं। वैसे कार्यपालक पदाधिकारी से बात कर संबंधित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर स्ट्रीट लाइट व हाईमास्ट लगाने व खराब को दुरुस्त कराने की मांग की है।

### दुर्गा पूजा के पहले सभी लाईटें होंगी दुरूस्त : एसडीओ

हुसैनाबाद एसडीओ सह नगर पंचायत के प्रशासक ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि संबंधित विभाग को सूचित कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। साथ ही दुर्गा पूजा के मद्देनजर 30 नये छोटे हाई वाले हाई मास्ट लाइट की मांग की गई है, जहां भी स्ट्रीट लाइट बंद है। उन्हें ठीक कराकर या नया लगाकर चालू किया जाएगा। नगर पंचायत के बिजली कर्मियों को सर्वेक्षण के लिए लगाया गया है। और मरम्मती का कार्य भी प्रारंभ करने बात कही हैं।

# अनुमंडल बनने के तीन दशक बाद भी नहीं संवर पाया हुसैनाबाद का नसीब, नगर पंचायत नाकाम

संजय ओझा

हुसैनाबाद (पलामू)। हुसैनाबाद को अनुमंडल का दर्जा विगत 01अप्रैल 1991 को मिला था। अनुमंडल मुख्यालय बने तीन दशक से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी इस शहर का कायाकल्प नहीं हो सका। झारखंड राज्य का गठन हुए भी 25 साल हो गया, किन्तु हुसैनाबाद का नसीब नहीं संवर पाया। नगर पंचायत भी इस मामले में नकारा पंचायत साबित हुआ। अभी तक यहां सब्जी बाजार का स्थायी जगह नहीं है। मेन रोड पर ही सब्जी की दुकानें लगती हैं। इस कारण यह शहर सौन्दर्यीकरण की बाट जोह रहा है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बाद समूचे राज्य में अतिक्रमण हटाने का व्यापक अभियान चलाया गया। यहां भी इसकी औपचारिकता पूरी की गई। किन्तु विडंबना यह है कि आज तक हुसैनाबाद में अतिक्रमण हटाने एवं शहर को सुन्दर व स्वच्छ बनाने हेतु कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया। अब तक स्थानीय अनुमंडल प्रशासन भी अतिक्रमण हटाने में अक्षम साबित हुआ है। जब तत्कालीन प्रमोद सिंह यहां के अनुमंडल पदाधिकारी थे, तो उन्होंने इस शहर को संवारने का प्रयास किया था, जो आज भी लोगों की जेहन में है। जपला शहर के सौन्दर्यीकरण में सबसे बड़ी बाधा व्यापक पैमाने पर किया गया अतिक्रमण है। शहर की मुख्य सड़क हो या स्टेशन रोड, जयप्रकाश चौक हो या अंबेडकर चौक, ऐसा कोई भी स्थान नहीं है जहां अतिक्रमण नहीं किया गया हो। अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कोई कड़ी कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। जपला सीमेंट कारखाना के बंद हो जाने के बाद यहां आय के श्रोत में कमी आयी हैं, इसके फलस्वरूप व्यवसाय के अलावा आय का दूसरा कोई साधन नहीं रहा। इस कारण लोगों में सरकारी भूमि पर कब्जा कर व्यवसाय करने की होड़ मच गई। एक बार सरकारी भूमि पर कब्जा जमा लेने के बाद छोड़ने की परम्परा किसी ने शुरू नहीं की। इस कारण जपला-छतरपुर मेन रोड,जयप्रकाश चौक से गांधी चौक तथा जपला- हैदरनगर रोड सहित सभी जगहों पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। इस कारण रास्ता इतना संकीर्ण हो गया है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। उस पर तुर्रा यह कि अगर किसी व्यक्ति की बाइक, साइकिल या फिर किसी रिक्शेवाले का रिक्शा किसी अतिक्रमणकारी की दुकान या ठेले को छू जाये, तो उसकी खैर नहीं। हुसैनाबाद में अतिक्रमण दो प्रकार से किया गया है। एक तो स्थायी रूप से और दूसरा अस्थायी।अस्थायी अतिक्रमण सुबह 8 बजे से शुरू होकर रात्रि 7 बजे तक रहता है। यह अतिक्रमण ठेलेवाले तथा सब्जी बेचनेवाले करते हैं। सब्जी बाजार के अभाव में सड़क किनारे सब्जी बेचना उनकी विवशता है।

## लेस्लीगंज स्कूल में अभिभावक–शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** राजकीय कृत प्लस टू उवि लेस्लीगंज में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन शनिवार को हुआ।इसके पहले विद्यालय मुख्य द्वार पर विधायक मद से बने गेट का पांकी विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। वहीं अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी के कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मुखिया रेखा देवी ,प्रखंड प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, छोटेलाल सोनी, लाल प्रसाद यादव, निर्मल मेहता ,विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने कहा कि फोटो- 06 अभिभावक बच्चों के प्रति जागरूक हों और प्रतिदिन विद्यालय भेजें, ताकि शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी नहीं हो सके। उन्होंने अभिभावकों को उत्प्रेरित करते हुए बताया कि अभिभावकों को अपने बच्चों के शिक्षण गतिविधियों का सतत अनुश्रवण करना चाहिए ताकि बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। उन्होंने बताई कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की आदत डालते हुए शिक्षा के साथ साथ चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता इसी विद्यालय के छात्र रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेश सिंह ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने के लिए अभिभावक व शिक्षक कड़ी का काम करते हैं।

**कार्यक्रम**

### ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने किया सामुदायिक संवाद संगोष्ठी का आयोजन

# औद्योगिक विकास के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व महत्वपूर्ण : हितेंद्र

नवीन मेल संवाददाता




**ऊंटारी रोड़।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के सुरभि भवन में सामुदायिक संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ग्रासिम के इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी, विश्रामपुर अंचलाधिकारी राकेश तिवारी, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे व मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रमुख विकास कुमार ने किया। ग्रासिम इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी ने लोगों को उत्पादन, सुरक्षा, पर्यावरण व समाजसेवार्थ कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। बेहतर करने के लिये लोगों से सुझाव भी मांगा गया। आम लोगों ने भी पूरी बेबाकी के साथ अपना सवाल - सुझाव प्रबंधन के समक्ष रखा। इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम प्रबंधन सिर्फ औद्योगिक विकास में ही योगदान नहीं देता है, बल्कि अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करता है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों के माध्यम से रेहला क्षेत्र के स्थानीय विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रासिम उन समुदायों और उद्योगों में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करता है, जिनकी वह सेवा करता है और एक फोर्स फॉर गुड के रूप में काम करता है। उन्होंने सीएसआर के द्वारा कराये जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा समाजिहित में कई और योजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी के बारे में भी बताया। इसके अलावा प्रस्तावित सामाजिक कार्यक्रमों से भी लोगों को अवगत कराया। अवस्थी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, मजबूत सामुदायिक सहभागिता, प्रशासनिक सहयोग और कर्मठ कार्यबल के समर्पित प्रयासों के बल पर कंपनी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनायी है। अवस्थी ने सभी अधिकारियों - कर्मचारियों व सीएसआर टीम को उनके समर्पण व प्रयासों के लिये तारीफ की। कहा कि कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध है। भविष्य में अपने सीएसआर प्रयासों को और अधिक प्रभावी, समावेशी व सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप बनाते हुए लगातार विस्तार देती रहेगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, पर्यावरण, स्वस्थ, शिक्षा व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में भी हम बेहतर से बेहतर करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। हमारा अंतिम प्रयास होता है कि जल, जमीन व वायु दूषित न हो। आम लोगों के सुरक्षा के प्रति भी हम पूरी तरह सचेत हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग द्वारा प्रखंड के विभिन्न 10 + 2 उच्च विद्यालयों से चयनित 20 छात्राओं के बीच स्कॉलरशिप व साइकल का वितरण किया गया। मौके पर महिला मंडल की अध्यक्षा नमिता अवस्थी, जनसंपर्क पदाधिकारी नीतीश पांडेय, सीएसआर के अनिल गिरी, बीईओ महेंद्र प्रजापति, भाजपा नेता कृष्ण कुमार मिश्रा, डॉ. वी पी शुक्ला, वरीय कांग्रेसी नेता विजय चौबे, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, शशिनाथ चौबे, ब्रज किशोर शुक्ला, ब्रजराज चौबे, निवर्तमान पार्षद दिनेश शुक्ला, सुनील कुमार चौधरी, ज्वाला गुप्ता, गुलाम नबी अंसारी, अनिल सिंह, भोला राय, राजेश चौबे, विजय शुक्ला, राधा कृष्ण साव, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, मनोज पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

### पोल्डीह गांव में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

## भागवत कथा मुक्ति प्राप्त का एक मार्ग है : वेदप्रकाश




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड के पोलडीह गांव में श्रीमद भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्रामीण गुप्तेश्वर सिंह, बृजमोहन सिंह, मुकेश सिंह, बलबीर सिंह, बलबहादुर सिंह, बिंध्याचल सिंह, कुंदन सिंह आदि द्वारा किया गया। इसकी शुरुआत पूजा आराधना के साथ किया गया। इसमें सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष भक्त श्रद्धालु कथा श्रवण कर रहे हैं। श्रीमद भागवत कथा वाचक महंत वेदप्रकाश आचार्य जी के मुखारविंद से भगवान विष्णु व श्रीकृष्ण के जीवन का विस्तृत वर्णन का अमृत रसपान कर रहे हैं। कथावाचक महंत वेदप्रकाश आचार्य जी ने कथा के पहले दिन श्रीमद्भागवत के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। कहा कि भागवत कथा को अमृत माना जाता है। इसके श्रवण से सभी परेशानियों से मुक्ति मिलती है। यह कथा सुनने का अवसर अच्छे कर्मों के कारण मिलता है। भगवान के नाम का स्मरण ही मोक्ष दिला सकता है। भागवत कथा आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने का एक मार्ग है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष भक्त श्रद्धालु मौजूद थे।

## फुटबॉलर उमेश ठाकुर का असामयिक निधन

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के देवरी खुर्द गांव निवासी और वर्ष 2000 के दशक के नामी फुटबॉल खिलाड़ी उमेश ठाकुर का रविवार अपराह्न निधन हो गया। बताया जाता है कि दोपहर का भोजन करने के बाद वे घर पर आराम कर रहे थे और नींद में ही उनकी सांसें थम गईं। अनुमान जताया जा रहा है कि उनकी मौत हृदयाघात (हार्ट अटैक) से हुई। उमेश ठाकुर के निधन का समाचार मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। हरदिल अज़ीज़ और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी उमेश के पैतृक आवास पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों को ढाढ़स बंधाने और अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों का तांता लगा रहा। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य राजू मेहता, समाजसेवी उपेंद्र मेहता समेत सैकड़ों लोगों ने उमेश ठाकुर को श्रद्धांजलि दी। वहीं, सैकड़ों महिलाओं ने भी उनके पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर नम आंखों से विदाई दी। ग्रामीणों ने कहा कि खेलकूद और सामाजिक जीवन में उमेश ठाकुर का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उनके निधन से हुसैनाबाद क्षेत्र ने एक जुझारू खिलाड़ी और समाजप्रिय व्यक्ति को खो दिया है।

### जिउतिया व्रत में माताओं ने की संतान की दीर्घायु के लिए पूजा-अर्चना

# तीन दिवसीय व्रत में निर्जला उपवास रख माताओं ने जताई अपने बच्चों के स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिले भर में माताओं ने संतान की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य के लिए जिउतिया व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न किया। इस अवसर पर माताओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की और व्रत कथा सुनकर उपवास का पालन किया।

यह व्रत आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। माताएं पूरे दिन निर्जला उपवास रहकर संतान के लिए ईश्वर से लंबी उम्र और निरोगी जीवन की कामना करती हैं। इस व्रत की शुरुआत नहाय-खाय के साथ होती है, दूसरे दिन माताएं बिना जल ग्रहण किए उपवास करती हैं, और तीसरे दिन पारण के साथ व्रत का समापन होता है।

जिउतिया व्रत की कथा महाभारत काल से जुड़ी मानी जाती है। कहा जाता है कि जीमूतवाहन नामक एक परोपकारी राजा थे, जिन्होंने अपने वृद्ध पिता की सेवा के लिए राजपाट त्यागकर वनवास ग्रहण किया। एक दिन उन्होंने एक वृद्धा को रोते हुए देखा, जिसने उन्हें बताया कि उसका पुत्र गरुड़ के भोजन के रूप में बलि चढ़ाया जाने वाला है। जीमूतवाहन ने वृद्धा को वचन दिया कि वह उसके पुत्र के स्थान पर बलि देगा। उन्होंने गरुड़ के समक्ष आत्म-बलिदान दिया, लेकिन अपनी ओर से कोई प्रतिरोध नहीं किया। उनकी सहनशीलता और परोपकारिता से प्रभावित होकर गरुड़ ने उन्हें जीवनदान दिया और तब से यह व्रत संतान की रक्षा के लिए किया जाने लगा। तीन दिन तक चलने वाले इस व्रत की शुरुआत पहले दिन नहाय-खाय से होती है, जब माताएं केवल एक समय भोजन करती हैं। दूसरे दिन मुख्य व्रत होता है, जिसमें माताएं निर्जला उपवास रखकर पूरे दिन पूजा-पाठ करती हैं। तीसरे दिन पारण होता है, जिसमें विशेष पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं।

खास तौर पर मड़ुआ की रोटी, कुशी-केराव का झोर-भात, कच्चू, कंदा, पोइयाँ साग, कोहड़ा, चना, मटर आदि की मिश्रित सब्जियां बनाई जाती हैं। ये व्यंजन पारंपरिक रूप से व्रत पारण के दौरान ग्रहण किए जाते हैं।

यह व्रत मातृत्व के त्याग, प्रेम और आस्था का प्रतीक माना जाता है, जिसमें मां अपने बच्चों के लिए अपनी समर्पण भावना को श्रद्धा के साथ प्रकट करती हैं।

# आनंद कुमार बने कोयल रिवर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष, चुनाव संपन्न



- **अरुणा शंकर ने विकास और सुरक्षा की दी जिम्मेदारी, व्यापारियों से सहयोग का आह्वान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** में रविवार को प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में कोयल रिवर फ्रंट दुकानदार एसोसिएशन का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव में आनंद कुमार को अध्यक्ष, राजेंद्र राम को सचिव और अभिषेक कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा कि दो दिनों के भीतर 21 सदस्यीय कमेटी का गठन कर इसकी विधिवत घोषणा की जाएगी। कार्यक्रम में महापौर अरुणा शंकर ने सभी पदाधिकारियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि कोयल रिवर फ्रंट शहर की धरोहर है, अब इसकी जिम्मेदारी आप सबकी है। उन्होंने व्यापारियों को सुझाव दिया कि रात की सुरक्षा के लिए दो प्रहरी नियुक्त किए जाएं, जिनमें से एक का वेतन वे खुद देंगी और दूसरे के लिए सभी दुकानदार मिलकर 50 से 100 प्रति माह का योगदान करें। अरुणा शंकर ने यह भी कहा कि रिवर फ्रंट में उन्होंने फिर से लाइटिंग का काम करवाया है, यदि किसी तरह की कमी हो तो संगठन उन्हें बताए, वे निजी खर्च से काम पूरा करेंगी। अध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा कि संगठन रिवर फ्रंट को सजाने और संवारने की पूरी जिम्मेदारी निभाएगा और हर त्योहार पर इसे नई साज-सज्जा के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। चुनाव में अनूप मोदी, अमित वर्मा, दीपक कुमार, फेकन साव, प्रकाश कुमार, किशोर कुमार, सरजू साहू, ललन पासवान, बबलू कुमार, बिट्टू तिवारी, कृष्ण प्रकाश, अमलेश कुमार, छोटेलाल राम, बहादुर थापा, अरविंद कुमार, जीतू कुमार, मुरारी प्रसाद, श्याम बिहारी, रोशन कुमार, शुभम कुमार, चंदन कुमार सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# प्रभात संगीत दिवस पर गूंजा 'बाबा नाम केवलम'



- **कीर्तन, साधना व वाद्ययंत्र प्रतियोगिता के साथ जागृति परिसर में आध्यात्मिक वातावरण**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नई मुहल्ला स्थित आनंद मार्ग जागृति परिसर में रविवार को प्रभात संगीत दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आनंदमार्गी साधकों ने सामूहिक रूप से अखंड कीर्तन, अष्टाक्षरी महामंत्र ₹बाबा नाम केवलम₹ का गायन और ध्यान-साधना की। कार्यक्रम की शुरुआत श्री श्री आनंदमूर्ति जी के आशीर्वचनों के वाचन से हुई। ब्रह्मचारिणी चयनिका आचार्य ने प्रभात संगीत दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग 7000 वर्ष पूर्व भगवान शिव ने सरगम का आविष्कार किया था, और 14 सितंबर 1982 को देवघर में आनंदमूर्ति जी ने प्रथम प्रभात संगीत ₹बंधु हे निये चलो₹ की रचना कर इस परंपरा को आधुनिक दिशा दी। उन्होंने जानकारी दी कि आनंदमूर्ति जी ने 8 वर्ष 1 माह 7 दिनों में कुल 5018 प्रभात संगीतों की रचना की, जो विभिन्न भाषाओं में भक्ति, लय, छंद और भाव का समन्वय प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत वाद्ययंत्र प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें तबला वादन में सचिदानंद तिवारी, हारमोनियम पर चंदन देव और बांसुरी पर पवन कुमार ने प्रभात संगीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में भुक्ति प्रधान मधेस्वर, आचार्य देवतोषानंद अवधूत, चंदन, अरविंद, राजन, सतदेव, सरोज, शारदा, रेणु, सोनू समेत कई आनंदमार्गी साधक शामिल हुए। आयोजन के दौरान प्रभात संगीत को एक उभरते हुए आध्यात्मिक संगीत-घराने के रूप में देखने की बात कही गई, जो समाज में चेतना और भक्ति का संचार कर रहा है।

# श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू की कार्यकारिणी का विस्तार, ललन सिन्हा बने महामंत्री

- **महासमिति ने की भव्य तैयारियों की शुरुआत**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** थाना रोड स्थित दुर्गा मंडप में रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने जानकारी दी कि इस वर्ष समिति को अधिक प्रभावशाली और सक्रिय बनाने के लिए संरक्षक से लेकर मंत्री तक के पदों पर विस्तार किया गया है।

संरक्षक के रूप में स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया, सतबीर सिंह राजा, मनोज कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, सोनु सिंह नामधारी, बसंत जौहरी, शिव प्रसाद गुप्ता (मुरली बाबू), अविनाश देव, संजीव तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, अनील साहू, कल्याण वर्मा, अजय तिवारी, मनोज सिंह, राजन सिन्हा और सुनील कुमार गुप्ता को नामित किया गया है।

ललन कुमार सिन्हा को महामंत्री नियुक्त किया गया है, जबकि नवीन तिवारी, बीएम पांडेय, उदय शुक्ला, सतीश तिवारी, रमेश शुक्ला, हरिशंकर सिंह, अनील दूबे, कमल गुप्ता, महेश तिवारी, अजीत सिन्हा, प्रभात कुमार गुप्ता, बबलू चावला, रजनीश सिंह, नवीन कुमार गुप्ता (लाल बाबू), सुमीत भट्टाचार्य, प्रदीप नारायण, सुधीर सौंडिक, बृजेश शुक्ला, सतीश जौरिहार, मनोहर वाली, श्याम जी चौधरी, राजेंद्र राम, प्रमोद रंजन दास गुप्ता, अविनाश सिन्हा, सुनील सिंह, रूपा सिंह, लवली गुप्ता, मंजुलता दूबे, मंजू गुप्ता, मीना गुप्ता, शर्मीला सुम्मी, किरण अग्रवाल और उषा माखड़िया को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

मंत्री पद पर प्रेमशंकर गुप्ता, चंद्रकांत सिंह, विनीत पांडेय, मंटू गुप्ता, सोनु गुप्ता, शुभम कुमार, पप्पू गुप्ता, विवेक चौबे, हिमांशु शेखर, अभिषेक सिंह, ओम प्रकाश, बिल्लू तिवारी, रजत सिंह, राजमणि प्रजापति, संदीप दास, सुनील ठाकुर, रंजीत कुमार, प्रभात अग्रवाल, प्रभात सिंह, विकास विश्वकर्मा, संजय मेहता, मनीष मिश्रा, विशाल कुमार, आकाश कुमार, रेखा गुप्ता, प्रतिमा गुप्ता, ज्योति अग्रवाल, शोभा देवी, बबीता देवी और प्रभा देवी को शामिल किया गया है। संगठन मंत्री के रूप में संजय पासवान, संजय सिंह उमेश, मनीष भिवानिया, राजकुमार वर्मण, अमिताभ मिश्रा, टुनटुन तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, किशन माखड़िया, मनीष ओझा और चिंटू गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मीडिया प्रभारी के तौर पर संजय राज और सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में गुड्डू वर्मन, संजय वर्मन, राहुल कुमार सोनी एवं रंजीत चंद्रवंशी को मनोनीत किया गया है।

# 16 सदस्यीय टीम मथुरा के लिए रवाना जिप उपाध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** झारखंड टेनिस क्रिकेट की 16 सदस्यी टीम उत्तरप्रदेश के मथुरा के लिए रविवार को रवाना हुई। जिसे जिला परिषद उपाध्यक्ष सह टेनिस क्रिकेट एशोसियण ऑफ झारखंड के अध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष सह एसोसिएशन अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि आगामी 16 से 19 सितंबर से उतर प्रदेश के मथुरा में आयोजित होने वाला सातवां जूनियर नेशनल चौंपियनशिप में भाग लेंगे। साथ ही इस चैंपियनशिप में नेशनल टेनिस क्रिकेट अंपायर प्रेम राणा भी पहली बार नेशनल अंपायरिंग का दायित्व संभालेंगे। वहीं नेशनल अंपायर प्रेम राणा ने कहा की मैं पूरी ईमानदारी से अपनी भूमिका निभाऊंगा। जिप उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए झारखंड और पूरे देश का नाम रोशन करने की अपील की।

### उर्दू विद्यालय में हिंदी दिवस पर परिचर्चा आयोजित

# हिंदी भारत की आत्मा है, हमें गर्व है अपनी भाषा पर : एमजे अजहर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बीएमसी नेउरा में हिंदी दिवस के अवसर पर एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक एमजे अजहर ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हिंदी भारत की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसका विश्व में तीसरा स्थान है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव की बात है। प्रधानाध्यापक अजहर ने कहा कि ₹हिंदी भारत की है जान, अपने देश की अपनी शान₹ यह केवल नारा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हिंदी और उर्दू एक ही भूमि की बेटियाँ हैं, और दोनों भाषाओं में गहरी आत्मीयता है। उन्होंने कहा कि हमें अंग्रेज़ी या अन्य भाषाओं से परहेज़ नहीं, लेकिन हिंदी के प्रति वफादारी और समर्पण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि हिंदी को मज़बूत बनाने के लिए स्कूल-कॉलेजों में साहित्यिक गोष्ठियों का आयोजन, रचनाकारों को सम्मान, पुस्तकालयों में प्रतियोगी पत्रिकाओं की उपलब्धता और शिक्षकों की संख्या में वृद्धि जैसे उपाय किए जाने चाहिए। हिंदी के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने भारतेंदु हरिश्चंद्र, सरहपा, अमीर खुसरो समेत कई साहित्यिक विभूतियों को याद किया। साथ ही पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी जैसी राजनीतिक हस्तियों के हिंदी प्रेम की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि फिल्म, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया भी हिंदी के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में वक्ता हलीमा खातून ने हिंदी के शुद्ध प्रयोग और सही उच्चारण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह हिंदी दिवस की सार्थकता सिद्ध करने का मार्ग है। दीनानाथ कुमार ने कहा कि हिंदी हमारे देश में विचारों के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम है। दिनेश कुमार ने हिंदी को राजभाषा बताते हुए कहा कि केवल सरकारी कार्यों में ही नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में भी हिंदी का अधिकतम प्रयोग किया जाना चाहिए। परिचर्चा का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की बाल संसद की प्रधानमंत्री रेशमा खातून ने किया। उन्होंने सभी शिक्षकों और छात्रों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी।

# विश्व हिंदू परिषद का अभ्यास वर्ग तीन सत्रों में होगा आयोजित

- **राम दरबार व भारत माता की आराधना से होगा शुभारंभ, शारीरिक प्रशिक्षण और बौद्धिक सत्र भी होंगे शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा एक दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया जाएगा, जिसे तीन सत्रों में विभाजित किया गया है। यह आयोजन परिषद की परंपरा, अनुशासन और वैचारिक दृढ़ता को समर्पित होगा। वर्ग का प्रथम सत्र राम दरबार और भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ होगा। इसके बाद परिषद के स्थापित विधि के अनुसार ॐकार मंत्र, एकता मंत्र और विजय महामंत्र के साथ सत्र का शुभारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा और कार्यकर्ताओं को परिषद की स्थापना, उद्देश्य और अब तक की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। द्वितीय सत्र में कार्यकर्ताओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने हेतु शारीरिक प्रशिक्षण के विभिन्न अभ्यास कराए जाएंगे। तृतीय सत्र में दीप प्रज्वलन मंत्र, एकता मंत्र, विजय महामंत्र और समापन जयघोष का अभ्यास कराया जाएगा। इसके बाद आगामी कार्यक्रमों पर बौद्धिक चर्चा एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

# पलामू पुलिस ने गहना चोरी कांड का सफल खुलासा किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के कांड संख्या 52/25 के तहत राहुल कुमार की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी रमावती देवी (50 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार करते हुए चोरी किए गए सोने-चांदी के गहनों और मोबाइल फोन को अपने घर में छुपाकर रखने की बात कबूल की।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 13 सितंबर को आरोपी के घर छापेमारी कर चोरी का सामान बरामद किया। बरामद सामान में सोने का मंटिका, नथिया, झुमका, चांदी का पायल, पंजा, बिछिया और मोबाइल शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक पलामू ने कहा कि चोरी के मामलों को जल्दी से जल्दी सुलझाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### झामुमो पलामू की नवगठित कमेटी का स्वागत समारोह संपन्न

# संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प

- **दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर पौधारोपण का आह्वान**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पलामू जिला की नवगठित कमेटी का एक दिवसीय बैठक सह स्वागत समारोह होटल क्राउन प्लाजा (माया पैलेस) में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की, जबकि संचालन जिला सचिव रंजन चंद्रवंशी और शन्नू सिद्दिकी ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम की शुरुआत झामुमो के संस्थापक बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान सभी प्रखंड अध्यक्षों को एक-एक पौधा भेंट कर बाबा शिबू सोरेन के नाम पर लगाने और उसका संरक्षण करने का निर्देश दिया गया, ताकि वह पौधा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा दे सके।

बैठक में सभी नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों, अनुषांगिक इकाइयों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि सभी प्रखंड एवं इकाइयों का अनुमोदन हो चुका है, अब संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं और विकास की सोच को जन-जन तक पहुंचाना है।

बैठक में आगामी जोहार यात्रा की तैयारियों और विभिन्न वर्ग मोर्चा सम्मेलन को लेकर भी रणनीति बनाई गई और सुझाव लिए गए। इस अवसर पर केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुशीला मिश्रा, सलोनी टोप्पो, चंदन कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिन्हा, संतोष मिश्रा, असफर रब्बानी, बालकिशन उरांव, रमेश सिंह, देवानंद भारद्वाज, अनुराग सिंह, शाहबाज आलम, कुर्बान खान, हाजी ललन, अविनाश देव, बबलू शाहनवाज, नेहाल असगर, विवेकानंद सिंह, एजाज आलम, अमित कुमार सिन्हा, प्रिंस सिंह, असगर अली, सूरज कुमार (युवा मोर्चा अध्यक्ष), सुशीला मिश्रा (महिला मोर्चा अध्यक्ष), वशिष्ठ सिंह (किसान मोर्चा अध्यक्ष), फ़ज़ायल अहमद (अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष), दीपू चौरसिया (व्यापार मोर्चा अध्यक्ष), मनोज सिन्हा (बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष), सुमित वर्मन (क्रीड़ा मोर्चा अध्यक्ष), सुमित पाठक (छात्र मोर्चा अध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या में नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## घर से लापता युवक का नाले से मिला शव

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के कुंबा खुर्द ग्राम के अमरसरई टोला स्थित जंगल के नाला में शनिवार की शाम एक युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। शव की पहचान कुंबा खुर्द निवासी कामेश्वर अगरिया के 20 वर्षीय पुत्र आशीष अगरिया के रूप में हुई। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। अचानक हुई इस घटना से मृतक के परिजनों और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने जानकारी दी कि आशीष 11 सितंबर को घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसी रात से उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी। अगले दिन भी तलाश जारी रही, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार की शाम ग्रामीणों से सूचना मिली कि अमरसरई टोला के जंगल स्थित नाला में एक युवक का शव पड़ा है।

# यूरिया के लिए हाहाकार–सड़क पर उतरे किसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड के खरौंधी, सिसरी और अरंगी में शनिवार को यूरिया वितरण में अनियमितता और देरी से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। खरौंधी बाजार स्थित ललित खाद भंडार के सामने खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दिया। हालात बिगड़ते देख पुलिस मौके पर पहुंची और समझाने-बुझाने के बाद जाम हटवाया गया। शनिवार की सुबह यूरिया सप्लाई दुर्गा ट्रेडर्स द्वारा चार दुकानों पर की गई। खरौंधी बाजार स्थित ललित खाद भंडार (150 बैग), कंचन बीज भंडार (150 बैग), भारतीय किसान घर सिसरी (100 बैग) और मेहता बीज भंडार अरंगी (150 बैग)। यूरिया पहुंचने के बावजूद समय पर वितरण नहीं होने से किसान आक्रोशित हो गए। किसानों परीखा राम, मोतीचंद बैठा, चंदन सिंह, बिनोद सिंह सहित कई किसानों ने आरोप लगाया कि जिनका दो बीघा से ज्यादा धान का फसल लगा है, उन्हें भी चार लोगों में एक बैग बांटा जा रहा है। अगर 150 बैग आया है तो 150 किसानों को ही दिया जाना चाहिए, लेकिन यहां सबकुछ मनमानी हो रही है। किसानों का कहना था कि वे कई दिनों से लाइन लगाकर परेशान हैं, फिर भी उन्हें यूरिया नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने सवाल उठाया कि खरौंधी बाजार में दर्जनों लाइसेंसी खाद दुकानदार हैं, लेकिन सप्लाई सिर्फ चुनिंदा दुकानों पर ही क्यों किया जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि भीड़ इतनी अधिक है कि बिना सुरक्षा व्यवस्था के संभालना मुश्किल हो जाता है।



### चिन्हित दुकानों पर ही भेजा जा रहा युरिया

अरंगी गटियरवा के अछैवर मेहता और सिसरी के संदीप मेहता ने बताया कि पहले सेठी स्टोर के माध्यम से जब सप्लाई होती थी तो सभी दुकानों में बराबर वितरण किया जाता था। इससे भीड़ बंट जाती थी और विवाद भी नहीं होता था। लेकिन अब दुर्गा ट्रेडर्स के द्वारा सिर्फ चिन्हित दुकानों पर सप्लाई की जा रही है, जिससे किसानों में हाहाकार मचा हुआ है।

### यूरिया की किल्लत, किसानों के फसलों पर पड़ सकता है प्रतिकूल असर

**खरौंधी।** प्रखंड क्षेत्र के किसानों को इन दिनों यूरिया की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह प्रमुख प्रतिनिधि राजेश रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सीमित आपूर्ति के कारण किसानों को यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस वजह से खाद दुकानों पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है और यूरिया लेने वालों को घंटों मशक्कत करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि धान की फसल में बाली निकलने का समय आ चुका है, ऐसे में यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो किसानों की फसल पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा कि छोटे किसान से लेकर बड़े किसान तक सभी परेशान हैं। कई किसान तो 11 किलो यूरिया लेकर लौट रहे हैं और उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे लड़ाई कर जीतकर खाद हासिल किया हो। राजेश रजक ने बताया कि इस समस्या से जिला कृषि पदाधिकारी को दूरभाष के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। साथ ही आग्रह किया गया है कि खरौंधी प्रखंड में जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और फसल की बढ़वार पर कोई संकट न आए।

## दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के छाताकुंड गांव में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शिव शंकर सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। उक्त बैठक में दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। दुर्गा पूजा का आयोजन को लेकर सर्व समिति से अभिजीत गौरव को अध्यक्ष चुना गया। वही धीरज कुमार को उपाध्यक्ष, सरवन कुमार को सचिव, अमित कुमार को कोषाध्यक्ष, रंजीत कुमार को मंत्री बिकलेश साह को संरक्षण मंत्री, शिवपूजन जायसवाल को उपसचिव बनाया गया है।

## जिउतिया पर्व पर माताओं ने रखा 24 घंटे का निर्जला उपवास

● **संतान की लंबी उम्र व खुशहाली की कामना की**

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी। (गढ़वा)** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को जिउतिया पर्व पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। माताओं ने अपने बच्चों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना करते हुए लगभग 24 घंटे का निर्जला उपवास रखा। इस दौरान उन्होंने जल तक का सेवन नहीं किया और भगवान जीमूतवाहन की पूजा-अर्चना में लीन रहीं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच महिलाओं ने पूजा सामग्री के साथ सामूहिक रूप से भगवान जीमूतवाहन की आराधना की, जिन्हें इस व्रत का प्रमुख देवता माना जाता है। पूजा के दौरान महिलाओं ने धार्मिक गीत, कथाएं और लोक परंपराओं का स्मरण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कई गांवों और कस्बों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जहां धार्मिक भजनों और लोक गीतों की गूंज से पूरा इलाका संगीतमय और आध्यात्मिक हो उठा। स्थानीय मंदिरों में विशेष अनुष्ठान और पूजा-पाठ किए गए। महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने पर्व की गरिमा को और भी भव्य बना दिया। सामूहिक पूजा के साथ-साथ महिलाएं पारंपरिक गीत-भजन गाते हुए एक-दूसरे के साथ धार्मिक अनुभव साझा करती रहीं। पर्व के समापन पर माताओं ने व्रत तोड़कर पारंपरिक भोजन ग्रहण किया। जिउतिया पर्व मातृत्व और संतान के प्रति अटूट प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में माताओं की भावनात्मक शक्ति और उनके त्याग का भी उदाहरण प्रस्तुत करता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिउतिया पर्व ने पूरे क्षेत्र में आस्था, विश्वास और सामूहिकता की अनूठी मिसाल पेश की।

## डंडई प्रखंड में 51 लाख रुपए की लागत से बन रही मां दुर्गा की मूर्तियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर है। जगह-जगह पर मूर्तियां बनाई जा रही है। वहीं कई जगहों पर मूर्ति बनाने की प्रक्रिया अंतिम चरण पर भी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड में करीब 51 लाख रुपए की लागत से 24 जगहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा मूर्तियां बनाई जा रही है। करके पंचायत में पांच जगह, पचौर पंचायत में पांच जगह, डंडई पंचायत में तीन जगह, रारो पंचायत में तीन जगह, जरही पंचायत में एक जगह, झोतर पंचायत में दो जगह, सोनेहरा पंचायत में दो जगह लवाही पंचायत में एक जगह और तसरार पंचायत में दो जगह पर मूर्तियां रखी जा रही है। प्रखंड के सोनेहरा डंडई और लवाही में आकर्षक और भव्य पंडाल बनाया जाएगा। त्योहार को लेकर प्रखंड के लोगों में काफी हर्ष देखा जा रहा है। कमेटी के लोग त्योहार को मनाने के लिए सबकी सहभागिता और सहयोग के लिए गांव गांव और टोले टोले में घूम-घूम कर चंदा इकट्ठा कर रहे हैं। ताकि त्योहार भव्य तरीके से मन सके। कई दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्षों ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर अभी से ही क्षेत्र के श्रद्धालुओं में त्योहार मनाने को लेकर काफी उत्सुकता दिखाई दे रहा है। कई लोग नवरात्र की तैयारी में जुट गए हैं। तो कई लोग बाहर के राज्यों से दुर्गा पूजा को लेकर घर वापस लौट रहे हैं। लोग टोली और क्लब का गठन कर त्योहार मनाने की तैयारियां जोर-सोर से लगे हुए हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचा चालक व उपचालक

**रंका।** एनएच-343 भादुआ घाटी के पास अनियंत्रित होकर मालवाहक ट्रक खाई में गिर गयी। हादासे में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। जानकारी के अनुसार मालवाहक ट्रक खीरा लदाकर छत्तीसगढ़ से पटना जा रहा था। भदुआ घाटी उतारन के वक्त मालवाहक ट्रक अनियंत्रित हो जाने से ड्राइवर स्टेरिंग नहीं काट पाया और मालवाहक ट्रक खाई में गिर गई। हादसे में चालक व उपचालक को हल्की चोटें आई हैं।



## हाई स्कूल राजी में शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न

**खरौंधी।** स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में शुक्रवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय के बाल संसद द्वारा अभिभावकों का पुष्प एवं तिलक से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को उनके अभिभावकों के समक्ष सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बच्चों की नियमित उपस्थिति तथा रेल परीक्षा की तैयारी हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक देवाशीष कुमार चौबे ने जानकारी दी कि जिन बच्चों की उपस्थिति 73 प्रतिशत से कम होगी, वे इस बार परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाएंगे। बैठक में अभिभावकों ने अत्यधिक उत्साह दिखाया और बड़ी संख्या में भाग लिया। स्थिति यह रही कि बैठक कक्ष में बैठने की जगह भी कम पड़ गई। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी नरेश पासवान ने विद्यालय के पठन-पाठन की गुणवत्ता और विद्यालय परिसर में किए गए पौधरोपण कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## अविवाहित युवती ने मृत बच्चे को दिया जन्म

**धुरकी।** अविवाहित 21 वर्षीय लड़की का मां बनने और पूरे नौ महीने बच्चे को अपने गर्भ मे रखकर रविवार को जन्म देने का मामला सामने आया है। मामला धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव निवासी एक अत्यंत ही गरीब व भुइयां (दलित) समाज की 21 वर्षीय युवती का है। बताया गया की पीड़ित युवती को जब प्रसव पीड़ा हुई तब उसके परिजन आनन-फानन मे ऑटो से सीएचसी धुरकी लेकर जाने लगे, इसी क्रम मे पीड़िता ने रास्ते मे ही एक बच्ची को जन्म दिया और उसकी मौत भी हो गई। इसके बाद उसे सीएचसी मे भर्ती किया गया। ड्यूटी मे मौजूद एएनएम रेनु कुमारी ने भर्ती कर लिया और बताया कि युवति अविवाहित है और रास्ते में ही युवती ने एक मृत बच्ची को जन्म दिया है और उसकी मौत हो गई थी। पीड़ित युवती और उसके परिजनों ने बताया कि गांव का ही एक अधेड़ 60 वर्षीय यमुना प्रसाद जायसवाल, जो पहले से ही उसने भी शादी नहीं है, वह भी अविवाहित है। उसने एक वर्ष पूर्व पीड़ित दलित युवती के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया था, जब इसका विरोध पीड़िता और उसके परिजनों ने किया तब आरोपी ने दलित युवती से और उसके परिजन से शादी कर उसे अपनी पत्नि बनाने की बात कही थी।

## हिन्दी दिवस पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता

**खरौंधी।** हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग गढ़वा की ओर से एक विशेष ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिले के सभी कोटि के कर्मियों-पुलिस बल, शिक्षक, सरकारी कर्मचारी और अन्य कर्मियों के लिए आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का उद्देश्य हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हिन्दी के महत्व को और अधिक प्रासंगिक बनाना था। प्रतियोगिता रविवार को अपराह्न 12:30 बजे से 12:45 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुई। निर्धारित समय पर लिंक खोला गया और ठीक 15 मिनट के भीतर क्विज का संचालन पूरा कर लिया गया। प्रतियोगिता की खासियत यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और हिन्दी भाषा की समृद्ध परंपरा, व्याकरण, साहित्य तथा सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्नों का उत्तर दिया। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में खरौंधी प्रखंड के कई शिक्षकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी हिन्दी ज्ञान की क्षमता का प्रदर्शन किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन से शिक्षकों और कर्मियों में भाषा के प्रति गहरी समझ विकसित होती है और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती है।कार्यक्रम की सफलता पर विभाग ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करने की घोषणा की। यह प्रतियोगिता हिन्दी दिवस को और भी सार्थक बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुई।

## संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा जिउतिया व्रत

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को महिलाओं ने जीवित्पुत्रिका व्रत पूजा की। शनिवार को नहाय-खाय के साथ जीउतिया पर्व शुरू हुआ। रविवार को महिलाओं ने पुरे दिन निर्जला उपवास रखा और शाम में विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने अपने संतान के दीर्घायु जीवन प्रदान करने की कामना की। जीवित्पुत्रिका पर्व को लेकर केतार बाजार सहित ग्रामीण इलाके मुकुन्दपुर, परसोडीह, मेरौनी, बलिगढ़, पाचाडुमर सहित अन्य गांवों में खास उत्साह देखा गया। महिलाएं अपने आस-पड़ोस के मंदिरों में पहुंचकर पूजा की एवं जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा भी श्रवण किया। माताएं अपने बच्चों की अच्छी सेहत के कामना के लिए यह व्रत दिन व रात भर निर्जला यानी बिना पानी पिए उपवास व्रत करती है। इस व्रत को करने से संतान को लंबी उम्र के साथ अच्छा स्वास्थ्य और संपन्नता प्राप्त होती है। कई लोगों ने अपने घरों में भी सामूहिक गौरी पूजा का आयोजन किया। निर्जला उपवास रहकर महिलाएं पवित्रता का पालन करते हुए यह व्रत रखा। सोमवार की सुबह में पारण के साथ इस व्रत का समापन होगा। जिउतिया व्रत महिलाओं के अपने संतान के प्रति गहरे स्नेह और आस्था का सशक्त प्रतीक है।

## भंडरिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंडारिया व ग्राम मंडरा में रविवार को एसबीआई संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ विजय गोस्वामी द्वारा स्वास्थ्य जांच कर लोगों को निशुल्क दवा दिए गए। लैब टेक्नीशियन द्वारा भी कई मरीजों को ब्लड जांच किया गया और फर्मासिस्ट द्वारा मरीज को दवा वितरण किया गया। भंडारिया गांव और ग्राम मंडरा के मरीजों का इलाज किया गया गांव के स्वास्थ्य सहिया और ग्रामीण उपस्थित थे बता दे कि एसबीआई फाउंडेशन संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स द्वारा चयनित कांडी प्रखंड के 20 गांव का बेसलाइन सर्वे करा कर उसी 20 गांव में प्रत्येक महीना स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है। कॉर्डिनेट अमरेंद्र कुमार द्वारा लोगों को एसबीआई संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। ये सुविधा आपके गांव में प्रत्येक महीना में दो बार उपलब्ध है। छोटी- छोटी बीमारी को नहीं छुपाएं जब भी शिविर हो आकर लोग अपना स्वास्थ्य जांच डॉ द्वारा करा कर परामर्श लें, ताकि छोटा बीमारी को रोका जा सके।

## मुख्य बाजार ब्लॉक मोड में खुली नाली से कभी भी हो सकती है दुर्घटना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार ब्लॉक मोड़ स्थित तीन मुहान सरकारी दुकान के समीप निर्मित नाली खुले रहने से लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। यह मार्ग मझिआंव प्रखंड का अत्यंत व्यस्त सड़क है। जहां से प्रतिदिन करीब एक हजार छोटी-बड़ी गाड़ियां गुजरती हैं। बावजूद इसके प्रशासन की अनदेखी से यह नाली हादसे को दावत दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तीन मुहान सड़क का हिस्सा पहले से ही संकीर्ण है। सड़क के दोनों ओर बनी बड़ी-बड़ी इमारतों के कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। उस पर खुले पड़े नाली ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कई बार वाहन चालक और राहगीर बाल-बाल दुर्घटना से बचे हैं। गलीमत है कि अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। नागरिकों का कहना है। कि इस रास्ते से आम जनता के साथ-साथ शासन-प्रशासन के भी वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। अगर जल्द ही नाली पर ढक्कन नहीं लगाया गया, तो किसी दिन बड़ा हादसा घट सकती है। जिससे जान-माल की भारी क्षति हो सकती है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि तुरंत कार्रवाई कर नाली पर ढक्कन डाला जाए, ताकि आम जनता सुरक्षित आवागमन कर सके और बाजार क्षेत्र की स्थिति सामान्य हो सके।

## पुत्र-पुत्रियों की दीर्घायु के माताओं ने किया जिउतिया पर्व

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर ।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को पुत्र-पुत्रियों की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली के लिए महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक जीवित्पुत्रिका व्रत (जिउतिया) किया। इस अवसर पर घरों और मंदिरों में दिनभर पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजन होते रहे। महिलाओं ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर जीवित वाहन बाबा से अपनी संतान के लंबी आयु और जीवन में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। शनिवार को महिलाओं ने नहाए-खाए अनुष्ठान कर इस पर्व की शुरुआत की। इसके बाद रविवार को पूरे नियम-कानून के साथ जीवित्पुत्रिका व्रत रखा गया। हिंदू धर्म में इस व्रत का विशेष महत्व माना गया है। यह कठिनतम व्रतों में से एक है, जिसमें महिलाएं बिना अन्न और जल ग्रहण किए पूरी रात-दिन व्रत करती हैं। गायत्री शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में महिलाएं जुटीं। यहां परिवाजक ललसु राम एवं विवेक सुमन ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जीवित वाहन बाबा की विशेष पूजा कराई। इसके बाद व्रती महिलाओं ने कथा श्रवण किया और संतानों की दीर्घायु तथा परिवार की खुशहाली की कामना की। कर्मकांडी सोमेश्वर तिवारी ने बताया कि आश्विन मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को जीवित्पुत्रिका व्रत रखा जाता है। इसमें महिलाएं जीवित वाहन बाबा की पूजा कर अपनी संतान की लंबी उम्र और हर दुख-बाधा से रक्षा की प्रार्थना करती हैं। अगले दिन व्रती महिलाएं पारण कर व्रत का समापन करती हैं। उधर व्रत को लेकर शनिवार और रविवार को बाजारों में काफी चहल-पहल देखी गई। महिलाओं ने पूजा सामग्री, फल और सब्जियों की जमकर खरीदारी की।

### मंदिरों में उमड़ी महिलाओं की भीड़

जीवित्पुत्रिका व्रत को लेकर मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। पेट्रोल पंप स्थित गायत्री शक्तिपीठ, भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर, अहिपुरवा काली मंदिर, चेचरिया पंचमुखी महादेव मंदिर और पाल्हे कला स्थित आशुतोष महादेव मंदिर सहित कई मंदिरों में महिलाओं ने सामूहिक पूजन-अर्चन किया।

## कई महीनों से टूटे पानी टंकी को मुखिया ने बदलवाया

**कांडी।** प्रखंड के कांडी पंचायत स्थित कांडी मदरसा में लगभग एक महीना से जलमीनार का टंकी टूटा हुआ था। जिसको कांडी पंचायत मुखिया विजय राम ने स्वतः संज्ञान लेते हुए शनिवार को टूटे टंकी को नया लगवा दिए। जलमीनार का टंकी टूटे रहने से मदरसा में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता था। साथ ही इसी परिसर में स्थित जामा मस्जिद में नमाज अदा करने आने वाले मुस्लिम भाइयों को वजू करने को लेकर भी दिक्कत हो रहा था। साथ स्थायी रूप से रहने वाले मौलवी व हाफिज को भी पानी के लिए परेशान होना पड़ता था। उक्त सभी परेशानियों को देखते हुए पंचायत मुखिया विजय राम ने जलमीनार को ठीक कराकर पानी देने का काम किया है।

## संतानों की दीर्घायु व स्वस्थ के लिए माताओं ने जिउतिया व्रत पर किया निर्जला उपवास

**भंडरिया।** माताओं संतानो की दीर्घायु व स्वस्थ रहने के लिए व्रत जिउतिया पर्व पर की पूजा अर्चना किया। यह पर्व माताएं अपने सतानों के दीर्घायु के लिए मनाती है। यह व्रत महाभारत काल से ही जुड़ा है। माताएं इस व्रत को निर्जला उपवास रह कर करती है। यह व्रत आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को माताएं निर्जला उपवास रह कर करती हैं। माताएं अपने पुत्र की दीर्घायु और स्वास्थ्य के लिए इस व्रत को करती है। इस व्रत को क्षेत्रानुसार कई नामों से जाना जाता है। जैसे जितिया, जिउतिया, जीमूतवाहन आदि। माताएं पूजा पाठ कर पुत्र दीर्घायु की कामना करती हैं। अंतिम दिन पारण कहलाता है। इस दिन दर्जनों प्रकार के व्यंजन बनाए जाते बनता है। जिसमें खास कर मडुआ की रोटी, कुशी-केराव के झोर-भात, कई प्रकार के साग, कन्दा, कच्चू, पोइयाँ साग, कोहड़ा, चना, मटर आदि से मिला हुआ सब्जी आदि बनता है।

## नगर पंचायत कार्यालय में पीएमसी विश्वनाथ कुमार वर्मा को दी गई विदाई

**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत कार्यालय सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत में लगभग चार वर्षों से कार्यरत पीएमसी विश्वनाथ कुमार वर्मा को विदाई दी गई। बताते चलें कि उनका स्थानांतरण विभागीय स्तर पर रामगढ़ हुआ है। कार्यक्रम में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने वर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विकास कार्यों को गति देने और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाई। उनके कार्यों से नगर पंचायत को कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं। समारोह में कर्मियों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

**मातृ भाषा** | हिन्दी दिवस व प्रभात संगीत दिवस का आयोजन

# संस्कृति व संगीत एक नवीन युग का सूत्रपात करता है : निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेराल।** एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन स्कूल मेराल में हिंदी दिवस एवं प्रभात संगीत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात संगीत के रचयिता आनंदमूर्ति जी उर्फ श्री प्रभात रंजन सरकार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण कर किया गया। विद्यालय के निदेशक सह आनंद मार्ग प्रचारक संघ के भुक्ति प्रधान धर्मेंद्र देव ने कहा कि प्रभात संगीत आनंद मार्ग के प्रवर्तक श्री प्रभात रंजन सरकार द्वारा प्रणीत 5018 संगीतों का संग्रह है। प्रभात संगीत संस्कृति और संगीत के क्षेत्र में एक नवीन युग का सूत्रपात करता है, इस संग्रह में विविध अवसरों के लिए उपयुक्त गीत है भक्ति आध्यात्मिक, जागृति, प्राकृतिक, सौंदर्य ,सामाजिक अभ्युदय, लोक जीवन, बालमन आदि से संबंधित विलक्षण गीत इस संग्रह को समृद्ध करते हैं। साथ ही हिंदी हमारे भारत देश के पारंपरिक देशवासियों के संबंध की आत्मा है। इसी दिन 14 सितंबर 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को भारत गणराज्य राजभाषा के रूप में अपनाया था। यह दिन हिंदी भाषा के सम्मान और प्रचार- प्रसार के लिए समर्पित है और लोगों को अपनी भाषा के प्रति गर्व महसूस करने एवं राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हिंदी के वैश्विक महत्व को भी उजागर करता है, क्योंकि यह दुनिया के सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से में से एक है। इस अवसर पर विद्यालय के राहुल कुमार ,पूजा कुमारी ,सिमरन कुमारी करण कुमार कौशल , रामाशीष राम, संजय ठाकुर ,संजय कुमार गुप्ता, दुर्गेश राम सहित बच्चे उपस्थित थे।

# जस्टिस एलपीएन शाहदेव प्लस टू विद्यालय के किसी भी छात्र का वर्ष बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा : प्रतुल शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लाल प्रतुल नाथ शाह देव ने लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत जमीरा स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव प्लस 2 विद्यालय रोल के छात्रों को आश्वासन दिया है कि किसी भी एक छात्र का एक वर्ष बर्बाद नहीं होने दिया जायेगा। ज्ञात हो कि चंदवा प्रखंड के रोल गांव स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के 11वीं कक्षा में अध्यनरत 130 विद्यार्थियों का रिजल्ट तकनीकी कारणों से इनवेलिड कर दिया गया है, अब वह 12वीं का फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। इस मामले पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने संज्ञान लिया है। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर मामले पर संज्ञान लेने की बात कही है। ट्वीट में कहा है कि मेरे पिताजी एवं झारखंड मूल के उच्च न्यायालय के प्रथम न्यायाधीश सह झारखंड आंदोलनकारी जस्टिस एलपीएन शाहदेव के नाम पर चंदवा प्रखंड के सुदूर रोल गांव में प्लस टू उच्च विद्यालय संचालित है। यहां अध्यन्तरत 11वीं के 130 बच्चों का रिजल्ट भाषा चयन के दौरान गलती होने से इनवैलिड हो गया है। बच्चों और अभिभावकों को पूरा वर्ष खराब होने का खतरा सता रहा है। यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है ऐसे में मुख्यमंत्री जी से इस मामले पर संज्ञान लेकर जैक से कार्रवाई का आग्रह किया है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि किसी भी कीमत पर एक भी बच्चों का वर्ष बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा. उक्त विद्यालय मेरे पिताजी के स्मृति में संचालित है. चाहे कोई भी दरवाजा खटखटाना पड़े, बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे. उन्होंने बताया कि इस मामले पर जैक के अध्यक्ष नटवा हांसदा एवं सचिव जयंत मिश्रा से उनकी आज ही सकारात्मक बातचीत हुई है अधिकारीद्वय ने कहा कि सोमवार को इस मामले पर रिव्यू बैठक की जाएगी मामले का निष्पादन किया जाएगा एक भी बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा साइट में जो भी कमी है उसे दूर करने का भी प्रयास होगा। प्रदेश प्रवक्ता श्री शाहदेव के इस प्रयास के बाद 130 बच्चे एवं उनके अभिभावको को थोड़ा सुकून मिला है।

## न्यूज बॉक्स

### रिम्स-2 का निर्माण चंदवा में कराने की मांग

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के एक्स हैंडल पर पोस्ट कर रांची के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स 2 का निर्माण चंदवा प्रखंड में कराने का आग्रह किया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए मांग पत्र में कहा है कि रांची जिला के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स 2 को लेकर भूमि विवाद गहराता चला जा रहा है। ऐसे में लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड में पर्याप्त मात्रा में सरकारी भूमि (जीएम लैंड) की जमीन उपलब्ध है, जिससे परियोजना को तेजी से किर्यान्वित किया जा सकता है। वर्तमान में रिम्स की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ते बोझ को कम करने और संपूर्ण पलामू प्रमंडल एवं चतरा, लोहरदगा के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि रिम्स -2 की निर्माण लातेहार जिले की चंदवा प्रखंड में की जाए। मांग करने वालों में जहांगीर खान, मकबुल खान, तैयब मियां, जीशान खान, टीपू खान, परवेज खान, हसीब खान, लालधारी महली, इमरान खान, फिरदौस खान समेत कई लोग शामिल हैं।

### जमीन संबंधी त्रुटियों को सुधारें : ग्राम प्रधान

**चंदवा।** प्रखंड के पंचायत भवन बारी में ग्राम प्रधान रोबेन उरांव की अध्यक्षता में रविवार को बनहरदी कोल ब्लॉक विस्थापित रैयतों की बैठक हुई। बैठक का संचालन लाल जन्मजय नाथ शाहदेव एवं बेलाल अहमद के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पिछली बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार अंचलाधिकारी से मिल कर कोल ब्लॉक में रैयतों की ज़मीन संबंधी त्रुटियों में सुधार के लिए अवगत कराना एवं निदान के लिए परामर्श करना था। जिसे शनिवार को अंचलाधिकारी से मिलने के उपरांत रविवार की आम सभा में उपस्थित सभी रैयतों को अंचलाधिकारी द्वारा बताये गये सभी बातों को विस्तार पूर्वक बताया गया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि विस्थापित हो रहे सभी रैयतों कि ज़मीन संबंधी सभी त्रुटि की सूची तैयार करना तथा सभी की पारिवारिक सूची तैयार करने और जब तक सभी रैयतों का ज़मीन संबंधी समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक कंपनी के कार्यों का बहिस्कार किया जाएगा। उपस्थित सभी रैयतों के द्वारा अंचल कार्यालय जिला कार्यालय एवं उपायुक्त से मांग की गई कि इस समस्या का समाधान जल्द कराया जाय। मौके पर हाजी हाशिम,हाजी समीद अहमद अंसारी, महेश मोची, अरुण राम, सुरेश उरांव, राजू उरांव, रमेश उरांव, कंदरू राम, सूरज उरांव, सबिता देवी,सचिता कुमारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### रेलवे स्पोर्ट क्लब में कराटे बेल्ट ग्रेडोंक का आयोजन

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह सोतोकान कराटे स्टाइल और क्लासिकल मार्शल आर्ट फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में विवार को बरवाडीह रेलवे स्पोर्ट क्लब में कराटे बेल्ट ग्रेडोंक का आयोजन किया गया। इसमें बरवाडीह के लेदगांई में स्थिर संत क्लारेट स्कूल, चपरी के ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल, हूंटार पलामू एवं बरवाडीह के स्थानीय लगभग 50 कराटेकारों ने भाग लिया। बालक एवं बालिका दोनों वर्ग के लोग शामिल थे। ग्रेडेशन में यलो बेल्ट दस क्यू, ऑरेंज बेल्ट नवम क्यू, ग्रीन बेल्ट आठ क्यू एवं ब्लू बेल्ट सात क्यू का बेल्ट टेस्ट लिया गया। जिसमें सभी कराटेकारों ने पास किया है। यह ग्रेडेशन सेंसाई मदन लाल के द्वारा किया गया। सेंसाई मदन लाल के साथ सेनपाई रमेश कुमार, सेनपाई जंग बहादुर सिंह, फुलचन सिंह, राहुल राम, रंजन सिंह एवं चंदन कुमार का कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग मिला। सेंसाई मदन लाल ने बताया कि जल्द ही जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता बरवाडीह में कराई जाएगी इसमें जो भी खिलाड़ी चयनित होंगे उसे राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड में खेलने का मौका दिया जाएगा।

### निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन

**लातेहार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के लातेहार शाखा एवं सुहागिन देवी आरोग्य मिशन करकट लातेहार के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को करकट स्थित सुरेंद्र बिहार नर्सिंग होम में एक दिवसीय निशुल्क हृदय जांच शिविर एवं तनाव प्रबंधन पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें दुमका मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर पीयूष रंजन के द्वारा शहरवासियों के बीच तनाव प्रबंधन विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वस्थ मन के लिए स्वस्थ तन का होना आवश्यक है। अपनी स्वच्छता अपने हाथों में है शाकाहारी एवं सात्विक आहार से ही तन को स्वस्थ रख सकते हैं। वहीं रांची के प्रसिद्ध डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने इस शिविर एवं कार्यशाला के लिए ब्रह्माकुमारी एवं डॉक्टर पीयूष रंजन को धन्यवाद दिया। कार्यशाला में कुल 53 लोगों का निःशुल्क हृदय जांच की गई जिसमें लातेहार जिले के अलावे लोहरदगा एवं पलामू से भी कुछ लोग शामिल हुए। इस जांच शिविर में संचालन ब्रह्माकुमारी शाखा लातेहार के प्रशासिका बीके अमृता, संस्था के राजमणि प्रसाद, थाना प्रभारी, गुमला सेवा केंद्र से आए सुजीत बहन,आशीष भाई, विनोद भाई, अवधेश भाई, सुनीतामाता, पूनम माता, इत्यादि उपस्थित रहे।

### जिला अध्यक्ष चुनाव को लेकर बैठक

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बेतला में रविवार के दिन कांग्रेस पार्टी के सृजन कार्यक्रम एवं जिला अध्यक्ष चुनाव को लेकर रायसुमारी को लेकर कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारीयों का बैठक किया । इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सुनिल केदार, हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक के साथ साथ मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह कार्यक्रम में रहे। सभी प्रखंड कमेटी और पंचायत कमेटी के लोगों से जिला अध्यक्ष के चुनाव को लेकर रायसुमारी लिया गया। जिसमें सभी प्रखंड अध्यक्ष और पंचायत अध्यक्ष के लोगों कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने सभी लोगों राय लिया, फिर जल्द ही जिला अध्यक्ष चुनाव को सम्पन्न कराने की बात कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा। वहीं बेतला में कांग्रेस पार्टी के सृजन कार्यक्रम एवं जिला अध्यक्ष चुनाव को लेकर रायसुमारी पर महाराष्ट्र से आए पूर्व मंत्री सुनिल केदार ने कहा कि आज पूरे राज्य में कांग्रेस पार्टी मजबूत हो रहा है। हमलोग अब हर पंचायत में कार्यकर्ता को अधिक से अधिक जोड़ने का काम कर रहे। जिससे आने वाले चुनाव में हमारी केंद्र में सरकार होगा और हमलोग गरीब दलीत पिछडा लोगों को सेवा कर करेंगे। कांग्रेस पार्टी को मजबूती के हर जिला में खड़ा करेंगे। मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, कांग्रेसी नेता इस्तेखार अहमद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, विधायक पुत्र सह कांग्रेसी पाटी के स्टेट कोनिडिनेटर विजय बहादुर सिंह, प्रखंड प्रिंस गुप्ता, अनील सिंह, दीपू तिवारी, सईद अंसारी, अजीत कुमार, अवधेश मेहरा, मुना खान, कांग्रेसी नेता तेतर यादव, जुबैध सिंह, विकास सिंह, मनोज मांझी, संजय सिंह, जयप्रकाश रजक, मनोज सिंह, पंकज पासवान आलोक कुमार,दिलीप सिंह, फुलेश्वर सिंह,निर्मल सिंह के साथ साथ सैकड़ों लोग पंचायत अधयक्ष और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता लोग रहे उपस्थित।

### टीएसपीसी उग्रवादी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ थाना पुलिस ने चतरा जिला के कुंदा थाना अंतर्गत कमाल ग्राम निवासी राजेश भुइयां के इश्तेहार चिपकाया। जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बतलाया कि राजेश भुइयां उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर प्रताप जी के दस्ते का सक्रिय सदस्य रहा है। जिस पर बालूमाथ थाना में सीएलए ,आर्म्स आदि एक्ट का प्राथमिक अभियुक्त है। जो वर्षों से फरार चल रहा है। अगर न्यायालय द्वारा दिए गए समय के भीतर न्यायालय या पुलिस को आत्मसमर्पण नहीं करता है तो न्यायालय के निर्देशानुसार घर की कुर्की जब्ती कर लिया जाएगा। अभियान में पुअनि होसेन डांग मुरपा पिकेट प्रभारी बालूमाथ के अलावे चतरा जिला के कुंदा थाना पुलिस शामिल रहे।

# मगध सीसीएल में ट्रक के चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

- विरोध में ग्रामीण व परिजनों ने शव उठाने से रोका
- मगध सीसीएल जीएम व पुलिस के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने शव उठा

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** मगध कोल माइंस के 51 नंबर स्टॉक जाने वाली सड़क, पुराना भीपीआर कैंप के निकट एक ट्रक के चपेट में आने से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग भुनेश्वर साव ग्राम आरा थाना बालूमाथ का घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजन के अनुसार भुनेश्वर साव मवेशी देखने जा रहे थे कि इसी दरमियान ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। आक्रोशित ग्रामीण एवं परिजनों ने घटनास्थल पर ही शव रखकर प्रदर्शन किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि जान बुझ कर ड्राइवर द्वारा ट्रक चढ़ा दिया गया है, जिससे मौत हो गई है। मौके पर अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा दल बल के साथ पहुंच घटना का जायजा लिया। परिजन ने दोषियों पर कार्रवाई करने की पुलिस से मांग की एवं मगध सीसीएल से मुआवजा नौकरी एवं माइनिंग ट्रांसपोर्टिंग एरिया में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता मांग किया जाए ताकि इस तरह की घटना का पुनरावृत्ति न हो सके।मगध सीसीएल महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार के साथ पूरी सहानुभूति है। सीसीएल द्वारा कुछ आर्थिक सहयोग पीड़ित परिवार को दिया जाएगा एवं घटना का जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## जितिया का पर्व पर अपने संतान की लंबी उम्र की माताओं ने कामना की



**लातेहार।** जिला मुख्यालय समेंत आसपास के क्षेत्रों में जितिया (जीवित्पुत्रिका व्रत) पर्व पारंपरिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने निर्जला उपवास कर अपने संतान की लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना की। इससे पहले जितिया व्रत के पहले अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि 13 सितंबर को नहाय खाय मनाया गया। इसमें महिलाएं नहाने के बाद ही भोजन करती हैं। दूसरे दिन 14 सितंबर को खर जितिया मनाया गया। इसमें मातायें निर्जला व्रत रखती हैं और भगवान शिव व मां पावर्ती की पूजा करती हैं। माताओ ने सामुहिक रूप से भी जितिया पर्व मनाते देखा गया। शहर के मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर व श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में माताओं ने सामुहिक रूप से जितिया का पर्व मनाया और भगवान शिव व माता पावर्ती की कथा का श्रवण किया। पूजारी त्रिभुवन पांडेय ने बताया कि जितिया (जीवित्पुत्रिका व्रत) अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी से नवमी तक मनाया जाता है। जितिया व्रत का महत्व हिंदू धर्म में बहुत अधिक है। खासकर संतान की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए इस व्रत को रखने से संतान पर आने वाले संकट टल जाते हैं और उनकी उम्र लंबी होती है। उन्होने बताया कि तीसरे दिन 15 सितंबर को व्रत का पारण किया जायेगा। इसमें महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत तोडेंगी।

## संगठन सृजन अभियान में कांग्रेस जिला अध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी



**बालूमाथ (लातेहार)।** संगठन सृजन कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत लातेहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन प्रक्रिया को लेकर तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल रोज गार्डन के सभागार में चार प्रखंडों के कार्यकर्ताओं के साथ एआईसीसी द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक की बैठक हुई। इस बैठक में जिला अध्यक्ष चयन को लेकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की गई।बैठक में बतौर पर्यवेक्षक महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री सुनील केदार, झारखंड हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। सुनील केदार ने संगठन सृजन अभियान के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष पद के लिए 15 लोगों ने आवेदन किया है, जिनके संबंध में रायशुमारी की जा रही है। परिणाम की घोषणा पार्टी के शीर्ष नेता 30 सितंबर को करेंगे। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। जयशंकर पाठक और कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुज्जर उरांव ने भी संगठन हित में कार्य करने वालों को जिला अध्यक्ष पद पर प्राथमिकता देने की बात कही।मंच संचालन बालूमाथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात ने किया। कार्यक्रम में चंदवा प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, बरियातू प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष लाडले खान सहित कई नेताओं ने अतिथियों का माला व गुलदस्ता देकर स्वागत किया।प्रखंडवार कार्यकर्ताओं से बारी-बारी से राय ली गई। मौके पर पंकज तिवारी, आफताब आलम, इफ्तेखार अहमद, हरिशंकर यादव, कामेश्वर यादव, कर्मदेव भगत, रिंकू, सोनू, अबरार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हाइवा वाहन मालिकों ने भाड़ा वृद्धि समेत अन्य मुद्दों को लेकर की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** पिछले दिनों आम्रपाली- चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के हाइवा वाहन मालिकों संघ पुनर्गठन किये जाने के बाद सभी एक्शन मोड़ में दिखाई दे रहे हैं। भाड़ा वृद्धि समेत अन्य मुद्दों पर रविवार को आयोजित चुंदरु धाम परिसर में हुई जिसमें आम्रपाली परियोजना से कोयले की ढुलाई का निर्धारित भाड़ा प्रतिटन बरकाकाना 800 रुपये, पतरातू 830 रुपये, कुजू 750 रुपये, भुरकुंडा 820 रुपये, बालेडीह 1020 रुपये, दुग्धा 11 सौ रुपये, मुरी 1050 रुपये, गोला 870 रुपये, टोरी 7 सौ रुपये, बालूमाथ 6 सौ रुपये, एनटीपीसी टंडवा 165 रुपये, राजधर 280 रुपये, कुसमाही 620 रुपये एवं बोकारो- डालमिया 1050 रुपये तय किया गया है। वहीं उक्त निर्धारित भाड़ा गिराकर काम लाने वाले ट्रांसपोर्टरों को सख़्त हिदायत दी गई है। दूसरी ओर, एनटीपीसी टंडवा से उत्पादित राख की ढुलाई में ट्रांसपोर्टरों द्वारा सिर्फ 16 चक्का वाहनों को ही प्रयोग में लाने की मांग करते हुए ढुलाई करवाकर भाड़ा बकाया रखने वाले ठेकेदारों के कामों को बंद कराने लोगों ने सहमति जताई है। बताया गया कि पिपरवार क्षेत्र में कार्यरत वाहन एसोसिएशनों से समन्वय बनाकर जोरदार आंदोलन की रणनीति बनई जायेगी। आम्रपाली वाहन संघ के अध्यक्ष हेमराज साहू ने बताया कि आक्रोश का मूल वजह स्थानीय वाहनों को दरकिनार किया जाना है। लाखों रुपए ढुलाई का भाडा. बकाया रखने वाले कुछ ठेकेदार एनटीपीसी से राख ढुलाई में 18 से 22 चक्का गाड़ी अन्य राज्यों से लाकर उपयोग कर रहे हैं। इस मौके पर टंडवा वाहन संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार साव, प्रवीण शर्मा, बसंत कुमार, रंजीत महतो, होरिल साहु, महेंद्र साव, गणेश कुमार, सुरेश कुमार, युगेश्वर महतो, दशरथ महतो, नेपाल साव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**हेरहंज।** थाना परिसर हेरहंज में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी दिवाकर दुबे एवं थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया ने किया।बैठक में दुर्गा पूजा शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। अंचलाधिकारी ने बताया कि विसर्जन समयानुसार करें।कोशिश करें कि रात्रि होने से पूर्व हरहाल में विसर्जन कर दें। डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध है। साथ ही शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध रहे, कोई भी व्यक्ति शराब का सेवन करके पंडाल के अंदर प्रवेश न करे। बैठक में मुख्य रूप से एस आई सुबोध सिंह, मोहनलाल सिंह, उप प्रमुख विजय उरांव, चन्द्रदेव उरांव, शिव नाथ रजक, कलीम अंसारी निजामुद्दीन, मियां प्यारूल अंसारी, अनिल उरांव, मनीष जायसवाल, बबलू गुप्ता, श्रीकांत जायसवाल, भीम प्रसाद साहू, अजीत कुमार शिव सिंह, सकेंद्र साव, संदीप कुमार साहू, आनन्द कुमार गोस्वामी, बब्लू यादव, दीपक सिंह, सुरेश राम रौशन ठाकुर, रंजन प्रसाद साहू, महेंद्र प्रसाद साहू, नागेन्द्र गुप्ता, विशुनदेव यादव सहित पूजा कमिटि के सदस्य एवं दोनों समुदायों के कई प्रबुद्ध लोग शामिल थे।

### माको डाक बंगला मे खरवार आदिवासी एकता संघ की हुई बैठक

**लातेहार।** शहर के माको डाक बंगला में रविवार को खरवार आदिवासी एकता संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामगनेश सिंह ने की। बैठक में संगठन विस्तार, जागरूकता कार्यक्रम, सदस्यता अभियान और समाज की जागृति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष रामगनेश सिंह ने कहा कि संगठन के माध्यम से समाज को जागरूक करना और एकजुट रखना ही प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि समाज संगठित होंगे तभी समाज का विकास होगा। पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह ने कहा कि समाज के लोगों को बच्चों के पढ़ाई के लिए जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि एकजुट रहेंगे तभी ही हक और अधिकार मिलेगी। मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह ने कहा कि समाज के प्रत्येक लोगों को संघ में जोड़ें। उन्होंने कहा कि समाज के मजबूती के लिए सदस्यता अभियान जरूरी है। हक, अधिकार के लिए समाज के लोगों को जागरूक करना किया जाएगा। बैठक में अनिल सिंह, प्रदीप सिंह, मुकेश सिंह, छत्रवती सिंह, योगेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, सहायक सिंह, सुरेश सिंह, भागवत सिंह, सत्यनारायण सिंह, देवनाथ सिंह, प्रवीण सिंह समेत संगठन के प्रखंड अध्यक्ष,कोषाध्यक्ष और सचिव आदि मौजूद थे।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय में मुख्य न्यायाधीश का आगमन

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय परिसर में रविवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान का सपरिवार आगमन हुआ। विद्यालय के मुख्य द्वार पर विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके उपरांत माननीय मुख्य न्यायाधीश सपरिवार विद्यालय परिसर में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्य न्यायाधीश चौहान ने विद्यालय परिसर का अवलोकन करते हुए पुस्तकालय और जीव विज्ञान प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया और विद्यालय के पूर्व स्थापित परम्परा की सराहना की। कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यालय ओडिटोरियम प्रांगण में पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्य न्यायाधीश ने सपरिवार रबर एवं महोगनी के पौधे लगाए। पौधरोपण कार्यक्रम में उनके साथ विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार, झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश लातेहार, उपायुक्त लातेहार और पुलिस अधीक्षक लातेहार, महुआडांड़ डीएसपी शिव पुजन बहेलिया, नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षकगण मुकेश कुमार, उदय कुमार मरांडी, डॉ. राजेश चंद्र गुप्ता, कृषि प्रशिक्षिका ममता कुमारी सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं प्रशासी पदाधिकारी रोशन कुमार बक्शी मौजूद थे। वही माननीय मुख्य न्यायाधीश के इस आगमन से विद्यालय परिसर में हर्ष और गौरव का वातावरण व्याप्त रहा। इससे पूर्व शनिवार शाम को मुख्य न्यायाधीश सपरिवार नेतरहाट आगमन हुआ जहा अरुणोदय अतिथीशाला मे गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# चंदवा के प्रसिद्ध मां उग्रतारा मंदिर नगर में 16 दिवसीय नवरात्र आज से शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर में कलश स्थापना कर मां मातेश्वरी की आराधना सोमवार से प्रारम्भ हो जाएगी। इस वर्ष आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी के बाद मातृ नवमी सोमवार को मां अष्टादशभुजी की कलश स्थापना किया जाएगा। इसके साथ ही यहां नवरात्रि पूजन प्रारंभ हो जाएगा। यहां 16 दिनी नवरात्र पूजन का विधान है। इसके बाद मंगलवार से शनिवार तक प्रतिदिन मां अष्टादश का कलश पूजन, महाआरती व अन्य कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न होते रहेंगे। अमावस्या तिथि रविवार की शाम 6 बजे मां गौरा के आगमन के बाद कलश की स्थापना होगी। इसके बाद यहां बकरे की बलि प्रारंभ होगी (दिन में बकरों की बली नहीं होगी)। प्रतिपदा सोमवार से शनिवार पंचमी तिथि तक नित्य दिन सभी पहर आरती,मंडप स्थित कलश पूजन एवं श्रद्धालुओं के लिए पूजा विधि विधान से जारी रहेगी। रविवार षष्ठी तिथि के अपराह्न 2:30 बजे विल्वाभिमंत्रण के लिए लोग दामोदर गांव प्रस्थान करेंगे। मातेश्वरी को आमंत्रण के पश्चात संध्या में कलश पूजन होगा। महाआरती के पश्चात मां गौरा के विषर्जन के बाद देवी को लाने हेतु दामोदर गांव प्रस्थान करेंगे। इसी दिन अपराह्न 3 बजे से देवी स्नान एवं श्री गणेश ब्रह्मा का कलश स्थापना एवं देवी पूजन होगा। तत्पश्चात आम श्रद्धालुओं के लिए बकरों की बलि शुरू होगी। मंगलवार अष्टमी तिथि को दिन में 1:44 बजे संधि बलि (महिशबलि) होगी। शाम 4 बजे मंदिर के पश्चिम दिशा स्थित हवन कुंड में हवन कार्य सम्पन्न होगा। रात्रि में 10:30 बजे कलश पूजा के बाद श्रद्धालुओं के लिए बकरे की बलि शुरू होगी। बुधवार नवमी तिथि को दिन में 11 बजे महामार (महिशबलि) संपन्न होगी। गुरुवार दशमी तिथि की सुबह महा आरती के बाद मां भगवती का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके उपरांत आसन पर पान चढ़ाया जाएगा। मान्यता है कि पान गिरने के बाद मातेश्वरी का आदेश प्राप्त होता है। इसके बाद ही नवपत्रिका भगवती के विसर्जन की परंपरा है। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए पूजा एवं बलि कार्य प्रारंभ होंगे। नीलकंठ दर्शन व महिष बलि के पश्चात दशहरा पर्व संपन्न होगा। उक्त जानकारी मंदिर के सेवायत सह मुंतजिमकार गोविंद बल्लभ मिश्र ने दी है।

## शांति समिति की बैठक में उठाये गए समस्याओं पर अधिकारियों ने लिया संज्ञान

नवीन मेल संवाददाता




**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में हुई भारी बारिश ने पूरे प्रखंड में जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। कहीं सड़क बह गये तो, कहीं पुल-पुलिया ध्वस्त हुई है। शहरी इलाकों में कई स्थानो पर जलजमाव की समस्या बन गई है। इन्ही समस्याओ को लेकर शनिवार कि संध्या अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा, पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह व बीडीओ चंदन प्रसाद ने शहर के सरोज नगर स्थित जर्जर पुलिया, गायत्री शक्तिपीठ मोहल्ले की सड़क पर जलजमाव कि समस्या समेत कई अन्य स्थानों का जायजा लिया। इस संबंध में स्थानीय लोगों से आवश्यक जानकारी ली गई। लोगों ने बताया कि लंबे समय से जल जमाव के कारण मोहल्ले वासियों का रहना और आना-जाना दुश्वार हो गया है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि लंबे समय से जल जमाव के कारण गंदा पानी जमा होने के कारण यहां मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है। लोगों का घरों से निकलना दुभर हो गया है। बीमारी की हालत में या किसी आपातकालीन स्थिति में लोगों के लिए यह मुसीबत और दोगुना हो जाता है। बताते चलें कि पिछले दिनों थाना परिसर में संपन्न हुए शांति समिति कि बैठक में भी स्थानीय लोगों ने इन समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा था जिस पर प्रशासनिक पदाधिकारियों ने इसे गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया था। इसी निमित्त शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने जल जमाव व जर्जर पुलिया का निरीक्षण कर इसके वैकल्पिक उपाय निकालने पर मंथन किया। कहा कि जल्द ही इन समस्याओ का समाधान करा दिया जायेगा।

### पांच दिवसीय मनी व खस्सी प्राइज फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन

# खेल के माध्यम से करियर बनाए खिलाड़ी : डीआईजी

● **नशा मुक्त समाज के निर्माण में खिलाड़ी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं : रामलखन**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अंतर्गत बरही चटकपुर मैदान में आयोजित पांच दिवसीय मनी एवं खस्सी प्राइज फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार प्रान्त अंतर्गत सीआरपीएफ के डीआईजी रविन्द्र भगत, मुखिया शोभा देवी, पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद, पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। उद्घाटन के दौरान राष्ट्रीय गान गाया गया तथा खिलाड़ियों का स्वागत कर परिचय प्राप्त किया गया। मुख्य अतिथि सीआरपीएफ डीआईजी रविन्द्र भगत ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य व अनुशासन का विकास होता है, बल्कि यह करियर बनाने का भी सुनहरा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मेहनत व लगन से वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा कि खेल से आपस में भाईचारा बढ़ता है और टीम भावना का विकास होता है। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में खिलाड़ी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं। उन्होंने 'नशा छोड़ो, फुटबॉल खेलो' का नारा देकर युवाओं व खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के फाइनल में अंग वारियर्स कुडू और फुटबॉल क्लब मन्हो के बीच मुकाबला हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में फुटबॉल क्लब मन्हो ने अंग वारियर्स कुडू को पराजित कर विजेता बनी। वहीं बालक वर्ग में डीसीएन लोहरदगा और यंग वारियर्स के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें डीसीएन लोहरदगा ने यंग वारियर्स को 2-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को मनी पुरस्कार एवं खस्सी प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, बालक व बालिकाओं के लिए कुर्सी रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन कमिटी के अध्यक्ष शक्ति साहु, परमानंद महतो, महावीर साहू, अमर भगत, आकाश साहू, फूलदेव भगत समेत सैकड़ों खेलप्रेमी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

### जितिया पर्व

## माताओं ने निर्जला उपवास कर किया जितीया व्रत



**लोहरदगा।** अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर रविवार को जिले भर में श्रद्धा और भक्ति भाव से जीवितपुत्रिका व्रत यानी जितिया पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर माताओं ने अपने संतान के लंबी उम्र, स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना के लिए कठोर निर्जला उपवास रखा। व्रती माताओं ने जीमूतवाहन सहित भगवान शंकर-पार्वती, कार्तिक एवं गणेश की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर संतान की रक्षा हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा-अर्चना के दौरान व्रती माताओं ने चिल्हो सियारो की पौराणिक कथा का श्रवण भी किया। पौराणिक मान्यता है कि इस व्रत को करने से संतान पर आनेवाले संकट टल जाते हैं। शास्त्रों के अनुसार खड़ जिउतिया करनेवाली माताओं की संतान की रक्षा स्वयं भगवान श्रीकृष्ण करते हैं। व्रती माताएँ अष्टमी तिथि से पूर्व 'नहाय-खाय' कर व्रत की तैयारी करती हैं। फिर पूरी श्रद्धा के साथ निर्जला व्रत रखकर भगवानों की पूजा करती हैं। व्रत पूर्ण करने के बाद नवमी तिथि को विधिपूर्वक पारण किया जाता है। इसके बाद मां और संतान दोनों पूजित जिउतिया धागा गले में धारण करते हैं। यह धागा मां और संतान के बीच अटूट प्रेम, सुरक्षा व स्नेह का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस धागे को लापरवाही से फेंकना अशुभ होता है। इसे जल में विसर्जित करने, तुलसी या पीपल के वृक्ष पर चढ़ाने अथवा पूजा स्थल पर सुरक्षित रखने की परंपरा है। ऐसा करने से मां का आशीर्वाद हमेशा संतान के साथ बना रहता है। जिउतिया पर्व के मद्देनजर जिले के बाजारों में विशेष रूप से उपयोगी सब्जियों की कीमतें आसमान पर चली गईं। इस व्रत में उपयोग की जाने वाली खास सब्जियों के लिए दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। बाजारों में जिउतिया गुंथवाने व खरीदने के लिए विशेष धागे की भी काफी मांग रही। विशेषज्ञ बताते हैं कि जीवितपुत्रिका व्रत केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह संतान के साथ मातृत्व के गहरे संबंध, परिवार की एकता व सामुदायिक जुड़ाव को भी प्रकट करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सामूहिक रूप से व्रत करती हैं, जिससे सामाजिक एकजुटता और परंपरागत मूल्य सुदृढ़ होते हैं।

## भंडरा में मनाया गया जितिया पर्व



**भंडरा/लोहरदगा।** अश्विन मास की कृष्ण अष्टमी तिथि पर रविवार को भंडरा प्रखण्ड में श्रद्धा और भक्ति भाव से जीवितपुत्रिका व्रत (जिउतिया) मनाया गया। माताओं ने अपने संतान के दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए कठोर निर्जला उपवास रखा। व्रती माताओं ने जीमूतवाहन सहित भगवान शंकर-पार्वती, कार्तिक एवं गणेश की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान चिल्हो सियारो की कथा का श्रवण भी किया गया। पौराणिक कथानुसार, यह व्रत संतान पर आनेवाले संकट को टालने तथा उनकी सुरक्षा हेतु रखा जाता है। शास्त्रों के अनुसार, खड़ जिउतिया व्रती माताओं के संतान की रक्षा स्वयं भगवान श्रीकृष्ण करते हैं। नवमी तिथि को विधिपूर्वक पारण करने के पश्चात, मां संतान दोनों पूजित जिउतिया धागा गले में धारण करते हैं। जिउतिया पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मातृत्व के त्याग, धैर्य व सामूहिक एकता की प्रतीक है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं इसे सामूहिक रूप से मनाकर परंपरागत मूल्य और सामाजिक जुड़ाव को सशक्त बनाती हैं।

### कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक दिवस का आयोजन

# शिक्षक विद्यालय में व अभिभावक घर में पढ़ाई का माहौल बनाएं : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** सीएम उत्कृष्ट जिला कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक दिवस के आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और छात्र-छात्राएं देश के भविष्य होते हैं। एक शिक्षक को अपने विद्यालय में एयर माता-पिता, अभिभावकों को अपने घर मे पढ़ाई का माहौल तैयार करना चाहिए। कोई भी माता-पिता अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम की तुलना अन्य बच्चों से ना करे और ना ही रिजल्ट को लेकर अनावश्यक दबाव बनाए। 10वीं बोर्ड की परीक्षा के बाद भी बच्चे मेहनत कर अपनी पढ़ाई बेहतर कर अपना करियर बना रहे हैं।कोई भी अभिभावक समाज के दूसरे बच्चों से तुलना कर अपने बच्चे को हतोत्साहित ना करें बल्कि उसे थोड़ी आजादी दें। ताकि आपका बच्चा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके । एक बच्चे के लिए पहला गुरु उसके माता-पिता ही होते हैं। पहले के समय मे आज सरकारी विद्यालयों में सुविधाएं बढ़ी हैं। बच्चे बेहतर कर रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक महीने शिक्षक-अभिभावक बैठक हो। इससे बच्चों में किसी प्रकार की कमी का पता चल सकेगा और उस कमी को दूर किया जा सकेगा। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने इस आयोजन के लिए सभी शिक्षकों और अभिभावकों की सराहना की। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, शिक्षक गण, अभिभावकगण व छात्राएं उपस्थित थे।

### सिद्धो-कान्हो कृषि व वन उपज जिला सहकारी संघ की कार्यशाला संपन्न

# किसान सशक्तिकरण पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सिद्धो कान्हो कृषि एवं वन उपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा किसान सशक्तिकरण एवं सहकारिता के विकास को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन लोहरदगा नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ जिले के उपायुक्त सह सिद्धो कान्हो कृषि एवं वन उपज जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष डॉ ताराचंद ने किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला प्रबंधक नाबार्ड, इफको प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी सह सचिव विजय प्रताप तिर्की सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिले भर से एम.पी.सी.एस., एफ.पी.ओ. और विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के सदस्य उपस्थित हुए। उन्हें सिद्धो कान्हो कृषि एवं वन उपज जिला सहकारी संघ द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों से अवगत कराया गया।

संघ द्वारा चिरौंजी, महुआ, लाह, करंज, डोरी जैसे कृषि एवं वन उपज का संग्रहण, विपणन और प्रसंस्करण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने बताया कि सहकारी संघ के माध्यम से वे अपने उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने स्वावलंबन, बाजार में प्रतिस्पर्धा, और दलालों से मुक्ति पाने का संदेश देते हुए, अपने उत्पाद के संवर्द्धन के महत्व पर जोर दिया। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कृषि एवं सहकारिता को व्यवसायिक दृष्टिकोण से अपनाने का मार्गदर्शन दिया, ताकि आधुनिक बाजारीकरण की चुनौतियों का सामना कर सकें। कार्यक्रम के समापन में सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सिद्धो कान्हो कृषि एवं वन उपज जिला सहकारी संघ के उद्देश्यों को सशक्तता से लागू करने तथा लोहरदगा जिले के किसानों और सहकारिता क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

## शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के ब्राह्मणडीहा स्थित श्यामदेव मिश्रा मेमोरियल स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर स्कूल प्रशासन, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने एकत्रित होकर शिक्षकों के प्रति गहन सम्मान व सादर भाव प्रकट किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों को बैच पहनाकर और गुलदस्ते भेंट कर हृदयपूर्वक स्वागत करने से हुई। इसके बाद सभी शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में स्थापित पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर शिक्षक दिवस का विधिवत शुभारंभ किया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु-शिष्य के अनुपम संबंध की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रस्तुतियों में नृत्य, गीत और नाटक शामिल थे, जिन्होंने शिक्षक के समर्पण और समाज में उनकी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से उजागर किया।

# नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 का हुआ वर्चुअल उद्घाटन

● **डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि योजना के तहत 'डेडीकेटेड सेल' बनाया गया है**

● **पैनल अधिवक्ता के रूप में लाल धर्मेंद्र देव और सेना से सेवानिवृत्त जवान धर्मराज महतो को पीएलवी नियुक्त किया गया।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा ।** नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 का वर्चुअल उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं झालसा, रांची के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान के द्वारा किया गया। इस क्रम में व्यवहार न्यायालय परिसर में पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा राजकमल मिश्रा, उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डा ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा सादिक अनवर रिजवी ने अन्य न्यायिक पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं की उपस्थित में योजना का उद्घाटन किया। वहीं डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत 'डेडीकेटेड सेल' का निर्माण किया गया है । जिसके लिए पैनल अधिवक्ता के रूप में लाल धर्मेंद्र देव और सेना से सेवानिवृत्त जवान धर्मराज महतो को पीएलवी प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली ने वीर परिवार योजना 2025 शुरू की है। जो सैनिकों के आश्रितों के लिए समर्पित एक राष्ट्र व्यापी कानूनी सहायता योजना है। कारगिल विजय दिवस के स्मृति में यह योजना लागू की गई है. जिसका उद्देश्य सेना और अर्ध सैनिक बलों एवं अन्य कर्मियों और उनके परिवारों को उनकी विशिष्ट सेवा संबंधी बाधाओं को ध्यान में रखते हुए मुक्त कानूनी सहायता, सलाह और समर्थन प्रदान करना है।

### लोहरदगा में मोमिन कॉन्फ्रेंस का महासम्मेलन संपन्न, उमड़ा जनसैलाब

# हमारी जितनी आबादी है, उतनी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए : इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा सदर प्रखंड पर स्थित नया नगर भवन में जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस का एक दिवसीय सम्मेलन जिलाध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मौके पर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि अंसारी समाज बड़ी आबादी वाला समाज है, जिसे राजनीति में हमेशा पीछे रखा गया। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह साजिशन समाज को दबाना चाहती है। सम्मेलन के माध्यम से सभी ने एक स्वर में मांग की कि "हमारी जितनी आबादी है, उतनी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा आपदा है इसे राज्य में ठीक कराकर ही रहूंगा। ये लोग राज्य में नफरत फ़ैलाने का कार्य करते हैं, इन्हें सर्वधर्म के विकास से कोई सरोकार नहीं है। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि शुरू से ही अंसारी समाज अपने हक अधिकार को लेकर ठगे जा रहे हैं, मेरा प्रयास रहेगा कि अंसारी समाज को शत-प्रतिशत हक अधिकार दिलाने का कार्य करें। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी ने कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस आजादी से पहले से सक्रिय संगठन है। देश की करीब 60% आबादी और झारखंड में 18% आबादी अंसारी समाज की है, बावजूद इसके समाज को उसके अनुपात में हिस्सेदारी नहीं मिलती। सम्मेलन में 15 सूत्री मांगों को पारित किया गया। वही कार्यक्रम के संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार साहब के द्वारा पंद्रह सूत्री मांग पत्र पढ़ा गया और मांग पत्र हाजी अब्दुल जब्बार साहब के नेतृत्व मे मंत्री और केंद्रीय अध्यक्ष को सौंपा गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, संयोजक सह प्रदेश सचिव हाजी अब्दुल जब्बार, सगीर अंसारी, प्रदेश महासचिव मोजम्मिल अंसारी, सवारत हुसैन अंसारी, ऐनुल अंसारी, विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी सकील अहमद, इम्तियाज अंसारी, हातिम अंसारी, रूस्तम अंसारी,जहूर अंसारी, सेराज अंसारी,सेराज एजाज अंसारी इलियास अंसारी, परवेज आलम,नसीम अंसारी, अंजुमन के सदर व सेकेट्री तथा क्षेत्र के गणमान्य , व कार्यकर्ता समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### वज्रपात से एक युवक की मौत

**भंडरा /लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के ग्राम बंडा निवासी मिन्हाज मिरदाहा उम्र 30 वर्ष पिता ऐनुल मिरदाहा अपने खेत मे काम कर रहे थे इस दौरान अचानक वज्रपात हुए बज्रपात के चपेट मे आकर मिन्हाज खेत मे ही दम तोड़ दिया मृतक ने अपने पीछे पत्नी एक पुत्र एक पुत्री एवं भरा-पुरा परिवार छोड़ गऐ जिससे पूरे भंडरा प्रखंड में शोक की लहर दौड़ पड़ा मृतक के परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक सहयोग की मांग करते हैं। खबर सुनते ही भंडरा प्रखंड के सदर आफताब आलम ने अपने सहयोगियों के साथ घर पर पहुंचे और पूरे परिवार को ढांढस बांधते हुए सभी तरह के सरकारी पारिवारिक लाभ दिलाने का आश्वासन दिए और परिवार के लोगों को प्रखंड कमेटी हर सुख दुख मे साथ देने का भी वादा किया।

### सड़क दुर्घटना में हुई एक की मौत,एक घायल



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत भड़गांव के समीप देर शाम एक भयंकर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक संख्या बी आर 14 जी 9435 (बॉक्साइड ट्रक) का डीजल खत्म हो गया था जिस कारण ट्रक को चालक ने भड़गांव के समीप रास्ते के किनारे खड़ा किया था। इसी दौरान जमीर अंसारी (अरु निवासी) साप्ताहिक बाजार लरंगो से ऑटो में सवारी लेकर लौट रहा था। रात होने के कारण अचानक ऑटो खड़े बॉक्साइड ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना में कोराम्बे निवासी स्व. नसरुद्दीन अंसारी के 48 वर्षीय पुत्र असलम अंसारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ऑटो चालक जमीर अंसारी और जोगना निवासी अनिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने बताया कि देर शाम भड़गांव के समीप ऑटो और बॉक्साइड ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर मामले की जांच में जुट गई है।

### लोहरदगा की एथलीट गोल्ड मैडलिस्ट आराधना लकड़ा झारखंड टीम में शामिल



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले की गोल्ड मैडलिस्ट आराधना लकड़ा का 36वां पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए झारखंड टीम में चयन हुआ है। वह इस चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। अराधना ने द्वितीय जूनियर झारखण्ड राज्य सब जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप जामताड़ा में ट्राईथालोन बी इवेंट में गोल्ड मेडल विजेता बनी थी | जिसके बाद उनका चयन हुआ है। आज लोहरदगा जिला के उपायुक्त, डॉक्टर तारा चंद कुमार जी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और इस अवसर पर लोहरदगा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव किशोर कुमार वर्मा और लोहरदगा जिला प्रशासन एथलेटिक्स सेंटर के कोच विकास कुमार महतो भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने कहा की लोहरदगा में खिलाड़ियों में अपार प्रतिभाएँ मौजूद है उन्हें प्रोत्साहित किया गया तो भारतीय टीम में विश्व चैंपियनशिप और ओलिंपिक में भी खेल सकते है, जिला प्रशासन इन्हे प्रोमोट करेंगी इनकी प्रतिभा को निखारा जायेगा इनकी जरूरतों को पूर्ण किया जायेगा | आराधना लकड़ा झारखंड सरकार द्वारा आयोजित विशेष कैम्प के लिए रवाना हुई हैं जहाँ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी झारखण्ड टीम के साथ | आराधना लकड़ा लोहरदगा जिला प्रशासन एथलेटिक्स सेंटर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और अपने जिले का नाम रोशन कर रही हैं। अराधना 24-25 सितंबर 2025 को रांची में होने वाली 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में ट्राईथलॉन B इवेंट में भाग लेंगी।

### मंत्री इरफान अंसारी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, लगाई फटकार



**लोहरदगा।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोहरदगा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल, सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं को देख मंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए सिविल सर्जन और स्वास्थ्य उपाधीक्षक को जमकर फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने देखा कि अस्पताल का आईसीयू वार्ड ठप पड़ा है, मशीनें खराब हैं और जांच घर बंद हैं। इसके अलावा वार्डों में डॉक्टर समय पर राउंड पर नहीं जा रहे हैं, जिससे मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। पेयजल व्यवस्था की भी स्थिति बेहद खराब पाई गई, जिस पर मंत्री ने नाराजगी जताई और सिविल सर्जन को अस्पताल का पानी पिलाकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के समय एक मरीज के परिजन अस्पताल की दुर्दशा बताते हुए मंत्री के सामने रो पड़े। इस पर मंत्री ने उन्हें आश्वासन देते हुए बेहतर इलाज का भरोसा दिलाया और सिविल सर्जन को सख्त निर्देश दिए। मीडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोहरदगा जिले का सदर अस्पताल बहुत पुराना हो चुका है, जिसकी वजह से अव्यवस्थाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि जिले में जल्द ही एक भव्य नया अस्पताल भवन बनवाया जाएगा, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। साथ ही, उन्होंने सिविल सर्जन और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मौजूदा व्यवस्थाओं में जल्द सुधार किया जाए।

### श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ का होगा भव्य आयोजन

**लोहरदगा।** लोहरदगा के ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में शनिवार शाम श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष परमेश्वर साहू ने की। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी महायज्ञ को परंपरा के अनुरूप धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महायज्ञ का शुभारंभ नवरात्र के प्रथम दिन, 22 सितंबर 2025 को कलश स्थापना के साथ होगा। इसी दिन सुबह 7:30 बजे पावरगंज देवी मंडप से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा लोहरदगा केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के नेतृत्व में पारंपरिक व आधुनिक ढोल-नगाड़ों के साथ रथ पर सुशोभित कलश के माध्यम से निकलेगी।

# हिंदी हमारे देश की आन-बान व शान है : आनंद पंडा

● जड़ी-बूटी रिसर्च एवं आयुर्वेदिक संस्थान में विश्व हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** गुमला प्रखंड के असनी पंचायत स्थित भलदम चट्टी में जड़ी-बूटी रिसर्च एवं आयुर्वेदिक संस्थान के कार्यालय परिसर में विश्व हिंदी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और सांस्कृतिक माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक राकेश सिंह ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने कहा कि हिंदी हमारे देश की आन, बान और शान है। यह केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया और आज भी यह राष्ट्रीय एकता और भावनात्मक जुड़ाव का माध्यम बनी हुई है। वहीं, के० भगत ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी को शिक्षा, विज्ञान, तकनीकी, प्रशासन और रोजगार के क्षेत्र में भी और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। हिंदी के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है और इसे जन-जन की भाषा बनाने की दिशा में हम सबको योगदान देना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हिंदी को बढ़ावा देने और इसे राष्ट्र की अस्मिता के रूप में संरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।

## आज धूमधाम से मनाया जाएगा गुमला पॉलिटेक्निक में 'इंजीनियर्स दिवस'

● अभियंताओं के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया जाएगा

**गुमला।** महान अभियंता एम. विश्वेश्वरैया की 164वीं जयंती के अवसर पर गुमला पॉलिटेक्निक में 15 सितंबर, 2025 (सोमवार) को 'इंजीनियर्स दिवस' का आयोजन किया जाएगा। इस दिन अभियंताओं के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया जाएगा और उनके कार्यों से समाज को दिशा देने की प्रेरणा ली जाएगी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक श्रृंखला, सांस्कृतिक प्रस्तुति, लोक नृत्य, विभिन्न इंजीनियरिंग मॉडलों की प्रदर्शनी तथा उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करने का कार्यक्रम आयोजित होगा। यह समारोह दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर गुमला के जिला उपायुक्त, जिला वन अधिकारी, संस्थान के निदेशक अभिजीत कुमार समेत कई सम्मानित अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### गुमला में आस्था साथ संपन्न हुआ जितिया पर्व

# महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत, पर्व पर सब्जियों के दामों में लगी आग

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** संतान की लंबी आयु और कुशलता के लिए माताओं द्वारा रखा जाने वाला जितिया पर्व रविवार को गुमला जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों और ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और परंपरा के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। विवाहित एवं मातृत्व प्राप्त महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर अपने पुत्रों के मंगलमय जीवन की कामना की। सुबह से ही नदी-तालाबों और पूजा स्थलों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे वातावरण में आस्था और लोकगीतों की गूंज सुनाई देती रही।
पर्व को लेकर घर-घर में नोनखटवा, पिदकी, कचड़ी और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाए गए। महिलाएँ निर्जला उपवास में रहीं, लेकिन घर-परिवार के अन्य सदस्यों ने इन विशेष पकवानों का आनंद लिया।
जितिया पर्व को लेकर गुमला शहर और प्रखंडों के बाजारों में दिनभर रौनक रही। पूजा सामग्री, श्रृंगार, साड़ी और फल-फूल की जमकर खरीदारी हुई। वहीं, इस पर्व में खास महत्व रखने वाली हरी सब्जियों के दामों में कई गुना उछाल आ गया।
जिंगी सतपुटिया 300 किलो बिकी। नौनी का साग 200 किलो तक प्रति किलो पहुंच गया। पोई साग 100 किलो, ओल 60 से 80 रूपये प्रति किलो, बुढ़ा खीरा 100 से 200 प्रति पीस बिका। आपूर्ति कम और मांग ज्यादा होने से सब्जियों के दाम आसमान छू गए।

### उपायुक्त ने शिक्षकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति पर कसा शिकंजा

# सख्त मॉनिटरिंग व कार्रवाई के दिए निर्देश

● 100 से अधिक शिक्षकों की बायोमैट्रिक एंट्री नहीं पाए जाने पर स्पष्टीकरण मांगा है

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत गुमला जिले के सभी सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मियों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुँचना होगा और छुट्टी के बाद बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा।
ज्ञात हो कि ई-विद्यावाहिनी एप्लिकेशन के माध्यम से पहले से ही बायोमैट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था है, लेकिन जिले में औसत उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। इस कमी को दूर करने के लिए उपायुक्त ने जिला एवं प्रखंड स्तर पर अधिकारियों, कार्यक्रम पदाधिकारियों, लेखापाल, एमआईएस व कम्प्यूटर ऑपरेटरों की टीम गठित कर कार्ययोजना तय की है।
अब प्रतिदिन सुबह बायोमैट्रिक उपस्थिति का एनालिसिस होगा और एक दिन पूर्व के आंकड़ों के आधार पर डेटा-आधारित मॉनिटरिंग की जाएगी। लगातार अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई होगी, वहीं शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यालयों व शिक्षकों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाएगा। सभी विद्यालयों में शिक्षकों का ई-विद्यावाहिनी में पंजीकरण की जांच होगी, सेवानिवृत, मृत या स्थानांतरित शिक्षकों के नाम हटाए जाएंगे और सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी शिक्षक पंजीकरण से छूटे नहीं।
सामुदायिक स्तर पर भी पारदर्शिता लाने के लिए मासिक उपस्थिति विवरण अभिभावक-शिक्षक बैठकों और विद्यालय प्रबंधन समिति में साझा किया जाएगा। 75% से कम उपस्थिति वाले शिक्षकों को चेतावनी पत्र और पुनरावृति पर कारण बताओ नोटिस जारी होगा।
उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि बिना समुचित जांच के यदि किसी स्तर पर आदेश का उल्लंघन कर वेतन निकासी की गई तो संबंधित पदाधिकारी स्वयं जवाबदेह होंगे।
ज्ञात हो कि 9 सितंबर को उपायुक्त ने जिला समाहरणालय में सरकारी उच्च विद्यालयों और प्लस टू शिक्षकों की बैठक लेकर बायोमैट्रिक उपस्थिति व सिलेबस पूरा करने पर कड़े निर्देश दिए थे। इसके बाद 11 सितंबर को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उपस्थिति की समीक्षा में 100 से अधिक शिक्षकों की बायोमैट्रिक एंट्री नहीं पाए जाने पर स्पष्टीकरण मांगा है।

## लाइफ केयर हॉस्पिटल ने आयोजित किया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय के अमनपुर चट्टी रोड स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने स्वयं नेत्र जांच कराकर किया। थाना प्रभारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में आर्थिक तंगी के कारण लोग अक्सर शहर जाकर अपनी आंखों का उपचार नहीं करा पाते। ऐसे में यह शिविर उनके लिए बेहद लाभकारी साबित होगा। शिविर में रांची के प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सालय से आए विशेषज्ञ – निरंजन कुमार, श्यामल चटर्जी, सुनील कुमार महतो, हेड आशुतोष मिश्रा, मंजुला लकड़ा एवं उनकी टीम ने सैकड़ों मरीजों की जांच की। इस शिविर को सफल बनाने में लाइफ केयर हॉस्पिटल के संचालक मो. साहिल अली, नसीम अकरम, नवसाद अंसारी, मो. सलाउद्दीन, अगस्ती कुमारी, रवीना कुमारी, और मोनिका कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ईमानदारी व मानवता की मिसाल पेश करने वाले छह नागरिक सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**




**भरनो (गुमला)।** बेड़ों थाना परिसर में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस ने ईमानदारी और साहस की मिसाल पेश करने वाले छह नागरिकों को सम्मानित किया। इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय और थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने भरनो के चार युवा दुकानदारों – सुजीत कुमार रवि, सरोज प्रजापति, आजाद खान और कृष्णा उरांव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।
इन युवाओं ने सड़क पर मिले कीमती सामानों से भरा बैग बिना किसी लालच के थाना में जमा कराया, जिसके बाद वह बैग सुरक्षित रूप से उसके असली मालिक तक पहुंच सका। पुलिस अधिकारियों ने इसे ईमानदारी और अच्छे नागरिक धर्म का सर्वोत्तम उदाहरण बताया।
इसी तरह, कारपेंटर अरविंद मिस्त्री और एएसआई भानु प्रताप रजक को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इन दोनों ने बैंक ऑफ इंडिया, बेड़ों शाखा के शीशे के गेट में फंसी एक छोटी बच्ची की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
इस अवसर पर इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय ने कहा की भरनो के चारों युवाओं ने ईमानदारी का परिचय देकर समाज को सही दिशा दी है। वहीं, बच्ची की जान बचाने वाले अरविंद मिस्त्री और एएसआई भानु प्रताप ने मानवता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। समाज में ऐसे लोग ही वास्तविक नायक हैं और यही अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हैं।
समारोह में सब इंस्पेक्टर अनिल टोप्पो सहित अन्य पुलिसकर्मी, प्रबुद्धजन और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। यह सम्मान समारोह समाज को यह संदेश देता है कि ईमानदारी, साहस और मानवता ही सबसे बड़ी पहचान है।

## कई प्रखंडों में छह घंटे रही बिजली आपूर्ति ठप

**गुमला।** रविवार को गुमला जिले के बड़े हिस्से में अचानक बिजली गुल रही। 132/33 केवीए गुमला ग्रिड में तकनीकी कार्य किए जाने के कारण सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक शहर और ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। विद्युत आपूर्ति ठप रहने से गुमला शहर, सिलम, ऊमीं, चंडाली, टैसेरा समेत राईडीह, चैनपुर, डुमरी और जारी प्रखंड प्रभावित रहे। इस संबंध में विद्युत विभाग के सहायक अभियंता हरी उरांव ने बताया कि गुमला ग्रिड में तकनीकी कार्य और आवश्यक मरम्मती के कारण अस्थायी रूप से बिजली काटी गई थी। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई है। लगातार छह घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। दुकानदारों और कारोबारियों को परेशानी हुई। छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई और तैयारी में बाधा आई। पानी सप्लाई और ठंडा करने वाले उपकरण ठप रहे।

# चैनपुर में बुलेट राजाओं की मनमानी से लोग परेशान, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में बुलेट और अन्य बाइकों के साइलेंसर से पटाखों जैसी तेज आवाज निकालने वाले युवाओं पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इन 'बुलेट राजाओं' की तेज रफ्तार और कानफोड़ू आवाज से आम जनता बुरी तरह परेशान है। ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ दुर्घटना का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।प्रखंड की सड़कों पर युवा बेधड़क तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर बाइक दौड़ा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण इनकी मनमानी बढ़ती जा रही है। इन वाहनों से निकलने वाली तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण चरम पर है। इतना ही नहीं, इनमें से कुछ बाइक चालक नाबालिग भी हैं। युवा वर्ग अपनी बाइकों को मॉडिफाई करवाकर तेज और ज्यादा आवाज वाले साइलेंसर लगवा रहे हैं, जिससे आसपास का माहौल खराब हो रहा है।तेज रफ्तार और नाबालिग चालकों से बढ़ी चिंता सुबह-शाम सैर पर निकलने वाले लोग इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। उनका कहना है कि कुछ लोग बहुत तेज गति से बाइक चलाते हैं, जो नियमों के पूरी तरह खिलाफ है। इन तेज रफ्तार बाइकों में कई नाबालिग भी शामिल होते हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बुजुर्गों और बच्चों के लिए तो यह और भी खतरनाक है। लोगों ने प्रशासन से इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान देने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।लोगों की मांग, प्रशासन करे सख्त कार्रवाई स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे इस समस्या से काफी समय से जूझ रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण से मानसिक तनाव बढ़ रहा है, जबकि तेज रफ्तार से सड़क सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि चैनपुर की सड़कों पर शांति और सुरक्षा बनी रहे। जब तक इन पर लगाम नहीं कसी जाती, यह समस्या और गंभीर होती जाएगी।

### बलदेव साहू की अध्यक्षता में ओबीसी समाज की बैठक

# आंदोलन की बनी रूपरेखा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के रेड़वा स्थित चन्द्राणी होटल सभागार में बलदेव साहू की अध्यक्षता में रविवार को ओबीसी समाज की एक अहम बैठक आयोजित की गई।
बैठक में विभिन्न जातियों के सैकड़ों बुद्धिजीवी, समाजसेवी और प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान वक्ताओं ने राज्य में ओबीसी आरक्षण की अनदेखी और सात जिलों में शून्य आरक्षण लागू किए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह नीति सामाजिक न्याय और समानता की भावना के खिलाफ है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। सभी वक्ताओं ने एकमत होकर कहा कि जब तक ओबीसी समाज को उसका संवैधानिक हक और आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। समाज के नेताओं ने लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि अब समय आ गया है कि ओबीसी समाज अपनी ताकत का परिचय दे। सभा को संबोधित करते हुए कई वक्ताओं ने कहा कि आरक्षण खत्म करना ओबीसी समाज की राजनीतिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति को कमजोर करने की सरकार की एक गहरी साजिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाया तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 21 सितंबर को करंज में ओबीसी समाज का महाजुटान होगा। इसमें हजारों की संख्या में ओबीसी समाज के लोग शामिल होकर सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराएंगे। आयोजकों ने बताया कि यह महाजुटान ऐतिहासिक होगा और ओबीसी समाज की एकता का प्रतीक बनेगा इसके लिए ओबीसी वर्ग के सभी जातीय संगठन को बैठक में शामिल कराने के लिए उनके जिला व प्रदेश अध्यक्ष को पत्राचार करने का निर्णय लिया है साथ ही 21 सितम्बर की बैठक के लिए लाउडस्पीकर से गांव गांव प्रचार प्रसार भी किया जाएगा।
सभा के अंत में सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि ओबीसी आरक्षण बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा,आंदोलन सरकार व राजनीतिक दलों के विरुद्ध बिल्कुल असहयोगात्मक रहेगा, और समाज के हर तबके को इस संघर्ष में शामिल किया जाएगा।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ घाघरा ब्लॉक में प्रस्तावित धरना अब 25 सितंबर को

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल और भ्रष्टाचार विरोधी मंच घाघरा के बैनर तले घाघरा ब्लॉक मुख्यालय में होनेवाला भ्रष्टाचार विरोधी धरना अब 25 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। पहले यह कार्यक्रम 16 सितंबर को होना तय था, लेकिन जितिया पर्व के कारण इसे स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड नवनिर्माण दल के घाघरा प्रखंड प्रभारी बसंत बड़ाइक ने रविवार को बताया कि धरना अब 25 सितंबर 2025, दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य घाघरा ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना और बैंक ऑफ इंडिया, घाघरा शाखा में खाता धारकों को हो रही लगातार समस्याओं का समाधान कराना है। बसंत बड़ाइक ने प्रखंड क्षेत्र के आम नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस धरना में शामिल होकर अपनी-अपनी समस्याओं को सामने रखें और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

## संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा जितिया व्रत

**भरनो (गुमला)।** अपनी संतान की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और मंगलकामना के लिए माताओं ने रविवार को श्रद्धा और आस्था के साथ जीवित्पुत्रिका व्रत (जितिया) किया। इस अवसर पर भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित विष्णु मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, हरिजन मुहल्ला स्थित हनुमान मंदिर सहित कई ग्रामीण घरों के आंगन और मंदिरों में देर शाम तक पूजा-अर्चना का माहौल बना रहा। सुबह से ही माताओं ने निर्जला उपवास रखते हुए सूर्य भगवान को जलाभिषेक अर्पित किया और शाम को मंदिरों में पीपल की डाली गाड़कर भगवान शिव-पार्वती की विधि-विधान से पूजा की। पूजा-अर्चना के दौरान आचार्य अवधेश मिश्रा, सुदर्शन मिश्रा, रामाकांत मिश्रा, गौतम मिश्रा और भारत भूषण मिश्रा सहित अन्य आचार्यों ने भगवान जीमूत वाहन की कथा सुनाई।

### गुमला के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर परचम

## कुश्ती प्रतियोगिता में 6 पदक जीतकर किया जिला का नाम रोशन

● 18 राज्यों के खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में गुमला के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीते

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर स्थित सहजनामा में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय कॉन्वेंट कुश्ती प्रतियोगिता में गुमला के कुल 6 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किया।
इस प्रतियोगिता में देशभर के 18 राज्यों से आए खिलाड़ियों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें गुमला के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। गोल्ड मेडल विजेता – नीरज मांझी, रोशन साहू, आशिव आदिन और अनामिका सिल्वर मेडल विजेता – मोनिका टोप्पो कांस्य मेडल विजेता – प्रीति टोप्पो, गुमला के इस शानदार प्रदर्शन पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उन्हें और उनके प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर गुमला के खिलाड़ियों द्वारा पदक जीतना जिले के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरणा देगी। इस अवसर पर डीसी ने खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ ही टीम मैनेजर कृष्णदेव सिंह और सचिव हफूल रहमान को भी माला पहनाकर अभिनंदन किया।
गुमला के इन खिलाड़ियों की कामयाबी ने न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। यह सिद्ध करता है कि गुमला खेल प्रतिभाओं की भूमि है और यदि उन्हें सही मंच और अवसर मिले तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।

## मयूरी ट्रस्ट चैताली कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

**गुमला।** मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन 14 सितंबर 2025 को कॉलेज कार्यालय, लक्ष्मण नगर, पोढाटोली रोड, फसिया गुमला में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के संतोष झा, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य हंदू भगत, डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता एवं संस्थापक सचिव चैताली सेन गुप्ता समेत अन्य अतिथियों ने किया।
मुख्य अतिथि संतोष झा ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि यह पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने वाली भाषा है। उन्होंने मयूरी ट्रस्ट द्वारा पिछले 21 वर्षों से लगातार हिंदी दिवस मनाए जाने को समाज में हिंदी की महत्ता स्थापित करने का अनूठा प्रयास बताया। मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और भारत की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। उन्होंने युवाओं से हिंदी को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सचिव चैताली सेन गुप्ता ने कहा कि हिंदी भाषा हमारी पहचान और संस्कृति की धरोहर है। हमें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में हिंदी को समृद्ध बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज से जुड़े गणमान्य लोग और विद्यार्थी उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से मुकेश गिरी, विष्णु राम, पवन कुमार गोप, प्रमोद पाठक, विश्वनाथ उरांव, ऋतिक गोप, आनंद उरांव सहित कई लोग शामिल रहे।

# चैनपुर में आधार शिविरों से नदारद रहे आईपीपीबी कर्मचारी, सैकड़ों ग्रामीण लौटे मायूस

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** गुमला जिले में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित आधार पंजीकरण और अद्यतन शिविरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा 8 सितंबर को जारी आदेश के तहत, 9 से 27 सितंबर तक जिले की सभी पंचायतों में आधार शिविर आयोजित किए जाने थे ताकि दूरदराज के ग्रामीण और जनजातीय लोग आसानी से आधार से संबंधित अपना काम करवा सकें। हालांकि, चैनपुर प्रखंड की चार पंचायतों में से तीन में आईपीपीबी के कर्मचारी अनुपस्थित रहे, जिससे सैकड़ों लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा।
चैनपुर प्रखंड में आईपीपीबी कर्मियों को चार पंचायतों में शिविर संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई थी। इनमें से केवल बमढा पंचायत में प्रशांत नामक कर्मी ही पहुंचे। बाकी तीन पंचायतों, मालम, बरडीह और जनावल, में नियुक्त कर्मी प्रफुल मिंज, अमलेश कुमार प्रसाद और बसंत रौतिया अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। यह शिविर विशेष रूप से उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण था, जिन्हें पीवीटीजी परिवार, छात्रवृत्ति योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेना था। कर्मियों की लापरवाही के कारण, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और पठारी क्षेत्रों से आए ग्रामीण पूरे दिन पंचायत भवनों पर इंतजार करते रहे, लेकिन जब कोई नहीं आया तो उन्हें मायूस होकर वापस जाना पड़ा। जनावल पंचायत की मुखिया प्रियंका असुर ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका पंचायत एक आदिम जनजाति क्षेत्र है और उपायुक्त के स्पष्ट आदेश के बावजूद आईपीपीबी का कोई भी कर्मी नहीं पहुंचा। इससे लोगों को काफी असुविधा हुई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों से संपर्क करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला।

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

ईश्वर के प्रति आत्मसमर्पण के अतिरिक्त उनके प्रेम को पाने का और कोई तरीका नहीं है। अपने मन के स्वामी बनिए ताकि आप उसे ईश्वर को अर्पित कर सकें। – श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### प्रलय की आहट है प्रकृति की चेतावनी

झारखंड के डाल्टनगंज में इस बार प्रसिद्ध सुखाड़ नहीं डुबाव का हाल था यहां से लेकर देश का आधा हिस्सा असाधारण बारिश के बाद बाढ़ की चपेट में है। पंजाब 1988 के बाद से सबसे भीषण जल प्रलय का सामना कर रहा है। रिकॉर्ड-तोड़ बारिश और असामान्य तापमान ने भारत को झकझोर कर रख दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में केवल 24 घंटों में सामान्य से एक हजार फीसदी से अधिक बारिश हुई। पंजाब में 1988 के बाद से सबसे खराब बाढ़ आई है, जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ और लगातार बारिश के कारण हजारों गांव जलमग्न हो गए। भारत के पंजाब में मानसून का मौसम आम तौर पर जून के अंत से सितंबर तक चलता है और दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी हवाओं द्वारा संचालित होता है। ऐतिहासिक रूप से, मानसून मध्यम वर्षा लाता है, जो कृषि के लिए महत्वपूर्ण है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन से समुद्र के तापमान में बढ़ोतरी होती है और वायुमंडलीय स्थितियों में बदलाव होता है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते अब हिंद महासागर और अरब सागर, दोनों ही बहुत गर्म हो रहे हैं और इनमें समुद्री हीटवेव पैदा हो रही है। इन सागरों के गर्म होने से अब हवा में नमी की मात्रा बहुत अधिक है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे ने बताया है कि 1951-2015 के दौरान हिंद महासागर की सतह के तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। इससे समुद्री सतह से वाष्पीकरण ज्यादा हो रहा है और वायुमंडल में नमी भी अधिक घुल रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून अधिक तीव्र और अनियमित होता जा रहा है। इस साल मानसून ने भारत और पाकिस्तान के साझा पंजाब क्षेत्र में भयंकर बाढ़ ला दी है। मानसून के चरम मौसम के दौरान पश्चिमी विक्षोभ आम तौर पर उत्तर की ओर लौट जाते हैं। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ और उल्टे पश्चिमी विक्षोभ का मानसून से टकराव हो गया। ऐसी अंतर्क्रिया असामान्य है। आईएमडी ने भी पुष्टि की है कि उत्तर भारत और देश के अन्य हिस्सों में लगातार हुई अत्यधिक वर्षा मुख्य रूप से मानसून प्रणाली और पश्चिमी विक्षोभ के टकराव के कारण हुई, जिससे पंजाब, हरियाणा सहित कई उत्तरी राज्यों में बाढ़ आ गई। जेट स्ट्रीम-ऊपरी वायुमंडल में हवा की संकरी, तेज धाराएं, जो पश्चिम से पूर्व की ओर दुनिया भर में चलती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग इन धाराओं को तेजी से 'लहरदार' बना रही है, जिसका अर्थ है कि यह घुमावदार है और एक स्थिर पथ पर नहीं चल रही है। अध्ययनों से पता चला है कि लहरदार जेट स्ट्रीम दुनिया भर में चरम मौसम की घटनाओं को जन्म दे रही है, जिसमें भारत भी शामिल है, जहां उपोष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम ने पश्चिमी विक्षोभों को असामान्य रूप से उत्तरी भागों में मोड़ दिया। इस बार के मानसून ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन केवल भविष्य की चुनौती नहीं है, बल्कि हमारे वर्तमान मौसमी पैटर्न को गहराई से प्रभावित कर रहा है।

*भारत के पंजाब में मानसून का मौसम आम तौर पर जून के अंत से सितंबर तक चलता है और दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी हवाओं द्वारा संचालित होता है। ऐतिहासिक रूप से, मानसून मध्यम वर्षा लाता है, जो कृषि के लिए महत्वपूर्ण है।*

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कार्यकर्ता निर्माण : संगठन की असली ताकत

"संगठन की शक्ति वहीं खिलती है, जहाँ कार्यकर्ता तपस्वी बनकर खड़े होते हैं।" यही दर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा और उनके सामाजिक- संगठनिक दृष्टिकोण का मूल मंत्र रहा है। नरेंद्र मोदी ने हमेशा कार्यकर्ताओं को संगठन का हृदय माना और उन्हें तैयार करना, प्रशिक्षित करना और सशक्त बनाना अपने प्राथमिक कार्यों में रखा। उनका मानना था कि संगठन केवल ढाँचा नहीं है, बल्कि उस ढांचे में कार्यकर्ताओं की क्षमता, अनुशासन और समर्पण ही असली ताकत हैं।



नरेंद्र मोदी आरएसएस के प्रचारक बने 1970 के शुरुआती दौर में। 1977 में आपातकाल के बाद, जब वे विभाग प्रचारक के रूप में एक कुशल संगठनकर्ता बनकर उभरे, तब उनकी कार्यशैली का मुख्य आधार कार्यकर्ता निर्माण रहा। 1980 के दशक में गुजरात में संगठन का विस्तार बहुत सीमित था। उस समय किसी एक तालुका में शाखा स्थापित करना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाती थी। लेकिन युवा नरेंद्र मोदी की दृष्टि अलग थी।

उनका मानना था-"हर गाँव में शाखा होनी चाहिए।" इसके लिए वह हर शाखा की जिम्मेदारी एक कार्यकर्ता को देते और समय-समय पर उसकी प्रगति की जानकारी लेते। कौन मुख्य शिक्षक है, क्या गतिविधियाँ हुईं, कौन शाखा में अनुपस्थित रहा और क्यों - इन सब विवरणों पर बारीकी से ध्यान रखा जाता।

संघ के 60 वर्ष पूरे होने पर 1985 में कर्णावती (अहमदाबाद) में एक विशाल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 5000 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। शिविर की पूर्व तैयारी में मोदी गाँव-गाँव जाकर युवाओं से संपर्क करते और उन्हें गणवेश खरीदने हेतु प्रेरित करते। परिणामस्वरूप, सैकड़ों नए युवा न केवल शिविर में पहुँचे बल्कि संगठन से स्थायी रूप से जुड़ भी गए। इसने गुजरात संघ में एक नई ऊर्जा डालने का काम किया, और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के निर्माण की भी शुरुआत हुई।

मोदी कार्यकर्ताओं को योजनाबद्ध और व्यवस्थित रूप से काम करना सिखाते थे।

उदाहरण के लिए, 1980 के दशक की शुरुआत में राजकोट के पी.डी. मालवीय कॉलेज में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेने वाले कार्यकर्ता अभी भी याद करते हैं कि उन्होंने स्थानीय लोगों से सर्वे कर संगठन की छवि समझने और परिणामों को सांख्यिकीय विधियों के माध्यम से प्रस्तुत करने का नया प्रयोग कराया। यह केवल सीख ही नहीं, बल्कि संगठन को मज़बूत बनाने के लिए आधुनिक तरीकों और योजनाबद्ध सोच का संदेश भी था।

आज की बात



**बी. एल. संतोष**
भारतीय जानता पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव

नरेंद्र मोदी कार्यकर्ताओं को आचरण और शिष्टाचार के व्यावहारिक उदाहरणों से प्रेरित करते थे। छोटी आदतें, जैसे सुव्यवस्थित रहना, दरवाज़ा खटखटाकर प्रवेश करना, घरवालों का आत्मीयता से कुशल-क्षेम पूछना-यह सब उन्हें जिम्मेदार और सम्मानित कार्यकर्ता बनाते थे। उनके प्रशिक्षण से कार्यकर्ता न केवल संगठन के सदस्य बने, बल्कि समाज में आदर्श प्रतिनिधि भी बने। मोदी कठिन परिस्थितियों एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के समय कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को व्यक्तिगत नैतिक सहयोग दिया करते थे, जिसे अनेक कार्यकर्ता आज भी कृतज्ञता के साथ याद करते हैं।

1987 में भाजपा गुजरात के संगठन मंत्री बनकर उन्होंने यही कार्यकर्ता निर्माण राजनीतिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए भी करने शुरू किया। 1980 के दशक में गुजरात भाजपा के संगठन पर्व के माध्यम से हजारों नए कार्यकर्ता संगठन से जुड़े।

अनुशासन और जवाबदेही मोदी की कार्यशैली का मूल था। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सबक दिया कि अनुशासन, समर्पण और जवाबदेही संगठन की मजबूती की नींव हैं। वे खुद बैठकों में एक मिनट भी देर नहीं करते थे, और अगर कोई देर से आता, तो उन्हें बाहर रहकर बैठक में भाग लेने को कहते थे।

मोदी ने संगठन में सामाजिक संतुलन और चुनावी रणनीति दोनों में नई दिशा दी।पदाधिकारियों के चयन में सामाजिक संतुलन सुनिश्चित की और 1987 के अहमदाबाद नगर निगम चुनावों में "बूथ जीतो" रणनीति से कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय और लक्ष्य केंद्रित बनाया।

साथ ही, मोदी व्यक्तिगत आचरण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को आत्मविश्वास और क्षमता बढ़ाते थे। पहली बार पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ता को उन्होंने भरोसा दिलाया और बूथ संगठन, सदस्यता विवरण और सामूहिकता के महत्व की व्याख्या विस्तार से करते थे।

परिणामस्वरूप, केवल कुछ महीनों में लाखों नए सदस्य जुड़े और मजबूत कार्यकर्ता खड़े हुए।। भाजपा संगठन मंत्री रहते हुए उन्होंने "टिफ़िन बैठक" जैसी पहल से कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को संगठन से भावनात्मक रूप से जोड़ा।

संगठन निर्माण में मोदी केवल ढाँचे और रणनीति तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संवेदनशील और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता बनने की शिक्षा दी। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को कनिष्ठों के साथ सहयोग और जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। आलोचना पर संतुलित प्रतिक्रिया और प्रशंसा पर संयम, ये सब मोदी की कार्यकर्ता- निर्माण की मूल रणनीति का हिस्सा थे। नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण स्पष्ट था - संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं में है। अनुशासन, समर्पण और सेवा की भावना से भरे ऐसे कार्यकर्ता किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हैं। यही कारण है कि आज संगठन केवल राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना बन चुका है। मोदी की कार्यकर्ता-निर्माण की यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश देती है कि यदि जड़ों को सींचा जाए, तो शाखाएँ अपने आप फलती-फूलती हैं और वृक्ष युगों तक अडिग खड़ा रहता है।

**(लेखक के निजी विचार हैं)**

## देश के विकास में इंजीनियरों की अहम भूमिका है

भारत में इंजीनियर्स डे हर साल 15 सितंबर को मनाया जाता है इसे अभियंता दिवस भी कहते हैं. इस दिन देश में जगह-जगह कार्यक्रमों को आयोजन किया जाता है. यह दिन भारत रत्न से सम्मानित महान अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर समर्पित है. भारत हर साल 15 सितंबर को राष्ट्रीय इंजीनियर्स डे मनाता है. यह दिन भारत रत्न से सम्मानित महान अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर समर्पित है. उन्होंने सिंचाई, बांध, बुनियादी ढांचे और आर्थिक योजनाओं में अद्भुत योगदान दिया. यही वजह है कि यह दिन भारत के साथ-साथ श्रीलंका और तंजानिया में भी मनाया जाता है. इस दिन देश में जगह-जगह कार्यक्रमों को आयोजन किया जाता हैसर एम विश्वेश्वरैया का जन्मः 15 सितंबर 1861 को कर्नाटक में हुआ था और वह बाढ़ प्रबंधन और सिंचाई तकनीक के विशेषज्ञ माने जाते थे. उन्होंने पुणे के कॉलेज ऑफ साइंस से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया. भारत सरकार ने उन्हें 1955 में भारत रत्न और ब्रिटिश सरकार ने Knighthood Award से सम्मानित किया. उनकी जयंती को 1967 से राष्ट्रीय इंजीनियर्स डे के रूप में मनाना शुरू किया गया.भारत में इंजीनियर्स दिवस की शुरुआत 1968 में हुई थी, जब भारत सरकार ने सर एम. विश्वेश्वरैया के उल्लेखनीय जीवन और उपलब्धियों के स्मरणोत्सव के लिए 15 सितंबर को एक दिन के रूप में घोषित किया था। 15 सितंबर 1861 को कर्नाटक के मुद्देनहल्ली में जन्मे सर विश्वेश्वरैया को भारतीय इंजीनियरिंग के जनक के रूप में दुनिया भर में पहचान मिली। उनके नवाचारों—जैसे पेटेंट प्राप्त स्वचालित फ्लडगेट और कृष्णराज सागर बांध का डिज़ाइन—ने भारत के बुनियादी ढाँचे और जल प्रबंधन प्रणालियों को बदल दिया। 1912 से 1918 तक मैसूर के दीवान के रूप में कार्य करते हुए, उन्होंने लोक निर्माण, शिक्षा और औद्योगीकरण में योगदान दिया। यह वार्षिक उत्सव न केवल उनकी विरासत का सम्मान करता है, बल्कि देश के विकास में इंजीनियरिंग पेशे के महत्वपूर्ण महत्व को भी उजागर करता है।अपनी प्रारंभिक पढ़ाई चिक्काबल्लापुर में करने के बाद वे बैंगलोर चले गए। 1881 में बैंगलोर से बी.ए. की पढ़ाई पूरी की और इसके बाद पुणे के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के बाद वे बॉम्बे प्रेसीडेंसी के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (PWD) से जुड़े। मशहूर है ट्रेन का दिलचस्प किस्सा उनके जीवन से जुड़ा एक प्रसंग बेहद मशहूर है। एक बार ट्रेन से सफर के दौरान अंग्रेज यात्री एक भारतीय का मजाक उड़ा रहे थे। तभी उस भारतीय ने अचानक ट्रेन की चेन खींच दी। सभी नाराज हो गए, लेकिन उसने कहा कि पटरियों में गड़बड़ी है।

अलग बात



**संजय गोस्वामी**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# बोले लोमड़ी, फूली कांस, अब नाही वर्षा की आस!

आम तौर पर कांस या कांसी घांस से किसान अत्यधिक परेशान रहा करते हैं। बाबासीर,अपच, गुर्दे की पथरी, यौन दुर्बलता, श्वसन तंत्र व प्रसूति संबंधी रोगों में परंपरागत व देशी औषधीय उपयोगों के बावजूद आमतौर पर किसान इस घांस से परेशान रहा करते हैं क्योंकि इसकी उपस्थिति से कृषि योग्य भूमि नाकामयाब होकर रह जाती है। इस साल ऐसा नहीं है क्योंकि कांसी में विद्यमान नैसर्गिक गुण के कारण किसानों को अब इसमें एक अलग ही संभावना नजर आ रही है। ऐसा इसलिए कि इस साल जमकर बारिश हुई है। स्थानीय किसान इसे अतिवृष्टि मान रहे हैं और इस अनपेक्षित वृष्टि के कारण विशेषकर मड़ुआ उत्पादक किसान काफी परेशान हैं। अभी भी बुंदा बांदी के साथ बारिश का दौर चल ही रहा है परन्तु साथ में कांसी के नयनाभिराम सफेद फूल भी नजर आने लगे हैं। कांसी के फूलों को यहाँ बारिश के समापन का संकेत माना जाता है। यह सही है कि खेतों में लगे धान के फसल के लिए अभी भी पानी की जरूरत है परन्तु धान उत्पादक किसानों की आर्थिक गतिविधियों में उड़द, मड़ुआ, सरगुजा, मुंगफली, शकरकंद आदि के योगदान को भी कमतर नहीं आंका जाता। दुर्भाग्यवश धान सहित खरीफ के इन तमाम फसलों के लिए अभी तक मानसून के अनियमित वर्षा का कोई विकल्प तैयार नहीं किया जा सका है। ऐसे में मानसून की अच्छी बारिश के बावजूद किसान निराश हैं क्योंकि अतिवृष्टि के कारण उड़द, मूंगफली, मड़ुआ जैसे नगदी फसलों के पौधे या तो बर्बाद हो गए हैं या फिर उनकी बुआई नहीं हो सकी है। बताते चलें कि झारखंड में मड़ुआ की अच्छी पैदावार होती है और विगत कुछ वर्षों में यह स्थानीय किसानों के लिए आय का अच्छा स्रोत भी बना हुआ है। ऐसे में कोई भी किसान खरीफ के इस फसल को नजरंदाज करना नहीं चाहता। इस जमीनी हकीकत के विपरित अभी जबकि मड़ुआ के फूलने का समय आ गया है तब भी अधिकांश किसान मड़ुआ की रोपाई तक नहीं कर पाए हैं। बिचड़ा अभी भी इंतजार में है और किसान भी खेतों के सुखने का इंतजार कर रहे हैं ताकि बिलंब से ही सही मड़ुआ की रोपाई का अनुष्ठान पूरा किया जा सके। इधर जब यहाँ कांस फूलने लगे हैं तो इससे किसानों को एक उम्मीद नजर आने लगी है क्योंकि पारंपरिक तौर पर कांसी घांस में फूल फूलने को यहाँ वर्षा ऋतु के समापन के तौर पर देखा जाता है। इसके लिए खेती बारी से जुड़े लोग मौसम की सटिक भविष्यवाणी करने वाले कृषि कवि घाघ की लोकोक्तियों को मिसाल के तौर पर लेते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार कवि घाघ की जितनी भी कहावतें हैं वे शत प्रतिशत सही होती हैं और तमाम वैज्ञानिक संसाधनों के बावजूद स्थानीय किसान उनकी पारंपरिक कहावतों पर अधिक भरोसा किया करते हैं। अब कांसी फूलने के इस संदर्भ में कवि घाघ की बातें करें तो यह ''बोले लोमड़ी, फूली कांस, अब नाही वर्षा की आस" जैसे बहुचर्चित छंद के माध्यम से सामने आती है। परंपरागत अनुभवों के कारण स्थानीय लोगों और चौपालों का भरोसा अभी भी घाघ व उनकी उक्तियों पर बना हुआ है। इसी भरोसे का नतीजा है कि कांस फूल के निखर कर सामने आते ही धान की रोपनी से निवृत किसान अब फिर से खेतों का रूख कर रहे हैं ताकि मड़ुआ की संभावना फिर से गति दिया जा सके। उल्लेखनीय है कि मड़ुआ की खेती के लिए पहले से ही बिचड़ा तैयार किया जाता है और इस साल भी समय के अनुरूप किसानों ने बिचड़ा तैयार कर रखा है परन्तु अतिवृष्टि के कारण खेतों में मड़ुआ की रोपनी का काम संभव नहीं हो सका। ऐसे में घाघ के अनुरूप कांसी फूलने के साथ जब वर्षा ऋतु की विदाई के संकेत मिल रहे हैं तब खेतों का नजारा कुछ बदला हुआ सा नजर आ रहा है। मजे देखिए,कांसी के जिस खरपतवार को किसान अपना दुर्भाग्य समझते रहे हैं उसमें फूल लगते ही किसानों को अब उम्मीद नजर आने लगी और अतिवृष्टि की मार से त्रस्त मड़ुआ को भी उम्मीद एक किरण नजर आने लगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



आपकी बात



**केदारनाथ दास**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मजलूमों के दूर हों, दुक्ख, दर्द तत्काल।
यही सोचते सोचते, गए पिचहत्तर साल।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी की धमक

14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा का दर्जा दिया। तब से यह तिथि "हिंदी दिवस" के रूप में हर वर्ष मनाई जाती है। किंतु आज इसका दायरा केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि हिंदी ने विश्व के अनेक देशों में अपनी पहचान बनाई है। वैश्वीकरण और सूचना-प्रौद्योगिकी के इस युग में हिंदी की धमक एक सांस्कृतिक, सामाजिक और भाषाई शक्ति के रूप में निरंतर बढ़ रही है। कभी गाँव-गली की भाषा मानी जाने वाली हिंदी आज अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुँच चुकी है। यह संभव हुआ हमारे देश की वर्तमान सरकार, प्रवासी भारतीयों, साहित्यकारों और नई तकनीक की वजह से। हिंदी का प्रसार प्रारंभ में प्रवासी भारतीयों के माध्यम से हुआ। जब भारतीय मजदूर, व्यापारी और विद्वान फिजी, मॉरीशस, त्रिनिदाद, सूरीनाम, गुयाना, दक्षिण अफ्रीका आदि देशों में पहुंचे, तब वे अपनी भाषा और संस्कृति साथ लेकर गए। धीरे-धीरे हिंदी वहाँ की ज़िंदगी का हिस्सा बन गई। आज इन देशों में हिंदी केवल बोलचाल की भाषा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है। आज विश्व के 175 से अधिक विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में हिंदी पढ़ाई जाती है। अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, रूस, जापान, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, चीन, सिंगापुर और खाड़ी देशों तक हिंदी की पढ़ाई और शोध कार्य हो रहे हैं। लंदन विश्वविद्यालय, ऑक्सफोर्ड, हार्वर्ड, मैक्समूलर संस्थान जैसे प्रतिष्ठित केंद्रों में हिंदी का पाठ्यक्रम चल रहा है। हिंदी की वैश्विक उपयोगिता बढ़ती जा रही है, जिसकी सांस्कृतिक पहचानः प्रवासी भारतीयों के लिए हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, त्योहारों और परंपराओं से जुड़ाव का माध्यम है। आर्थिक महत्वः पर्यटन, फिल्म, मीडिया और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर हिंदी की व्यापक मांग है। बॉलीवुड की लोकप्रियता ने हिंदी को विश्व पटल पर नई ऊँचाई दी है। राजनीतिक भूमिकाः संयुक्त राष्ट्र महासभा में कई बार हिंदी में भाषण दिए गए हैं। भारत सरकार का प्रयास है कि हिंदी को संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषाओं में शामिल किया जाए। डिजिटल दुनिया में हिंदीः इंटरनेट पर हिंदी की उपस्थिति तेजी से बढ़ रही है। गूगल और अन्य तकनीकी कंपनियों ने हिंदी को अपनी सेवाओं में प्रमुख स्थान दिया है। सोशल मीडिया पर भी हिंदी कंटेंट की खपत लगातार बढ़ रही है। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हमारी युवा पीढ़ी अंग्रेज़ी को लेकर अति-आकर्षित है और हिंदी के प्रयोग को कभी-कभी हीन भावना से देखती है। जबकि यह भूलना नहीं चाहिए कि भाषा ही संस्कृति की आत्मा होती है। हिंदी हमारी सभ्यता, हमारी परंपराओं और हमारी सोच की अभिव्यक्ति है। यदि हम हिंदी से दूर हो गए तो अपनी जड़ों से कट जाएंगे। भारत सरकार ने हिंदी प्रचार-प्रसार के लिए कई पहल की हैं। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) और विदेश मंत्रालय के अंतर्गत विभिन्न देशों में हिंदी पाठ्यक्रम, संगोष्ठियां और हिंदी सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं। विश्व हिंदी सम्मेलन इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर हिंदी को पहचान दिलाने में सहायक रहा है। आज हिंदी केवल भारतवासियों की भाषा नहीं, बल्कि विश्व की भाषा बन चुकी है। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हिंदी विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। हमें गर्व करना चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि हम हिंदी को और अधिक सशक्त बनाएँगे। हिंदी दिवस का वास्तविक संदेश यही है कि हम अपनी मातृभाषा को सम्मान दें, उसे अपनाएँ और उसे नई पीढ़ी तक गर्व के साथ पहुँचाएँ। "हिंदी हमारी अस्मिता है, हमारी संस्कृति है, और वैश्विक स्तर पर हमारी पहचान का सबसे प्रबल माध्यम भी।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### कांग्रेस ने दिया अलगाव, हम दे रहे विकास

# नुमालीगढ़ में पीएम मोदी ने किया बायो-इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने नए इथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी मौजूद थे। इस उद्घाटन से पहले, पीएम मोदी ने दरांग में भी कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया था।



## कांग्रेस पर सीधा हमला

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक असम और पूरे देश पर शासन किया, लेकिन उनके शासनकाल में विकास की रफ्तार धीमी रही और विरासत भी संकट में रही। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने असम और नॉर्थ-ईस्ट को अलगाव, हिंसा और विवाद दिए, जबकि बीजेपी की डबल इंजन सरकार असम की पुरानी पहचान को सशक्त कर रही है।' उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार है जिसने असमिया भाषा को क्लासिकल लैंग्वेज का दर्जा दिया और लाचित बोरफुकन की विरासत को सम्मान दिया। पीएम ने दावा किया कि बीजेपी की सरकार असम को विकास और विरासत दोनों से समृद्ध बना रही है।

## ऊर्जा के क्षेत्र में नई क्रांति 'असम'

पीएम मोदी ने कहा कि असम भारत की ऊर्जा शक्ति को बढ़ाने वाला राज्य है, और यहां के पेट्रोलियम उत्पाद देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि जिस नए बायो-इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया गया है, वह बांस से इथेनॉल बनाएगा, जो असम के लिए गर्व की बात है। इसके अलावा, एक पॉलीप्रोपाइलीन प्लांट का भी शिलान्यास किया गया है। पीएम के अनुसार, ये परियोजनाएं असम में उद्योगों को बढ़ावा देंगी, युवाओं और किसानों के लिए नए अवसर पैदा करेंगी, और भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं।

## विकसित असम, विकसित भारत

**नुमालीगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन 'विकसित असम, विकसित भारत' की गौरव यात्रा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि असम को आज लगभग 18,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मिली हैं, जो राज्य के विकास को गति देंगी।**

### मोहन भागवत का दुनिया को संदेश

# भारत की आस्था प्रत्यक्ष अनुभव पर आधारित, काल्पनिक नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की पुस्तक 'परिक्रमा कृपासार' के विमोचन समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने भारत की आस्था को 'प्रत्यक्ष अनुभूति' पर आधारित बताया और कहा कि यह कोई काल्पनिक आस्था नहीं, बल्कि ऐसी आस्था है जिसे कोई भी व्यक्ति अपने प्रयासों से अनुभव कर सकता है।

भागवत ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए प्रत्यक्ष प्रमाण की आवश्यकता होती है, लेकिन आज के समय में खुद को वैज्ञानिक कहने वाले लोगों के पास भी प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं हैं। इसके विपरीत, भारत की आस्था के लिए प्रत्यक्ष प्रमाण मौजूद हैं, जिन्हें प्रयास और प्रयोगों से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने भारत के गौरवशाली अतीत का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा दी गई 'पवित्रता की चेतना और भावना' के कारण, भारत 3000 वर्षों तक दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश था।उन्होंने आगे कहा कि उस दौरान तकनीकी प्रगति बहुत अधिक थी, लेकिन पर्यावरण का कोई क्षरण नहीं हुआ। मानव जीवन सुखी और सुसंस्कृत था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने दुनिया का नेतृत्व किया, लेकिन कभी किसी देश पर विजय नहीं पाई, न ही किसी के व्यापार को दबाया या किसी का धर्मांतरण किया। उन्होंने कहा, 'हम जहां भी गए, हमने सभ्यता और ज्ञान दिया, हमने शास्त्रों की शिक्षा दी और जीवन को बेहतर बनाया।'

## 'हम सब एक हैं' के सिद्धांत पर दिया जोर



मोहन भागवत ने विश्व में होने वाले टकरावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में संघर्ष इसलिए होते हैं क्योंकि लोग 'भगवान' के एक होने या अनेक होने पर बहस करते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि हमारे दार्शनिकों ने हमें इस तरह के टकराव में पड़ने से रोका है और यह सिखाया है कि 'सिर्फ 'भगवान' हैं। और कोई नहीं।' उन्होंने एकता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि दुनिया में टकराव इसलिए होते हैं क्योंकि एक व्यक्ति खुद को दूसरे से श्रेष्ठ समझता है। उन्होंने कहा, 'हम मानते हैं कि हम सब एक हैं, लेकिन क्या हम सबके साथ एकता का व्यवहार करते हैं? नहीं।' उन्होंने समाज में समानता और सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# मुंबई हवाई अड्डे पर फर्जी भारतीय पासपोर्ट के साथ नेपाली और बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** नेपाल और बांग्लादेश के एक-एक नागरिक को यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फर्जी भारतीय पासपोर्ट का इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, नेपाली नागरिक 29 वर्षीय कृष्णा मरपन तमांग और बांग्लादेश के 67 वर्षीय निरंजन नाथ सुबल चंद्रनाथ ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके कोलकाता में फर्जी पासपोर्ट बनवाए थे। पुलिस के अनुसार, दोनों ने फर्जी पासपोर्ट के साथ अलग-अलग कई देशों की यात्रा की थी। अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

# बंदरगाह पर 12 करोड़ रुपये मूल्य का पाकिस्तानी सामान जब्त, दो गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय ने नवी मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर लगभग 12 करोड़ रुपये मूल्य का पाकिस्तानी सामान ले जा रहे 28 कंटेनर जब्त किए हैं और इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीआरआई अधिकारियों ने बताया कि कंटेनर में सौंदर्य प्रसाधन और खजूर थे, जिन्हें यूएई मूल का बताकर दुबई के जेबेल अली बंदरगाह के रास्ते भेजा गया था। एक अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन दीप मैनिफेस्ट के तहत देश की शीर्ष तस्करी रोधी इकाई ने पाकिस्तानी मूल के 800 टन सौंदर्य प्रसाधन और खजूर से भरे 28 कंटेनर जब्त किए। अधिकारी ने बताया कि लगभग 12 करोड़ रुपये मूल्य की यह खेप तीन भारतीय आयातकों द्वारा खरीदी गई।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में मणिपुर तेजी से विकास पथ पर बढ़ेगा : प्रवीण खंडेलवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मणिपुर दौरे पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा निश्चित तौर पर पीएम मोदी के नेतृत्व में मणिपुर अन्य राज्यों के साथ विकास के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ेगा।

आईएएनएस से बातचीत में भाजपा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से समावेशी विकास के पक्षधर रहे हैं और पिछले 11 वर्षों से उन्होंने लगातार इसी दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है। इसी के अनुरूप, मणिपुर दौरे के दौरान उन्होंने लोगों को उपहार दिए और सभी से मणिपुर को प्रगति की ओर ले जाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। केंद्र सरकार इस प्रयास में पूरी तरह उनके साथ खड़ी है।

टीवीके नेता और अभिनेता विजय द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव के खिलाफ की गई टिप्पणी पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि विजय वाकई एक बड़े अभिनेता हो सकते हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें राजनीति की समझ नहीं है। 1967 तक वन नेशन वन इलेक्शन की बात रही। उसके बाद कांग्रेस ने अपने कारणों से राज्य सरकार को बर्खास्त किया। विजय फिल्मी अभिनेता हैं, और उन्हें राजनीति की गंभीरता नहीं पता है। बेहतर होता अगर वह इस मामले पर टिप्पणी नहीं करते। अगर वह अपनी विशेषज्ञता के मूल क्षेत्र यानी अभिनय पर ध्यान केंद्रित करते, तो यह अधिक उपयुक्त होता।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर भाजपा सांसद ने कहा कि अखिलेश यादव का बयान बेहद गैरजिम्मेदाराना है। सभी को यह समझना चाहिए कि भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार अलगाववादियों या देश को तोड़ने वालों को नहीं छोड़ती है। अलगाववादियों के लिए कोई जगह है तो वह सिर्फ जेल है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव को शोभा नहीं देता है कि वे इस तरह का बयान दें। विपक्षी नेताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में प्रगति कर रहा है। मुझे समझ में नहीं आता है कि विपक्ष को विकास क्यों नहीं दिखाई देता है? कहीं न कहीं विरोधियों का नैरेटिव टूट रहा है, और इसलिए वे ऐसी बातें करते हैं।

# भारतीय नारी केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र की वास्तविक शिल्पकार: ओम बिरला

**एजेंसी। तिरुपति**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को तिरुपति में महिला सशक्तिकरण पर संसदीय और विधायी समितियों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय नारी केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र की वास्तविक शिल्पकार हैं। वे समाज की चेतना, संस्कृति की संरक्षक और विकास की धुरी हैं। ओम बिरला ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए एक बड़ा संवैधानिक परिवर्तन है। हमारी संसद के नए भवन में पारित यह पहला विधेयक रहा, जिसने महिला नेतृत्व की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है।उन्होंने कहा कि संविधान सभा में द्रौपदी देवी, हंसा मेहता, दुर्गाबाई देशमुख जैसी महिलाओं ने अपने विचारों और संघर्ष से लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती दी। आज वही परंपरा आगे बढ़ाते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को शासन व्यवस्था में निर्णायक भागीदारी प्रदान कर हमारे लोकतंत्र को और अधिक समतामूलक बना रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि महिला सशक्तिकरण कोई क्षणिक प्रयास नहीं, बल्कि यह सतत यात्रा है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक महिला को गरिमा, अवसर और स्वावलंबन देना है।

'विकसित भारत के लिए महिला-नेतृत्व वाला विकास' केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है। भारत की नारी शक्ति स्व-सहायता समूहों से लेकर अंतरिक्ष अनुसंधान तक हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है और राष्ट्र निर्माण की नई राह प्रशस्त कर रही है। वास्तव में नारी सशक्तिकरण ही राष्ट्र सशक्तिकरण है।

इस दौरान राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण, आंध्र प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष अय्याना पत्रुडु, उपाध्यक्ष रघुराम कृष्णम राजू, लोकसभा महिला समिति की अध्यक्ष दग्गुबाती पुरंदेश्वरी और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश विधानमंडलों में महिलाओं के सशक्तिकरण पर समितियों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के तिरुमाला स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। ओम बिरला शनिवार शाम तिरुमला पहुंचे और श्रीकृष्ण विश्राम गृह में रात्रि विश्राम किया।

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष बीआर नायडू और अन्य अधिकारियों ने ओम बिरला का स्वागत किया। दर्शन के बाद ओम बिरला ने रंगनायकुला मंडपम में पुजारियों से वैदिक आशीर्वाद लिया। टीटीडी के अध्यक्ष ने ओम बिरला को एक पवित्र शॉल (शेष वस्त्रम) से सम्मानित किया और उन्हें प्रसादम और पवित्र जल भेंट किया। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे। ओम बिरला ने सदियों पुराने मंदिर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि तिरुमाला के दर्शन और भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना करना एक गहन आध्यात्मिक अनुभव था।

# जेएनयूएसयू ने उमर खालिद की रिहाई के लिए मार्च निकाला

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने दिल्ली दंगे के आरोपी उमर खालिद की गिरफ्तारी के पांच साल पूरे होने पर एक मार्च का आयोजन किया और दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में जेल में बंद खालिद एवं अन्य लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की। यह विरोध प्रदर्शन उच्चतम न्यायालय द्वारा उनकी जमानत याचिकाओं पर सुनवाई एक सप्ताह के लिए स्थगित करने के एक दिन बाद हुआ। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में आरोपियों को राहत देने से इनकार करने के बाद उच्चतम न्यायालय अब 19 सितंबर को मामले की सुनवाई करेगा। गंगा ढाबा से साबरमती ढाबा तक आयोजित इस मार्च में खालिद के पिता समेत आरोपियों के रिश्तेदार भी शामिल हुए।

# लखनऊ हवाई अड्डे पर कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय (सीसीएसआई) हवाई अड्डे पर एक युवक के सामान में शनिवार तड़के एक कारतूस मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हवाई अड्डे पर एक सुपरवाइजर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, इरफ़ान अहमद नामक एक यात्री के बैग से आठ मिमी का एक कारतूस मिला।

बयान में कहा गया है, 27 वर्षीय अहमद प्रयागराज जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के मलिकपुर गांव का निवासी है। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर इरफान अहमद को गिरफ्तार कर लिया।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# सीबीआई ने नासिक में दो अवैध कॉल सेंटरों का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**एजेंसी। नासिक**




केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नासिक में चल रहे दो अवैध कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने इस साइबर धोखाधड़ी के मामले में दो निजी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इन कॉल सेंटरों को मेसर्स स्वगन बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से चलाया जा रहा था। सीबीआई ने 11 सितंबर को चार निजी व्यक्तियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि आरोपी बीमा एजेंट और सरकारी अधिकारी बनकर ब्रिटेन के नागरिकों से धोखाधड़ी करते थे।सीबीआई को जांच में पता चला कि इन अवैध कॉल सेंटरों में लगभग 60 लोग काम करते थे। वे वीओआईपी, फर्जी नंबरों और जाली दस्तावेजों का उपयोग करके लोगों को धोखा देते थे। इसके बाद उनके क्रेडिट और डेबिट कार्ड की जानकारी मांग लेते थे और फिर उन्हें ऐसी बीमा पॉलिसी बेचते थे, जिनका कोई अस्तित्व नहीं था। सीबीआई ने नासिक और कल्याण (ठाणे) में कई जगहों पर तलाशी ली। इस दौरान टीम को पीड़ितों का डेटा, फर्जी बीमा पॉलिसी स्क्रिप्ट, आठ मोबाइल फोन, आठ कंप्यूटर सिस्टम, सर्वर और 5 लाख रुपए की नकद राशि मिली। जांच में यह भी सामने आया है कि धोखाधड़ी से प्राप्त पैसे को विभिन्न बैंकिंग चैनलों के माध्यम से ट्रांसफर किया गया था।सीबीआई ने दो आरोपियों को 13 सितंबर को गिरफ्तार कर ठाणे स्थित विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें सोमवार तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। इससे पहले सीबीआई ने 10 सितंबर को भी महाराष्ट्र के नासिक के इगतपुरी से संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर रैकेट का भंडाफोड़ किया था। सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी में शामिल 5 आरोपी पकड़े थे, जिनके पास से 44 लैपटॉप, 71 मोबाइल, सोना, लग्जरी कारें और भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। आरोपी अमेरिका, कनाडा और अन्य देशों के नागरिकों को धोखा दे रहे थे। आरोपियों ने इन नागरिकों से गिफ्ट कार्ड्स और क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से अवैध धन प्राप्त किया।

# भारत में महिला पायलटों की संख्या बढ़ रही है: सिंधिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल है जहां महिला पायलटों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी बदलाव का संकेत बताया।

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों में महिला पायलट अपेक्षाकृत कम हैं, वहीं भारत में 15 प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं। वह यहां एक डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र भवन की आधारशिला रखने और सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 38 लड़कियों को पासबुक वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

आगामी डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि मुरैना और श्योपुर ज़िलों के साथ-साथ पड़ोसी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के निवासियों को पहले पासपोर्ट सेवाओं के लिए ग्वालियर, गुना, भोपाल या दिल्ली जाना पड़ता था लेकिन अब यह सुविधा मुरैना में ही उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा,''30 लाख रुपये की लागत से बनने वाला प्रस्तावित भवन मुरैना लोकसभा क्षेत्र के निवासियों को पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करेगा। प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने का निर्णय नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।''

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक परिवर्तन का वाहक बनकर उभरा है। सुकन्या समृद्धि योजना और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं तथा इन योजनाओं ने वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाया है।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण संस्थागत भागीदारी को मजबूत कर रहा है।

**आरोप प्रत्यारोप** — बिहार में बुनियादी ढांचा नहीं बनाने वाले लगा रहे आरोप : दिलीप जायसवाल

# तेजस्वी के औचक निरीक्षण पर भाजपा की तीखी प्रतिक्रिया

- **राजद ने न सड़क दी, न बिजली, सिर्फ लालटेन दी**
- **मेडिकल व नर्सिंग कॉलेज की जरूरत को बताया प्राथमिकता।**

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार देर रात पूर्णिया के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) का औचक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पलटवार किया।

उन्होंने कहा कि जिन्होंने आजादी के बाद से 70 सालों तक बिहार में कोई बुनियादी ढांचा नहीं बनाया, वे अब दूसरों पर आरोप लगाकर सारा दोष मढ़ रहे हैं। बिहार की जनता समझती है कि अब तक आपने कुछ नहीं दिया, न पक्की सड़कें, न बिजली, सिर्फ लालटेन। न रेलवे, न हवाई अड्डे, न कोई समुचित व्यवस्था। अपने समय में मेडिकल कॉलेज बनवाया था क्या। जब मेडिकल कॉलेज बनेगा, तभी तो डॉक्टर आएंगे। नर्सिंग कॉलेज बनने के बाद नर्स बनेंगी। यह सब बातें जिसके पास विवेक नहीं है, वह भी समझता है। पहले इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना पड़ता है, इसके बाद ही फैकल्टी और स्टॉफ मिलता है। बिहार बहुत आगे बढ़ चुका है।



## महिलाओं का एनडीए के प्रति बढ़ा रुझान

**एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन जैसे आयोजित हुआ, उसी समय एनडीए में चट्टानी एकता दिखाई पड़ी। उसके बाद ही तय किया गया था कि हर विधानसभा और जिले में ऐसे सम्मेलन होंगे। एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन जहां-जहां हुए, वहां लोगों की भारी भीड़ आई। हैरान करने वाली बात है कि इसमें महिलाएं आधी से ज्यादा संख्या में पहुंच रही हैं, जो दिखाता है कि एनडीए के प्रति महिलाओं का कितना रुझान है।**

एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर रही है। एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का अंतिम चरण चल रहा है, जिसमें अब तक 141 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया गया है। रविवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और बिहार जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बिहार जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन के आखिरी चरण का कार्यक्रम होना है। अभी तक 141 विधानसभा कवर हो चुकी हैं और चौथे चरण के खत्म होने तक 154 विधानसभा कवर हो जाएंगी। एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में काफी उत्साह है। नेता से लेकर कार्यकर्ता तक उत्साहित हैं। एनडीए का नारा है, 2025 से 30 फिर से नीतीश 225। इसे पूरा करने के लिए सभी लोग लगे हैं।

न्यूज बॉक्स

## गाजा के समर्थन को लेकर पाक की सेना पर खड़े हुए सवाल



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** गाजा में मानवीय संकट को एक साल से ज्यादा हो गया है। इस बीच पाकिस्तान की सेना पर फिर से आलोचना हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान केवल दिखावटी तरीके से फिलिस्तीन के समर्थन की बातें करता है, लेकिन असली नीति में कोई बदलाव नहीं लाता। इजराइली आक्रमण की निंदा करने और "मुस्लिम एकता" का आह्वान करने वाले कई सार्वजनिक बयानों के बावजूद, पर्यवेक्षकों का तर्क है कि ये संकेत केवल प्रतीकात्मक हैं। 'मिडिल ईस्ट मॉनिटर' द्वारा प्रकाशित एक टिप्पणी के अनुसार, आमतौर पर ये बयान तब दिए जाते हैं जब गाजा में बच्चों की मौत की तस्वीरें दुनिया भर में चर्चा में होती हैं या जब संघर्षविराम की बातचीत चल रही होती है। लेख में कहा गया है कि ऐसे मौकों पर, पाकिस्तानी अधिकारी, विशेष रूप से रक्षा मंत्रालय के अधिकारी, समर्थन की गंभीर घोषणाएं करते हैं। हालांकि, आलोचकों का तर्क है कि ये बयान वास्तविक कूटनीतिक रुख दिखाने के बजाए राजनीतिक नाटक अधिक होते हैं।

## लंदन में 'यूनाइट द किंगडम' मार्च झड़प में 26 पुलिसकर्मी घायल



**लंदन (आईएएनएस)।** ब्रिटिश एक्टिविस्ट टॉमी रॉबिन्सन के नेतृत्व में लंदन में आयोजित एक विशाल दक्षिणपंथी मार्च उस समय हिंसक हो गया, जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा अधिकारियों के बीच झड़पें हुईं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, झड़प के दौरान 26 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके साथ ही 25 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, हिंसा तब भड़की जब रॉबिन्सन के समर्थकों ने 'स्टैंड अप टू रेसिज्म' द्वारा आयोजित एक विरोध प्रदर्शन से अलग करने वाली सुरक्षा लाइनों को तोड़ने का प्रयास किया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस अधिकारियों पर लात-घूंसे बरसाए गए और बोतलों से मारा गया, जिसके कारण अतिरिक्त पुलिस बल को हस्तक्षेप करना पड़ा। चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारियों ने रैली में 1,10,000 से 1,50,000 के बीच भागीदारी का अनुमान लगाया।

## युद्धपोत आईएनएस त्रिकंद ग्रीस पहुंचा, नौसेना करेगी अभ्यास



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय नौसेना ने भूमध्य सागर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) आईएनएस त्रिकंद अपनी भूमध्य सागर तैनाती के तहत ग्रीस के समुद्री क्षेत्र सलामिस की खाड़ी (बे) पहुंच गया है। नौसेना के मुताबिक, इस यात्रा के दौरान भारत और ग्रीस के बीच पहली बार एक द्विपक्षीय समुद्री सैन्य अभ्यास आयोजित किया जाएगा। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं द्वारा युद्ध कौशल को परिष्कृत करना है। इस नौसेनिक अभ्यास में भारत और ग्रीस की नौसेना की अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही दोनों सेनाओं के बीच संचालनात्मक सामंजस्य प्रगाढ़ हो सकेगा। इस अभ्यास में बंदरगाह पर भी कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सलामिस बे में पोर्ट कॉल के दौरान आईएनएस त्रिकंद कई महत्वपूर्ण गतिविधियों में भाग लेगा। यहां दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत होगी। भारतीय युद्धपोत पर स्थानीय विशिष्ट व्यक्तियों की क्रॉस-डेक विजिट तय है।

### नेपाल में पदभार संभालते ही पीएम सुशीला कार्की का ऐलान

# प्रदर्शन में जान गंवाने वालों को 'शहीद' का दिया दर्जा

ख्य सचिव एकनारायण आर्यल का **बयान...**

**विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को 'शहीद' का दर्जा**



**काठमांडू (आईएएनएस)**

नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने जेन-जी आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों को 'शहीद' का दर्जा और उनके आश्रितों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर बैन के फैसले के विरोध में हुए आंदोलन के बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को देश की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई थी। सुशीला कार्की ने शपथ ग्रहण के दो दिन बाद कार्यभार संभाला। उन्होंने रविवार सुबह लैंचौर स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने कार्यकाल की शुरुआत की, जिसके बाद वे सिंह दरबार गईं। उन्होंने गृह मंत्रालय के भवन से अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन शुरू किया, क्योंकि पिछले मंगलवार को हिंसक प्रदर्शनों और आगजनी से मुख्य परिसर क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय को स्थानांतरित कर दिया गया था। कार्यभार संभालते ही प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने नेपाल में हुए हिंसक प्रदर्शनों के पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान की।

### नेपाल में हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को पीएम सुशीला कार्की ने दी कड़ी चेतावनी

नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि आपराधिक कृत्यों की गहन जांच होनी चाहिए, सच्चाई सबके सामने आनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले प्रधानमंत्री कार्की ने घोषणा की कि जेन-जी के विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों को शहीद माना जाएगा और प्रत्येक शोक संतप्त परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

### भारत-नेपाल सीमा पर सामान्य हो रहे हालात, व्यापारिक गतिविधियों में रफ्तार

अंतरिम सरकार गठन के बाद भारत-नेपाल सीमा पर हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शनिवार को रुपईडीहा बॉर्डर से यात्री वाहन, कार, मोटरसाइकिल, पैदल यात्री और मालवाहक ट्रक गुजरते देखे गए। जानकारी के अनुसार, बड़ी संख्या में कारोबारी ट्रक नेपाल में दाखिल हुए, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को रफ्तार मिली है। हालांकि, आम नागरिकों की आवाजाही अब भी सीमित दिखाई दे रही है। इन सबके बीच, सीमा चौकियों पर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकन्नी हैं और नागरिकों व वाहनों की लगातार निगरानी की जा रही है।

## यूक्रेन से 1600 किलोमीटर दूर रूस की प्रमुख तेल रिफाइनरी पर कीव ने किया बड़ा ड्रोन हमला

**एजेंसी । मॉस्को**

रूस की प्रमुख तेल रिफायनरी पर यूक्रेन ने बीती रात बहुत बड़ा ड्रोन हमला किया है। हमले के बाद आसमान में काला धुआं और ऊंची आग की लपटें उठती हुई देखी गईं। यूक्रेन ने जिसे, ड्रोन से निशाना बनाया, वह रूस की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरियों में से एक मानी जाती है। रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि की। रूस की यह तेल रिफायनरी यूक्रेन से करीब 1600 किलोमीटर दूर है।

**हर साल 1.77 करोड़ मीट्रिक टन कच्चे तेल उत्पादन की क्षमता :** यूक्रेन ने जिस रिफायनरी को निशाना बनाया, वह रूस के उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित है। इसे किरिशी रिफ़ाइनरी के नाम से जाना जाता है।

यूक्रेन ने शनिवार की रात इसे ड्रोन से निशाना बनाया। इससे हफ्तों पहले भी यूक्रेन ने रूसी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया था। यह रिफायनरी हर वर्ष लगभग 1.77 करोड़ मीट्रिक टन या प्रतिदिन 3,55,000 बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के अनुसार, घटनास्थल पर विस्फोट और आग लगने की सूचना मिली है। उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें रात के समय आसमान में आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दिखाई देता है।

**उठीं भीषण आग की लपटें**



### रूसी तेल रिफायनरियों पर हमले से ईंधन संकट

बीते कुछ महीनों में यूक्रेन ने रूस के तेल रिफायनरियों को रणनीतिक रूप से निशाना बनाया है। इससे ईंधन का संकट गहराने लगा है। हालांकि इस ताजा हमले पर रूसी अधिकारियों ने हमले के परिणामों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। रूस अभी भी दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक बना हुआ है, लेकिन मांग में वृद्धि और यूक्रेनी ड्रोन हमलों के कारण हाल के सप्ताहों में गैसोलीन की कमी हो गई है। इससे देश के कुछ क्षेत्रों में ईंधन स्टेशनों पर ईंधन की कमी हो गई है और वाहन चालकों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ रहा है।

### पीएलए के दक्षिणी थिएटर कमांड ने फिलीपींस को चेतावनी दी

**बीजिंग ।** चीनी जन मुक्ति सेना के दक्षिणी थिएटर कमांड के प्रवक्ता वायु सेना कर्नल थ्येन च्वुनली ने 14 सितंबर को कहा कि 12 और 13 सितंबर को दक्षिणी थिएटर कमांड ने दक्षिण चीन सागर में नियमित गश्त की। प्रवक्ता ने कहा कि फिलीपींस ने बार-बार तथाकथित "संयुक्त गश्त" आयोजित कर दक्षिण चीन सागर में अवैध दावे का प्रसार किया। इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंचा है।

### सैनिकों की वेशभूषा में आए हमलावरों ने की गोलीबारी, सात लोगों की मौत

**क्विटो (आईएएनएस)**

उत्तरी-पश्चिमी इक्वाडोर के सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्साचिलास में सैनिकों की वेशभूषा में आए बंदूकधारियों ने एक पूल हॉल के अंदर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस हमले में तीन अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय समाचार एजेंसी प्रिमिसियास के हवाले से न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि हमलावर रात करीब 10:30 बजे एक वाहन में सवार होकर नुएवो अमानेसर इलाके में स्थित पूल हॉल में पहुंचे और ग्राहकों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। यह सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्साचिलास प्रांत में एक महीने से कम समय में पूल हॉल में हुई दूसरी सामूहिक गोलीबारी है। पुलिस के अनुसार, 17 अगस्त को इसी तरह के हमले में सात लोगों की जान चली गई थी।

*ये चड्डी छाप है नितिन गडकरी', जब बालासाहब बोले- इसके लिए गोमूत्र और गाय के गोबर से वाइन बनाओ, तब पिएगा*

## हम न बहुसंख्यक, न अल्पसंख्यक मानते हैं पूरा समाज अपना है : गडकरी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शाकाहारी हैं और दारू ,सिगरेट आदि का भी सेवन नहीं करते हैं। उन्होंने एक बार एक सभा में और उसके बाद अब एक साक्षात्कार में कहा है कि उनके साथ बैठकर लोग शराब पीएं व नॉन- वेज खाएँ तो भी उन्हें कोई आपत्ति नहीं।उनका कहना है कि बचपन में मां द्वारा दिए गए संस्कारों के कारण ही उन्होंने कभी नॉन-वेज व शराब का सेवन नहीं किया है। उन्होंने शिव सेना के संस्थापक व महाराष्ट्र के बड़े नेता व कार्टूनिस्ट तथा सामना अख़बार के संस्थापक संपादक रहे बालासाहेब ठाकरे से जुड़ी एक घटना साझा करते हुए बताया कि वह एक बार रात में बालासाहब से मुलाकात के लिए गए थे, तब वहां नासिक के सोला वाइन वाले चौगुले बैठे हुए थे। वो स्पेशल वाइन लेकर आए थे। बाला साहब ने ये वाइन ग्लास में डालकर सबको दी।नितिन गडकरी ने बताया, "उन्होंने कहा तुम लो तो मैंने कहा बालासाहब मैं नहीं पीता तो बोले क्यों, तो मैंने कहा कभी पिया नहीं है, मैं नींबू शरबत पिऊंगा। वो चौगुले से बोले- चौगुले, ये चड्डी छाप है नितिन गडकरी। इसके लिए गोबर और गोमूत्र से वाइन बनाओ, तब ये पिएगा।" मुस्लिम आबादी पर उन्होंने कहा कि भारतीयत्व ही हिंदुत्व है और हिंदुत्व ही राष्ट्रीयत्व है और सुप्रीम कोर्ट ने जो बताया है कि हिंदुत्व ही वे ऑफ लाइफ है, हमारे देश में जो मस्जिद में जाता है, बुद्ध विहार में जाता है, चर्च में जाता है, गुरुद्वारे में जाता है, मंदिर में जाता है उनकी उपासना पद्धति अलग है, पर सब भारतीय है। नितिन गडकरी ने कहा कि भारतीयत्व, राष्ट्रीयत्व का संबंध हिंदू संस्कृति, इतिहास और विरासत से है। हिंदू जातिवाचक और सांप्रदायिक शब्द नहीं है। हिंदुत्व जीवन पद्धति है और इसलिए हम ऐसे भारतीय समाज का निर्माण करना चाहते हैं जो भारतीय संस्कृति में हिंदू संस्कृति के इतिहास, संस्कृति और विरासत के आधार पर खड़ा हो और हर व्यक्ति को उसमें धार्मिक अधिकार है। ये सही में संघ की बात है।

उन्होंने कहा कि हम लोग बिना समझे, हिंदुत्व मीन्स मुस्लिमों के खिलाफ, अल्पसंख्यकों के खिलाफ। हम न बहुसंख्यक मानते हैं, न अल्पसंख्यक मानते हैं। हम मानते हैं कि ये पूरा समाज अपना है और जाति, पंथ, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर हम किसी को डिस्क्रिमिनेट नहीं करेंगे, किसी को अपमानित नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह सालों में हम कई योजनाएं लाएं, क्या हमने किसी भी योजना में लिखा क्या कि दलित और मुसलमान अप्लाई न करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का प्रसार बढ़ना चाहिए। मुस्लिम समाज को कांग्रेस के राज में क्या मिला? जब शिक्षा का प्रसार होगा, तब व्यक्ति में परिवर्तन होता है।



## 'मुझे मेरा भाई दो, फिर मैच खेलना' : सावन परमार

### ऑपरेशन सिंदूर अभी तक पूरा नहीं हुआ है तो भारत-पाकिस्तान मैच क्यों कराया जा रहा है'? : किरण परमार

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के पीड़ित परिवार वालों ने भारत व पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के लिए मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहने लगे हैं कि जब उन्हें यह खबर मिली तो परिवार बहुत परेशान हो गया। इस हमले में अपने पिता व भाई को खोने वाले सावन परमार ने इस मैच पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब बेकार सा लगने लगा है।उनका कहना है कि जब हमें पता चला कि भारत-पाकिस्तान मैच आयोजित किया जा रहा है, तो हम बहुत परेशान हो गए। पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह का संबंध नहीं रहना चाहिए। यदि आप मैच खेलना चाहते हैं, तो मेरे 16 साल के भाई को वापस ले आइए, जिसे इतनी गोलियां लगी थीं। ऑपरेशन सिंदूर अब बेकार लगता है। उनकी मां किरण यतीश परमार ने पीएम मोदी से सवाल किया कि यदि ऑपरेशन सिंदूर अभी तक पूरा नहीं हुआ है तो यह मैच क्यों कराया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पीड़ित परिवारों के घाव अभी तक भरे नहीं हैं। यह मैच नहीं होना चाहिए। मैं पीएम मोदी से पूछना चाहती हूं कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है तो फिर भारत बनाम पाकिस्तान मैच क्यों हो रहा है? मैं देश के हर व्यक्ति से कहना चाहती हूं कि वे उन परिवारों से मिलें जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में अपने प्रियजनों को खोया है और देखें कि वे कितने दुखी हैं। हमारे घाव अभी भरे नहीं हैं।" इससे पहले शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी ने भी भारत-पाकिस्तान मैच की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था, "बीसीसीआई को भारत और पाकिस्तान के बीच मैच स्वीकार नहीं करना चाहिए था। मुझे लगता है कि बीसीसीआई उन 26 परिवारों के प्रति भावुक नहीं है। हमारे क्रिकेटर क्या कर रहे हैं? क्रिकेटरों को राष्ट्रवादी कहा जाता है। इसे हमारा राष्ट्रीय खेल माना जाता है। 1-2 क्रिकेट खिलाड़ियों को छोड़कर, किसी ने आगे आकर यह नहीं कहा कि हमें पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करना चाहिए। बीसीसीआई उन्हें बंदूक की नोक पर खेलने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। उन्हें अपने देश के लिए खड़ा होना चाहिए। लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे हैं।

## सोनारिका भदौरिया के घर जल्द गूंजेगी किलकारियां



कहानी फिल्म जगत की

**2011** में सोनारिका ने साल "तुम देना साथ मेरा" शो से टेलीविजन पर शुरुआत की थी

'देवों के देव महादेव' शो में पार्वती किरदार से मशहूर हुईं एक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया और उनके पति विकास पाराशर ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के बीच गुड न्यूज शेयर की है। जल्द ही कपल के घर में गूंजेगी किलकारियां। एक्ट्रेस भी मातृत्व के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह खुशखबरी साझा की। तस्वीरों में एक्ट्रेस अपना क्यूट बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। फोटोज को देखकर ऐसा लग रहा है कि एक्ट्रेस अपनी प्रग्नेंसी की दूसरी तिमाही में हैं। तस्वीरों में सोनारिका वाइट लेस वाली आउटफिट पहने अपने पति के साथ समुद्र किनारे खूबसूरत दृश्य के सामने पोज़ देती नजर आ रही हैं।

### पति संग बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आईं एक्ट्रेस

सोनारिका और विकास अपनी खुशखबरी का इज़हार करते हुए हाथों में हाथ डाले और रोमांटिक पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि सोनारिका भदौरिया ने फरवरी 2024 में बिजनेसमैन विकास पाराशर से शादी की थी। यह बच्चा इस कपल का पहला बच्चा होगा। विकास और सोनारिका लंबे समय से एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे। इस कपल ने अपने करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में एक निजी शादी का फैसला किया था। वहीं शादी के बाद सोनारिका ने अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ब्रेक लिया और टीवी प्रोजेक्ट्स भी दूर रहीं।




# टीबी अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएंगे : डॉ इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला की समस्या मेरे संज्ञान में है, जल्द ही आरोग्यशाला में विजिट कर समस्याओं की जानकारी ली जाएगी और जमीनी स्तर से आरोग्यशाला का विकास किया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य सेवा के सभी संसाधन उपलब्ध कराने के बाद टीबी मरीजों की भर्ती का दायरा बढ़ाया जाएगा। वे रविवार को लोहरदगा में आयोजित मोमिन कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम से लौटने के क्रम में इटकी मोड़ स्थित रौनक रेस्टोरेंट में हिन्दुस्तान के पत्रकार से हुई वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कांके में विश्व स्तरीय अस्पताल बनाने जा रहे हैं, परंतु भाजपा वाले स्वास्थ्य सेवा में किए जा रहे विकास का विरोध करने में जुटे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि विकास कार्य का विरोध नहीं करें। कांके में विश्व स्तरीय अस्पताल के निर्माण से रिम्स के बोझ में कमी आएगी। वहीं रांची सहित राज्य के अन्य जिले के लोगों को एक उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि विरोध ही करना है तो आइए मिलकर झारखंड से अन्य राज्यों में भेजे जा रहे कोयला जैसी खनिज संपदा का विरोध करें और राज्य को समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में ले जाने का काम करें। मौके पर प्रदेश युवा कांग्रेस को-ऑर्डिनेटर अरीफ रजा आदि मौजूद थे।

### बच्ची के घायल होने के मामले में चालक के विरुद्ध केस दर्ज

रांची। हरमू विद्यानगर के करम चौक के पास तेज रफ्तार कार से बच्ची शालिनी कुमारी को धक्का लगने से घायल होने के मामले में अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में कार चालक को आरोपी बनाया गया है। बता दें कि शनिवार की दोपहर तेज रफ्तार कार ने शालिनी कुमारी को धक्का मार दिया, जिससे शालिनी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल बच्ची को सेवा सदन ले जाया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए बच्ची को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने करम चौक को जाम कर हंगामा किया।

### कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने किया हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

# साझा कर्तव्य है हिंदी को समृद्धि तक ले जाने का अभियान : प्रवीण टोप्पो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड ने रविवार को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता, संस्कृति और संवाद की सशक्त भाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी ने प्रशासनिक कार्यों को सरल और जनसामान्य तक सुगम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हिंदी भाषा को और अधिक सरल, सहज तथा समृद्ध बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। प्रवीण टोप्पो ने कहा कि दैनिक जीवन, प्रशासनिक कार्यों तथा तकनीकी क्षेत्रों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देकर इसे और व्यापक बनाया जा सकता है। उन्होंने रेखांकित किया कि मातृभाषा के रूप में हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक सशक्त रूप से पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हमारे विभाग की ओर से भारत सरकार के साथ होने वाला पत्राचार भी हिंदी में ही किया जाता है। इससे हिंदी का प्रयोग न केवल राज्य स्तर पर, बल्कि केंद्र स्तर पर भी और सशक्त रूप से स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदी को सरलता, सहजता और समृद्धि की ओर ले जाने का अभियान हम सबका साझा कर्तव्य है।

कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि झारखंड सरकार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और इसके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के जरिए हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। हिंदी भाषा को तकनीकी और डिजिटल युग के अनुरूप बनाना हमारी प्राथमिकता है। समारोह में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी हिंदी को तकनीकी युग के अनुरूप बनाने, बिजनेस, मैनेजमेंट, मेडिकल, इंजीनियरिंग, ई-गवर्नेंस और डिजिटल प्लेटफार्मों पर इसके अधिकाधिक प्रयोग तथा विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा तक हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। इस अवसर पर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं लघु कथा प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सचिव, कार्मिक विभाग प्रवीण टोप्पो, विशेष सचिव, कार्मिक विभाग ओम प्रकाश साह, कवयित्री, लेखिका एवं शोधकर्ता डॉ पार्वती तिर्की, पूर्व अध्यक्ष, रांची विश्वविद्यालय, डॉ हीरानंद प्रसाद एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।






● हिंदी को डिजिटल युग के अनुरूप बनाना प्राथमिकता है
● हिंदी के प्रचार-प्रसार में अग्रसर है झारखंड सरकार

### हिंदी हमारी सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर : डॉ पार्वती

**साहित्य** अकादमी युवा पुरस्कार से सम्मानित लेखिका एवं राम लखन सिंह यादव कॉलेज रांची के हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ पार्वती तिर्की ने कहा कि हिंदी भाषा की गहराई तक जाना आवश्यक है। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक व साहित्यिक धरोहर भी है। इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

**निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता**

- प्रथम पुरस्कार : जितेंद्र कुमार मुंडा, ग्राम - बारिसालडीह, पोस्ट एवं थाना - सोनाहातू, रांची।
- द्वितीय पुरस्कार : हर्षिता कुमारी, ग्राम चौली, पोस्ट - खोरा, जिला- गुमला।
- तृतीय पुरस्कार : प्रिया कुमारी, ग्राम - सोसोकलां, गोला, जिला - रामगढ़।

**लघु कथा प्रतियोगिता के विजेता**

- प्रथम पुरस्कार : युवराज शांतनु, क्वार्टर नंबर आरके वन 196, रोहड़ाबांध, सिंदरी, धनबाद।
- द्वितीय पुरस्कार : राहुल कुमार, महतोटोली, कर्रा।
- तृतीय पुरस्कार : अनुराधा कुमारी, कक्षा दशम, स्कूल - आशुतोष बालिका उच्च विद्यालय, रोहिणी, देवघर।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कसा तंज, पूछा

# पीएम को कैसे याद आ गया मणिपुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पीएम नरेंद्र मोदी के मणिपुर दौरे को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तीखा प्रहार किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 29 महीने यानी 870 दिनों तक मणिपुर, हिंसा की आग में जलता रहा, इस दौरान 960 मौतें हुई, हजारों की संख्या में लोगों के घर जले, कुकी और मतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़पों में कई जिंदगियां तबाह हुई लेकिन इन 29 महीनों में, 44 देशों की 1 लाख 70 हजार किलोमीटर की यात्रा करने वाले पीएम मोदी को दिल्ली से इम्फाल तक 1700 किलोमीटर की दूरी तय करने में 870 दिन कैसे लग गए?



● प्रधानमंत्री देश के लिए नहीं मित्रों के लिए पी रहे हैं जहर

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि प्रधानमंत्री करीब, दो साल बाद हिंसा ग्रस्त मणिपुर दौरे पर गए, जहां कुकी और मतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प चल रही है। झामुमो नेता ने कहा कि दिल्ली से मणिपुर की 1700 किलोमीटर की दूरी तय करने में उन्हें 870 दिन कैसे लग गए? वो भी तब, जब 10,000 से ज्यादा दो समुदाय के लोग हिंसा में जल गए।

जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता ने बताया कि अचानक हम लोगों को भी आश्चर्य हो रहा है कि आखिर प्रधानमंत्री को कैसे मणिपुर की याद आ गई?, जब छानबीन किया गया तो पता चला कि बिहार के बाद मणिपुर में भी चुनाव है, इसलिए प्रधानमंत्री जी को मणिपुर की याद आ गई। चुनाव है वोट लेना है नार्थ ईस्ट स्टेट का इसीलिए प्रधानमंत्री वहां के लोगों के लिए घोषणा पर घोषणा किए जा रहे हैं।

झामुमो नेता ने कहा कि 870 दिनों तक मणिपुर जलता रहा और प्रधानमंत्री और उनके मंत्री विदेशों के दौरे में व्यस्त रहे। मणिपुर झांकने तक नहीं गए और अब जब चुनाव नजदीक आ रहे हैं तब झूठी सहुनुभूति और उसी के आधार पर वोट लेने के लिए पीएम अब मणिपुर गए हैं।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि मणिपुर जातीय हिंसा के लिए बीजेपी की समाज को तोड़ने वाली राजनीति ही मुख्य वजह है। बीजेपी के कई विधायक और मंत्री मणिपुर को बांटने की बात करते हैं क्योंकि इनकी पूरी राजनीति ही समाज को तोड़ने और बांटने की रही है। हमारा प्रदेश झारखंड भी आदिवासी बहुल प्रदेश है लेकिन यहां के मुख्यमंत्री सभी समुदाय को एक साथ लेकर राज्य का विकास कर रहे हैं।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि यहां भी बीजेपी ने समाज को तोड़ने की कई कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हो सके। साथ ही उन्होंने संवाददाता सम्मेलन के दौरान एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच हो रहे मैच को लेकर तंज भी कसा। जेएमएम नेता ने पीएम मोदी के असम में दिए उस बयान का जिक्र किया जिसमें पीएम मोदी ने कहा था कि "वह शिवभक्त हैं और जहर पी रहे हैं" झामुमो नेता ने कहा कि पीएम देश के लिए नहीं अपने मित्रों के लिए जहर पी रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा की कोशिश को किया नाकाम : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से भारत निर्वाचन आयोग को आधार कार्ड की मान्यता को लेकर दिए गए आदेश के बाद से भाजपा पूरी तरह से बौखला गई है। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा की कोशिश को पूरी तरह से नाकाम कर दिया है। जिस तरह से बिहार में बड़ी संख्या में मतदाताओं का नाम किसी वैध प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करने के कारण हटाने की कोशिश की जा रही थी, उन सभी को अब बड़ी राहत मिली है। हर गरीब तबके के लोगों के पास आधार कार्ड उपलब्ध है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि जिस तरह से निशिकांत दूबे आधार कार्ड की मान्यता को लेकर खिल्ली उड़ा रहे हैं तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि यदि आधार कार्ड में इतनी कमियां हैं तो भाजपा की केंद्र सरकार इसे हर जगह लिंक क्यों करवा रही है। बैंक के साथ, पैन के साथ, ड्राइविंग लाइसेंस के साथ और पासपोर्ट के साथ लिंक क्यों करवाया जा रहा है।

# फर्जी डॉक्टरों से सावधान, गलत इलाज से बिगड़ रही स्किन मरीजों की हालत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट, वेनेरियोलॉजिस्ट्स एंड लेप्रोलॉजिस्ट्स (आईएडीवीएल) ने रविवार को प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम लोगों को चेताया। विशेषज्ञों ने कहा कि फर्जी डॉक्टरों के झांसे में आना खतरनाक है। केवल मान्यता प्राप्त डर्मेटोलॉजिस्ट से ही इलाज कराएं। स्किन विशेषज्ञ डॉ नेहा रानी ने कहा कि आजकल कोई भी ब्यूटी पार्लर या साधारण क्लीनिक चलाने वाला खुद को कॉस्मेटोलॉजिस्ट बताता है। जबकि सच यह है कि कॉस्मेटोलॉजी कोई मेडिकल स्पेशलाइजेशन है ही नहीं। सरकार ने इसकी न्यूनतम योग्यता सिर्फ 10वीं पास रखी है।

डॉ नेहा ने चेताया कि लोग चेहरे और बालों का इलाज बिना जांचे-परखे फर्जी डॉक्टरों को सौंप देते हैं। नतीजतन स्किन खराब, संक्रमण और कई बार जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने उदाहरण दिया कि कानपुर में गलत इलाज से दो लोगों की मौत हो चुकी है।

डॉ. कुमार प्रतीक ने कहा कि मुंहासे, झाइयां और बाल झड़ने का सस्ता इलाज बताकर फर्जी डॉक्टर इंजेक्शन, लेजर और केमिकल पील जैसी प्रक्रियाएं कर देते हैं। उनके पास न ट्रेनिंग होते हैं ना ही मेडिकल ज्ञान। ऐसे में मरीजों की हालत और बिगड़ जाती है। उन्होंने बताया कि जब मरीज असली विशेषज्ञ के पास पहुंचते हैं, तब तक स्थिति बिगड़ चुकी होती है। इस कारण इलाज लंबा, महंगा और कठिन हो जाता है।

आईएडीवीएल स्टेट सेक्रेटरी डॉ राजू कुमार और डॉ अम्लान सोम ने कहा कि किसी भी डॉक्टर से इलाज कराने से पहले उनकी मेडिकल डिग्री और मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन की जांच करें। जो खुद को कॉस्मेटोलॉजिस्ट कहे, समझ लें वह असली डॉक्टर नहीं है।

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों से अपील किया कि स्किन और हेयर ट्रीटमेंट सिर्फ एमबीबीएस और एमडी (डर्मेटोलॉजी) डिग्रीधारी विशेषज्ञों से ही कराएं। यही लोग सही और सुरक्षित इलाज दे सकते हैं।

# किसी भी छात्र का वर्ष बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने जस्टिस एलपीएन शाहदेव प्लस 2 विद्यालय रोल, चंदवा के छात्रों को आश्वासन दिया है कि किसी भी एक छात्र का 1 वर्ष बर्बाद नहीं होने देंगे। ज्ञातव्य है कि प्रखंड के रोल गांव स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के 11वीं कक्षा में अध्यनरत 130 विद्यार्थियों का रिजल्ट तकनीकी कारणों से इनवेलिड कर दिया गया। अब वह 12वीं का फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। इस मामले पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने संज्ञान लिया है। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर मामले पर संज्ञान लेने की बात कही है। ट्वीट में कहा है कि मेरे पिताजी एवं झारखंड मूल के उच्च न्यायालय के प्रथम न्यायाधीश सह झारखंड आंदोलनकारी जस्टिस एलपीएन शाहदेव के नाम पर चंदवा प्रखंड के सुदूर रोल गांव में प्लस टू उच्च विद्यालय संचालित है। यहां अध्यनरत 11वीं के 130 बच्चों का रिजल्ट भाषा चयन के दौरान गलती होने से इनवैलिड हो गया है। बच्चों और अभिभावकों को पूरा वर्ष खराब होने का खतरा सता रहा है। यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है। ऐसे में मुख्यमंत्री जी से इस मामले पर संज्ञान लेकर जैक से कार्रवाई का आग्रह किया है।

**प्रतुल ने जैक के अध्यक्ष व सचिव से की बातचीत**

श्री शाहदेव ने कहा कि किसी भी कीमत पर एक भी बच्चों का वर्ष बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा। उक्त विद्यालय मेरे पिताजी के स्मृति में संचालित है। चाहे कोई भी दरवाजा खटखटाना पड़े, बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया कि इस मामले पर जैक के अध्यक्ष नटवा हांसदा एवं सचिव जयंत मिश्रा से उनकी आज ही सकारात्मक बातचीत हुई है। अधिकारीद्वय ने कहा कि सोमवार को इस मामले पर रिव्यू बैठक की जाएगी। मामले का निष्पादन किया जाएगा। एक भी बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा। साइट में जो भी कमी है उसे दूर करने का भी प्रयास होगा। प्रदेश प्रवक्ता श्री शाहदेव के इस प्रयास के बाद 130 बच्चे एवं उनके अभिभावको को थोड़ा सुकून मिला है।

### आयुक्त कार्यालय सभागार में कवि गोष्ठी का आयोजन, बोले अंजनी मिश्र

# हिंदी को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हिंदी दिवस पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त कार्यालय सभागार में रविवार को प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय की ओर से कवि गोष्ठी का आयोजन आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, आयुक्त के सचिव अलोक कुमारएवं उप निदेशक राजभाषा संजीव कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत दीप प्रज्वलित कर एवं अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया।




● कवियों एवं साहित्यकारों ने आयुक्त को शॉल देकर किया सम्मानित

मौके पर आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने सभी को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जैसे हमव्हाट्सएप, फेसबुक एवं फोन के माध्यम से अन्य त्योहारों की बधाई देते हैं, उसी प्रकार हिंदी दिवस की भी बधाई देनी चाहिए और इसे मनाना चाहिए। हिंदी भारत की सबसे प्राचीन भाषा में एक है। भारत में बोली जाने वाली कई भाषाओं का समागम है हिंदी, जो पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधे हुए है। हिंदी को मैनेजमेंट एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में और काम करने की आवश्यकता है। हिंदी को रोजगार से जोड़ने का कार्य करना चाहिए। भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी है, जो संचार का सबसे अच्छा माध्यम है। हिंदी दिवस को मनाने के पीछे एकमात्र उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को जोड़ना और भाषाई गरिमा एवं उसके महत्व को सम्मानित करना है।

उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया ने अपने कविता के माध्यम से भाषा की विशेषता एवं संचार के लिए इसकी आवश्यकता को बताया। हिंदी भाषा के संवर्द्धन, विकास, समृद्धि की जिम्मेदारी हम सबों पर है। हिंदी भाषा हमारी संस्कृति, साहित्य और भावनाओं को प्रकट करती है। भारत देश में कई भाषाओं का संगम है। लेकिन, हिंदी जानने और बोलने वाले लगभग हर जगह मिल जाते है। उन्होंने हिंदी को देश की एकता और विविधता का प्रतीक बताया। अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने कहा कि हिंदी एक भाषा नहीं है, बल्कि यह एक माध्यम है जो लोगों को जोड़ने का भी काम करती है। सरकारी कार्यालयों में दूर-दूर से लोग अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं, जिससे उनकी ही भाषा में समस्याओं का समाधान करना हमारा प्रथम दायित्व है। कार्यालयों, परिवार एवं दिनचर्या में हिंदी भाषा का प्रयोग करें, ताकि हिंदी भाषा को बढ़ावा मिले एवं संचार का माध्यम बने।

इस अवसर पर उप निदेशक राजभाषा संजीव कुमार ने स्वागत संबोधन किया एवं आयुक्त के सचिव अलोक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के अंत में कवियों द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र को शॉल देकर सम्मानित किया गया और कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा के महत्व पर कवियों ने कई कविताएं प्रस्तुत की। कवि गोष्ठी में मुख्य रूप से डॉ जंगबहादुर पांडेय, डॉ सुरिन्दर कौर 'नीलम', नसीर अफसर, डॉ राजश्री जयंती, नरेश कुमार बंका, शालिनी नायक, सदानंद सिंह यादव, सूरज श्रीवास्तव, डॉ रजनी शर्मा, ममता मनीष सिन्हा एवं डॉ अंजेस शामिल हुए।

# झारखंड आधी आबादी को हक देने में आगे : कल्पना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आंध्र प्रदेश के पावन तीर्थ तिरुपति में आयोजित दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय संसदीय और विधायी समितियों के महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में झारखंड ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की। राज्य की ओर से गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने प्रतिनिधित्व किया। इस सम्मेलन में देश भर से आए गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कल्पना सोरेन ने सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संवेदनशील नेतृत्व में आधी आबादी को उनके हक-अधिकार, सशक्तिकरण और सम्मान देने का कार्य तेजी से हो रहा है।



उन्होंने कहा कि झारखंड की महिलाएं हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक और प्रभावी परिवर्तनों की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि देश की समस्त महिलाएं सशक्त हो सकें। उन्होंने आदिवासी समाज के दर्शन को उद्धृत करते हुए कहा कि पेड़ अपने तने से नहीं, बल्कि जड़ों से मजबूत होता है। उन्होंने महिलाओं को भारत की जड़ें बताते हुए जोर दिया कि शिक्षा, सम्मानपूर्ण जीवन, आर्थिक स्वतंत्रता और अवसरों के माध्यम से यदि आधी आबादी को पोषित किया जाए तो भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरेगा। सम्मेलन में महिला सशक्तीकरण के लिए नीतिगत और सामाजिक बदलावों पर विचार-विमर्श हुआ। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद महुमा मांझी भी मौजूद रही।

# कुड़मियों के एसटी सूची में शामिल करने का विरोध




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कुड़मियों-कुरमियों को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग पर रविवार को रांची में आदिवासी संगठनों ने जोरदार ढंग से विरोध दर्ज कराया। विरोध स्वरूप मोरहाबादी मैदान से हरमू बाइपास-अरगोड़ा चौक-बिरसा चौक और हिनू होते हुए मेन रोड-अलबर्ट एक्का चौक तक मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। आयोजन आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा ने किया, जबकि अगुवाई केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने की। उन्होंने कहा कि कुरमी समुदाय फर्जी तरीके से आदिवासी बनकर आरक्षण पर कब्जा करना चाहता है। कुरमी समुदाय मुख्यधारा के हिंदू रीति-रिवाज को अपनाता है। किसी भी हालत में कुरमियों को आदिवासी बनने नहीं देंगे।

यदि कुरमी समाज रेल रोककर दबाव बनाता है तो आदिवासी समाज हवाई जहाज रोककर अपना विरोध दर्ज कराएंगा। आदिवासी क्षेत्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि कुरमी समाज जबरन आदिवासी बनने की साजिश कर रहा है। अलबिन लकड़ा ने कहा कि आदिवासी जन्म से आदिवासी होता है, किसी को जबरन बनाने से आदिवासी नहीं हो सकता। राहुल उरांव ने कहा कि कुड़मियों का सामाजिक-सांस्कृतिक-धार्मिक ढांचा मुंडा, संताल, उरांव जैसे आदिवासियों से अलग है। कुरमियों की मांग को टीआरआई ने भी नकार दिया है। प्रवीण कच्छप ने कहा कि आदिवासियों को एकजुट होकर कुरमियों का विरोध करना चाहिए।

### उपलक्ष्य — नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम होगा, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा

# स्वदेशी अपनाओ अभियान से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति का नागरिक बैठक के संग अभिनंदन स्वागत कार्यक्रम किया गया। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ अभियान से हमारे देश के अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही घर-घर रोजगार मिलेगा लघु उद्योगों को बढ़ावा सहित हर हाथ को रोजगार प्राप्त होगा। रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने बताया कि नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रांची लोकसभा क्षेत्र में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके तहत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर सांसद के आवास पर सुबह 9:00 बजे हवन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इस उपलक्ष पर ऑपरेशन सिंदूर के चित्र प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के द्वारा, 75 सफाई कर्मी, 75 पैरामेडिकल स्टॉफ, 75 नर्स का भी सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर जनहित का ध्यान रखते हुए रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा। रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में सोलर लाइट का उद्घाटन भी होगा साथ ही प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की दिशा में 25000 जुट बैक का वितरण , 25000 छाते का वितरण एवं 50000 परिवार के बीच सुरक्षा लॉग बुक के वितरण का शुभारंभ होगा। 21 सितंबर को फिट इंडिया साइक्लोथोन का सुबह सुबह 7:00 बजे मोरहाबादी से प्रारंभ होगा। 1000 से भी अधिक लोग साइकिल के संग कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। संजय सेठ ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत को बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने का आहवान अपने परिवार से आग्रह करे। भारत को देश की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए हमें स्वदेशी का आवाहन जोर जोर से करना है। मंच का संचालन समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने कहा कि समाज के द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम किया जाता है उन सभी सामाजिक संस्थाओं के सदस्य यहां उपस्थित हैं। काबरा ने उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी लोगो के बीच रखी। इस अवसर पर रांची विधायक सीपी सिंह ने सनातन धर्म को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में मारवाड़ी सहायक समिति, रांची गौशाला, माहेश्वरी सभा, मारवाड़ी युवा मंच, दिगंबर जैन पंचायत, श्री राम लला पूजा समिति, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, मारवाड़ी सेन समाज, हनुमान मंडल,श्री श्याम मित्र मंडल, नगरमल मोदी सेवा सदन, श्री कृष्ण प्रणामी सेवा ट्रस्ट समिति, चिन्मय आश्रम सहित कई सरसा ओके प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सीपी सिंह, अजय मारू, मुकेश काबरा, कुणाल अजमानी चंद्रकांत रायपत, रविंद्र मोदी, प्रमोद सारस्वत, निरंजन शर्मा, संजय पोद्दार, संजय जायसवाल, राजन तिवारी, विजय ओझा रतन अग्रवाल, मनीष लोधा, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# पाकिस्तान ने भारत को दिया 128 रनों का लक्ष्य, भारत का स्कोर 42/2




**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में 128 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने पहला विकेट गंवा दिया है। शुभमन गिल 7 बॉल पर 10 रन बनाकर सईम अयूब की गेंद पर स्टंप आउट हुए। 4 ओवर के बाद भारत का स्कोर 42/2 है। कप्तान सूर्य कुमार यादव और तिलक वर्मा क्रीज पर हैं। शुभमन गिल 7 गेंद पर 10 और अभिषेक शर्मा 13 गेंद पर 31 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट सईम अयूब को मिले। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पाकिस्तानी टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए। साहिबजादा फरहान ने 40 और शाहीन शाह अफरीदी ने 33 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। सूर्या ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया टॉस के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने हाथ नहीं मिलाया। दोनों ने एक-दूसरे से नजरें भी नहीं मिलाई। इंटरनेशनल मैचों में टॉस के बाद दोनों कप्तानों के हाथ मिलाने की परंपरा रही है। समाचार लिखे जाने तक खेल जारी था।

**भारत:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती।पाकिस्तान: सईम अयूब, साहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), सलमान आगा (कप्तान), फखर जमान, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, अबरार अहमद और सुफियान मुकीम।

## भारत की जैसमीन लम्बोरिया विश्व चैम्पियन बनी

**एजेंसी। लिवरपूल**

भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया ने अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया जब वह विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता पोलैंड की जूलिया जेरेमेटा को हराकर फीदरवेट वर्ग में चैम्पियन बन गई।

पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली जैसमीन ने 57 किलोवर्ग के फाइनल में शनिवार को देर रात 4-1 (30-27, 29-28, 30-27, 28-29, 29-28) से जीत दर्ज की। नुपूर शेरोन (80 प्लस किलो) और पूजा रानी (80 किलो) को गैर ओलंपिक भारवर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इस जीत के साथ जैसमीन विश्व चैम्पियन बनने वाली भारत की नौवीं मुक्केबाज बन गई।




इससे पहले 6 बार की चैम्पियन एम सी मेरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), दो बार की विजेता निकहत जरीन (2022 और 2023), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006), लेखा केसी (2006), नीतू गंघास (2023), लवलीना बोरगोहेन (2023) और स्वीटी बूरा (2023) यह खिताब जीत चुकी है।

तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 24 वर्षीय जैसमीन ने मुकाबले में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। शुरू में दोनों मुक्केबाज एक-दूसरे को परख रही थीं लेकिन रेफरी के उकसावे पर जेरेमेटा ने पहला वार किया। ओलंपिक फाइनल में लिन यू-टिंग से हारने वाली पोलैंड की यह मुक्केबाज तेज और सटीक थी और रक्षात्मक रणनीति का इस्तेमाल करते हुए तेजी से अंदर-बाहर हो रही थी। उन्होंने पहला राउंड 3-2 से जीत लिया। लेकिन दूसरे राउंड में भारतीय खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की।

## मैं भारत-पाकिस्तान मैच नहीं देखूंगा : मनोज तिवारी

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज मनोज तिवारी ने कहा है कि वह दुबई में होने जा रहे भारत-पाकिस्तान मैच का बहिष्कार करते हैं। ऐसा पहली बार होगा जब वे भारत-पाकिस्तान मैच नहीं देखेंगे। आईएएनएस से बात करते हुए मनोज तिवारी ने कहा, "भारत-पाकिस्तान मैच में, मैं किसी भी टीम का समर्थन नहीं करना चाहता हूं। मैं उन जवानों के परिवार का समर्थन करना चाहता हूं, जिन्होंने देश के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। आतंकी घटना में जिन निर्दोष लोगों की जान चली गई, उनका समर्थन करना चाहता हूं। यह पहला मौका है, जब मैं क्रिकेट को सपोर्ट नहीं कर रहा हूं। मैं एशिया कप का बहिष्कार कर रहा हूं।

## फाइनल में लक्ष्य सेन की हार, चीन के ली शिफेंग रहे विजेता

**हांगकांग।** हांगकांग ओपन का खिताब जीतने का लक्ष्य सेन का सपना टूट गया है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में लक्ष्य को चीन के ली शिफेंग से 21-15, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा। चीन ओपन ऐरा में पहला देश बन गया है, जिसने टूर्नामेंट के हर एक इवेंट में क्लीन स्वीप किया है। भारत को पुरुष युगल में भी हार का सामना करना पड़ा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार रविवार को ही खेले गए फाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रहे सेन ने 45 मिनट तक चले फाइनल की शानदार शुरुआत की।

### राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप

## पदक जीत कर लौटी झारखंड टीम का जोरदार स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केरल के कोच्चि में आयोजित राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2025 में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का मान बढ़ाया। टीम ने प्रतियोगिता में एक रजत पदक सहित कुल दो पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

आज टीम के रांची रेलवे स्टेशन पहुंचने पर झारखंड जिम्नास्टिक संघ के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों के परिजनों एवं खेल प्रेमियों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। पूरे स्टेशन पर "झारखंड जिम्नास्टिक जिंदाबाद" और "झारखंड के खिलाड़ी – देश का अभिमान" जैसे नारों से गूंज उठा। झारखंड जिम्नास्टिक संघ



के महासचिव निशिकांत पाठक ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा –"यह सफलता पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। हमारे खिलाड़ियों ने कठिन मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। आने वाले समय में हम और बेहतर तैयारी कर झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाने का प्रयास करेंगे।" संघ की उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा –"हमारी बेटियां और बेटे राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का परचम लहरा रहे हैं। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरणा देगी।" संघ के प्रशासनिक सचिव डॉ दीपक साहु ने कहा –"पदक विजेता खिलाड़ियों की मेहनत और कोचों का मार्गदर्शन सराहनीय है। संघ हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़ा है और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।"

### ब्यूटी क्वीन हरलीन देओल ने बल्ले से मचाया बवाल...

# कंगारुओं को ऐसा धोया कि जमा रंग, खूब बजाए चौके-छक्के

**एजेंसी। मुल्लांपुर**

भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे मैच में 7 विकेट पर 281 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए प्रतिका रावल (64 रन), स्मृति मांधना (58 रन) और हरलीन देओल (54 रन) ने अर्धशतक जड़े। उप कप्तान मंधाना और प्रतिका ने पहले विकेट के लिए 114 रन की भागीदारी निभाई। हालांकि इस मैच में हरलीन ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी का दिल जीत लिया।

**● वर्ल्ड कप से हासिल की फॉर्म**

हरलीन देओल की पारी की शानदार बात ये रही कि उन्होंने वर्ल्ड कप से ठीक पहले कमाल की फॉर्म हासिल कर ली है। ऐसे में घर में खेले जाने वाले इस बड़े टूर्नामेंट में हरलीन का प्रदर्शन नंबर 3 पर कारगर साबित हो सकता है। वे रुकने के साथ-साथ तेज तर्रार बल्लेबाजी भी लगातार अच्छी कर रहे हैं।




**हरलीन देओल की शानदार पारी**

*कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस प्रारूप में अपने 150वें मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। तभी प्रतिका रावल और स्मृति मांधना ने कमाल की शुरुआत दी। इसके बाद तीन नंबर पर हरलीन देओल बल्लेबाजी करने आईं और उन्होंने बवाल काट दिया। हरलीन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 57 गेंद पर 54 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के ठोके। अच्छी बात ये रही कि हरलीन ने इस पूरी पारी में एक वक्त भी रुककर खेलने क की कोशिश नहीं की और*

## अमन सहरावत वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए आयोग्य घोषित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है।



दरअसल, पहलवान और ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत ज्यादा वजन होने के कारण जगरेब में चल रही प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं। बता दें कि, पिछले साल अमन ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। 2023 में जारी यूडब्ल्यूडब्ल्यू नियमों के अनुसार, विश्व कप, यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए दो किग्रा तक ज्यादा वजन तक की मंजूरी है। हालांकि, वर्ल्ड चैंपियनशिप और ओलंपिक जैसे टूर्नामेंटों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। बता दें कि, पेरिस ओलंपिक2024 में विनेश फोगाट को उनके गोल्ड मेडल मुकाबले से पहले महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में ज्यादा वजन होने के कारण प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। तब विनेश फोगाट का वजन 50 किग्रा से कुछ ग्राम ज्यादा था। इस दिल तोड़ने वाली खबर से पूरा देश स्तब्ध था।

वहीं भारतीय दल के एक सूत्र ने जगरेब से पीटीआई को बताया कि, ये दुर्भाग्यपूर्ण और आश्चर्चजनक है कि अमन अपना वजन नियंत्रित नहीं रख सका। जब वह वजन मापने के लिए खड़ा हुआ तो उसका वजन 1700 ग्राम ज्यादा था। ये स्वीकार्य नहीं है। उसका वजन इतना ज्यादा कैसे हो गया ये हमारी समझ से परे है।



# टाटा कैपिटल ला रही है 17,000 करोड़ का आईपीओ

### आईएफसी की हिस्सेदारी बेचकर कमाएगा 13 गुना मुनाफा

**● टाटा कैपिटल को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शेयर बाजार में लिस्ट होने के लिए सितंबर तक का समय दिया था**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा कैपिटल जल्द ही 17,000 करोड़ रुपये (2 अरब डॉलर) का बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में है। इस आईपीओ के जरिए वर्ल्ड बैंक ग्रुप की निजी शाखा इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईएफसी) अपनी हिस्सेदारी बेचकर भारी मुनाफा कमाने जा रही है। आईएफसी इस पब्लिक ऑफर में टाटा कैपिटल की 3.58 करोड़ शेयर बेचेगी। यह हिस्सेदारी 2011 में टाटा कैपिटल की क्लीनटेक इकाई में किए गए निवेश का हिस्सा है। टाटा कैपिटल को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शेयर बाजार में लिस्ट होने के लिए सितंबर तक का समय दिया था। अब खबर है कि आरबीआई ने इसे बढ़ाकर अक्टूबर के पहले हफ्ते तक कर दिया है। कंपनी इस मौके का फायदा उठाकर जल्द ही अपना आईपीओ लॉन्च कर सकती है। अगर यह सफल रहा तो यह भारत के फाइनेंशियल सेक्टर का सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू होगा। टाटा कैपिटल के साथ मिलकर टाटा क्लीनटेक कैपिटल लिमिटेड शुरू किया था। उस समय भारत में सौर, पवन, बायोमास और छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स जैसे क्लीन एनर्जी सेक्टर को सब्सिडी पर निर्भर माना जाता था।

लेकिन टीसीसीएल ने पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में बड़ा नाम कमाया। कंपनी ने 500 से ज्यादा रिन्यूएबल प्रोजेक्ट्स को फंडिंग दी। इनमें सौर, पवन, पानी की सफाई और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025 तक टीसीसीएल का क्लीनटेक और इन्फ्रास्ट्रक्चर लोन बुक 18,000 करोड़ रुपये को पार कर गया। पिछले दो सालों में इसकी ग्रोथ 32% की सालाना दर से हुई। बाद

**13 गुना मुनाफे की उम्मीद**

IFC ने टाटा कैपिटल में 25 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से निवेश किया था। उस समय उसका कुल निवेश 179 करोड़ रुपये था। अब राइट्स इश्यू के आधार पर 343 रुपये प्रति शेयर की कीमत से उसकी हिस्सेदारी की वैल्यू 2,458 करोड़ रुपये हो गई है। यानी IFC को करीब 2,278 करोड़ रुपये का मुनाफा हो सकता है। यह 13 गुना रिटर्न है। जानकारों का कहना है कि आईपीओ की कीमत इससे भी ज्यादा हो सकती है, जिससे आईएफसी का मुनाफा और बढ़ सकता है।

**आईपीओ का प्लान और टाटा संस की हिस्सेदारी**

टाटा कैपिटल का आईपीओ 21 करोड़ नए शेयर और 26.58 करोड़ शेयरों की बिक्री ऑफर के जरिए होगा। एफटी में टाटा संस 23 करोड़ शेयर और आईएफसी 3.58 करोड़ शेयर बेचेगी।

## भारत में होगी अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग की 89वीं आम बैठक

**नई दिल्ली।** 100 से अधिक देश के 2,000 से अधिक वैश्विक विशेषज्ञ राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) की 89वीं आम बैठक में भाग लेंगे। यह जानकारी रविवार को उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा दी गई।

## बाजाज फाइनेंस की मार्केट कैप में सबसे ज्यादा बढ़त, आठ कंपनियों का कुल मूल्य 1.69 ट्रिलियन बढ़ा

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते देश के शेयर बाजार में तेजी का रुझान देखने को मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,193.94 अंक या 1.47% बढ़ा। इस दौरान टॉप-10 सबसे ज्यादा मूल्यवान कंपनियों में से आठ की मार्केट कैप में कुल 1,69,506.83 करोड़ की बढ़त हुई। सबसे ज्यादा लाभ बाजाज फाइनेंस ने उठाया, जिसकी मार्केट कैप 40,788.38 करोड़ बढ़कर 6,24,239.65 करोड़ हो गई। इन्फोसिस की मार्केट वैल्यू 33,736.83 करोड़ बढ़कर 6,33,773.30 करोड़ पहुंची। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की मार्केट कैप 30,970.83 करोड़ बढ़कर 11,33,926.72 करोड़ हुई, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैल्यू 27,741.57 करोड़ बढ़कर 18,87,509.28 करोड़ रही। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मार्केट कैप 15,092.06 करोड़ बढ़कर 7,59,956.75 करोड़ और आईसीआईसी बैंक की 10,644.91 करोड़ बढ़कर 10,12,362.33 करोड़ रही।

### अगले दो-तीन हफ्तों में एक दर्जन से ज्यादा कंपनियां लाएंगी आईपीओ जुटाएंगी 10,000 करोड़

भारतीय शेयर बाजार में एक बार फिर रौनक लौट रही है। अगले दो से तीन हफ्तों में एक दर्जन से ज्यादा कंपनियां अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों का टारगेट है करीब 10,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाना। मर्चेंट बैंकरों के मुताबिक, इन कंपनियों को बाजार नियामक एसईबआई (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) से पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। सरकार की जीएसटी 2.0 सुधार और भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दरों में कटौती जैसी मददगार नीतियां इन कंपनियों का हौसला बढ़ा रही हैं।

**● कई सेक्टरों की कंपनियां बाजार में**

इस बार आईपीओ लाने वाली कंपनियों में कई अलग-अलग सेक्टरों के नाम शामिल हैं। इनमें आईवैल्यू इन्फोसॉल्यूशंस, सात्विक ग्रीन एनर्जी, जिनकुशल इंडस्ट्रीज, अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स, पार्क मेडी वर्ल्ड, सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस, जैन रिसोर्स रिसाइक्लिंग, सिएल एचआर सर्विसेज, जीके एनर्जी, गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स और सेशासाई टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियां हैं।

## सरकार ने 12 प्रतिशत टैक्स स्लैब वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर कर घटाकर 5 प्रतिशत किया : वित्त मंत्री

**● "जब लोगों को लगा कि सरकार ज्यादा टैक्स लगा रही है तो प्रधानमंत्री मोदी ने टैक्स के बोझ को घटाने के लिए कदम उठाए**

**एजेंसी। चेन्नई**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि सरकार ने 12 प्रतिशत टैक्स स्लैब वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर कर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इससे लोगों पर कर का बोझ कम होगा। ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के ज्वाइंट कॉन्क्लेव में लोगों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा, "सरकार ने जीएसटी सुधार के तहत टैक्स स्लैब की संख्या को चार (5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) से घटाकर दो (5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत) कर दिया गया है।" वित्त मंत्री ने आगे कहा, "जब लोगों को लगा कि सरकार ज्यादा टैक्स लगा रही है तो प्रधानमंत्री मोदी ने टैक्स के बोझ को घटाने के लिए कदम उठाए। जीएसटी में कटौती का हमारे 140 करोड़ नागरिकों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। प्रधानमंत्री दिवाली से पहले देश को यह छूट देना चाहते थे, लेकिन हमें नवरात्रि से पहले ही इसकी घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह सभी भारतीयों की जीत है।" वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने 18 प्रतिशत टैक्स स्लैब वाली 90 प्रतिशत वस्तुओं पर कर को घटाकर 5 प्रतिशत या शून्य कर दिया है। इसके अतिरिक्त, वित्त मंत्री ने बताया कि 2017 में केवल 65 लाख लोग की जीएसटी का भुगतान कर रहे थे, लेकिन आज यह संख्या बढ़कर 1.5 करोड़ पर पहुंच गई है। साथ ही जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है, जो कि 2018 में 7.18 लाख करोड़ रुपए था।



## सोना बीते एक हफ्ते में 3,300 रुपए से अधिक हुआ महंगा, चांदी 1.28 लाख रुपए के पार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सोने और चांदी की कीमतों में बीते हफ्ते बड़ी तेजी देखने को मिली। इस कारण दोनों कीमती धातुओं की कीमत ऑल-टाइम हाई के करीब बनी हुई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,09,707 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 1,06,338 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 3,369 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 1,00,492 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 97,406 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 79,754 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 82,280 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 4,838 रुपए बढ़कर 1,28,008 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,23,170 रुपए प्रति किलो थी। सोने और चांदी में बढ़त की वजह वैश्विक अस्थिरता माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कई देशों पर टैरिफ लगाए जाने के कारण ग्लोबल स्तर पर अनिश्चितता में इजाफा हुआ है। वैश्विक अनिश्चितता के समय सुरक्षित माने जाने के कारण दुनिया भर में सोने और चांदी की मांग बढ़ जाती है और मांग के मुकाबले सीमित आपूर्ति के कारण इनकी कीमतों में इजाफा होता है। एलकेपी कमोडिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि सोने की कीमतों में तेजी जारी रही।